www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार... राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु



नई दिल्ली, गुरुवार, 15 फरवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक -311 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए

सरकार किसानो को नहीं दे रही एमएसपी : अखिलेश 02

■ परिवहन व्यवस्था होगी सुदृढ़ : केजरीवाल
■ इस्कॉन द्वारका में भगवान पहनेंगे डिजाइनर परिधान 03

■ पाकिस्तान में शाहबाज शरीफ प्रधानमंत्री पद के...
■ जरदारी दोबारा बन सकते हैं पाकिस्तान के राष्ट्रपति 07

जान्हवी ने इंस्टाग्राम पर बहन खुशी से लड़ाई ... 10

**किसान आंदोलन का दूसरा दिन**



# शंभू सीमा पर डटे किसान बरसे आंसू गैस के गोले

## पुलिस ने सीमा को कान्क्रीट स्लैब, कीलों और बैरिकेड की मदद से सील किया

**चंडीगढ़,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और अन्य मांगों को लेकर किसान संगठनों के 'दिल्ली कूच' आंदोलन के दूसरे दिन भी पंजाब-हरियाणा सीमा शंभू बैरियर पर किसान डटे रहे और पुलिस की तरफ से आंसू गैस का प्रयोग जारी रहा।

मंगलवार देर शाम किसानों ने 'सीजफायर' के साथ सुबह फिर दिल्ली कूच की घोषणा की थी। आज प्रदर्शनकारियों ने हरियाणा पुलिस की ड्रोन से आंसू गैस गोले गिराने की काट पतंग उड़ाकर, गीले कपड़ों, मुंह ढंकने से लेकर आंसू गैस का गोला गिरते ही उसे बोरे अथवा कंबल की मदद से निरस्त करने के उपाय किए।

- 100 से ज्यादा किसानों के घायल होने का दावा
- हरियाणा के 15 जिलों में धारा-144 लगाई गई
- 64 कंपनियां पैरामिलिट्री फोर्स की हुई तैनाती

पुलिस ने सीमा को कान्क्रीट स्लैब, कीलों और बैरिकेड की मदद से सील किया हुआ है। कल किसानों के बैरिकेड तोड़े जाने के प्रयासों के बाद पुलिस ने अश्रु गैस, वाटर कैनन, रबड़ की गोलियों आदि का इस्तेमाल किया था।

**3-4 किसानों को गंभीर चोटें आईं**

टकराव में प्रदर्शनकारियों ने 100 से ज्यादा किसानों के घायल होने का दावा किया, जिनमें से उनके अनुसार 3-4 को गंभीर चोटें आई हैं। दूसरी तरफ पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि प्रदर्शनकारियों के पथराव में 24 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। हरियाणा पुलिस ने बुधवार स्पष्ट किया कि किसान संगठनों द्वारा दिल्ली कूच के आवाहन के कारण प्रदेश के 15 जिलों में धारा-144 लगाई गई है और 64 कंपनियां पैरामिलिट्री फोर्स तथा 50 कंपनियां पुलिस की तैनात की गई हैं। पुलिस महानिदेशक ने लोगों से कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। इसके अलावा यातायात ऐडवायजरी को दोहराया गया कि चंडीगढ़ से दिल्ली जाने वाले यात्री पंचकूला, बरवाला, दो सडका, बराड़ा, बबैन, लाडवा, पिपली, कुरूक्षेत्र के रास्ते अथवा पंचकूला, बरवाला, यमुनानगर(एनएच-344), लाडवा, इंद्री, करनाल होते हुए दिल्ली पहुंचे।



यह पहली बार है कि अर्धसैनिक बलों का इस्तेमाल किसानों के खिलाफ किया जा रहा है। वह आंसू गैस के गोले दाग रहे हैं। सरकार या तो हमारी मांगे माने या फिर हमें विरोध प्रदर्शन करने दे : सरवन सिंह पंढेर, किसान नेता



मोदी ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य देने का वादा पूरा नहीं किया। उन्हें विदेशी एजेंट और आतंकवादी कहा है, इसलिए प्रधानमंत्री मोदी को किसानों से माफी मांगनी चाहिए : पवन खेड़ा, कांग्रेस प्रवक्ता



सरकार किसान संगठनों के साथ बातचीत के लिए तैयार है और सरकार की कोशिश जारी रहेगी। संगठनों को इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि आम जनजीवन बाधित ना हो: अर्जुन मुंडा, कृषि मंत्री

### आज फिर किसानों व केंद्रीय मंत्रियों की होगी बैठक

पंजाब किसान मजदूर संघर्ष समिति के महासचिव सरवन सिंह पंढेर ने जानकारी दी है कि गुरुवार शाम पांच बजे किसान नेताओं की केंद्रीय मंत्रियों के साथ बैठक होगी। उन्होंने कहा कि इस बैठक में जो प्रस्ताव पेश किया जाएगा उसके बाद किसान नेता आगे के आंदोलन को लेकर फैसला लेंगे। बुधवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा सहित कुछ वरिष्ठ केंद्रीय मंत्रियों ने किसानों के विरोध प्रदर्शन और इससे संबंधित मुद्दों को हल करने के तरीकों पर बातचीत की। ये बैठक राजनाथ सिंह के घर पर हुई।

## अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन

**अबू धाबी,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वसंत पंचमी के दिन बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में नवनिर्मित पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया। इस मंदिर को बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बाप्स) ने बनाया है। राजस्थान के गुलाबी बलुआ पत्थरों से निर्मित इस मंदिर के निर्माण पर 700 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। यह मंदिर 27 एकड़ में बना है और इसकी ऊंचाई 108 फुट की है। बेजोड़ वास्तुशिल्प और भव्यता के कारण यह मंदिर पूरी दुनिया का ध्यान अपनी आकार्षित कर रहा हैं। श्री मोदी ने इस मंदिर में पूजा-अर्चना की और आरती में भी भाग लिया। खाड़ी देशों के पहले इस हिंदू मंदिर के सात शिखर हैं, जो सात अमीरातों का प्रतिनिधित्व करते हैं। गौरतलब है कि हिंदू मंदिरों में पशु और पंक्षियों की नक्काशी नहीं की जाती है, लेकिन इस मंदिर की दीवारों के पत्थरों पर खाड़ी देश के लिहाज से ऊंटों और राष्ट्रीय पक्षी बाज की भी नक्काशी की गयी है। अबू धाबी शेख जायेद राजमार्ग पर अल रहबा के पास यह हिंदू मंदिर करीब 27 एकड़ जमीन पर बना है। इस मंदिर को बनाने में 700 करोड़ रुपए की लागत लगी है। इसकी ऊंचाई 108 फुट है। इस मंदिर भगवान शिव और उनके परिवार से जुड़े सदस्यों, राधा कृष्ण, सीता-राम की मूर्तियों के साथ भगवान जगन्नाथ और तिरुपति बालाजी की भी मूर्ति स्थापित की गई हैं। श्री मोदी मंदिर के गर्भगृह में पूजा-अर्चना करने के बाद इस मंदिर की हर मंजिल पर गए और इस मंदिर से जुड़ी हर पहलुओं की जानकारी लीं।

**प्रधानमंत्री मोदी ने किया उद्घाटन, 700 करोड़ हुए खर्च**

**सार संक्षेप**

### हल्द्वानी मामले में हाईकोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा




**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने हल्द्वानी के बनभूलपुरा के कथित मलिक के बगीचे से अतिक्रमण हटाए जाने के मामले में सुनवाई करते हुए बुधवार को सरकार से 10 मई तक जवाब पेश करने को कहा है। मामले को मलिक के बगीचे निवासी साफिया मलिक की ओर से चुनौती देते हुए कहा गया कि सरकार की ओर से अतिक्रमण हटाने के लिए जो कार्रवाई की गई वह गलत है। सरकार की ओर से सार्वजनिक परिसर बेदखली अधिनियम (पीपीपी) के तहत कार्यवाही नहीं की गई।

### साक्षी मलिक ने फिर दी आंदोलन की चेतावनी



**नई दिल्ली।** किसानों ने अपनी मांगों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला हुआ है। इस बीच ओलंपिक पदक विजेता महिला पहलवान साक्षी मलिक ने केंद्र सरकार को दोबारा आंदोलन शुरु करने की धमकी दी है। उन्होंने एक वीडियो मैसेज कहा है कि सरकार जल्द से जल्द बृजभूषण शरण सिंह और उनके गुर्गो पर कार्रवाई करें नहीं तो पहलवान फिर से अपना आंदोलन शुरु कर देंगे।

### भारत में कोविड के 120 नए मामले आए सामने



**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोविड-19 के 120 नए मामले सामने आए हैं, जबकि संक्रमित मरीजों की संख्या 846 हो गई है।मंत्रालय द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, 24 घंटे की अवधि में वायरस से दिल्ली में एक मरीज की मौत का मामला सामने आया है।

## 43 साल बाद आया बेहमई कांड का फैसला

**कानपुर देहात,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में कानपुर देहात की एक अदालत ने बुधवार को 43 साल पुराने बहुचर्चित बेहमई कांड मामले में जीवित बचे दो आरोपियों में एक को उम्रकैद की सजा सुनाई है, जबकि दूसरे को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया।

कानपुर देहात जिले की एंटी डकैती अदालत बेहमई कांड के आरोपी श्याम बाबू को आरोपी मानते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई है तो वही विश्वनाथ को कोर्ट ने बरी कर दिया है। गौरतलब है कि कानपुर देहात जिले में 14 फरवरी 1981 को बेहमई गांव में दस्यु सुंदरी फूलन देवी ने लाइन से खड़ा करके 20 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस जघन्य हत्याकांड की रिपोर्ट राजाराम नामक शख्स ने लिखाई थी।



- एक को सुनाई उम्रकैद की सजा, दूसरा बरी
- फूलन देवी ने 20 लोगों की हत्या कर दी थी

**अधिकांश डकैतों के मौत हो चुकी है**

मुकदमे में नामजद फूलन देवी और मुस्तकीम समेत अधिकांश डकैतों के साथ ही 28 गवाहों की मौत हो चुकी है वहीं वादी राजाराम हर तारीख पर न्याय पाने की आस में हर तारीख पर आते थे और सुनवाई के लिए जिला न्यायालय पहुंचते थे लेकिन न्याय की आस लिए वादी राजाराम की मौत हो चुकी है। कोर्ट ने श्याम बाबू को दोषी माना है और विश्वनाथ को दोष मुक्त किया है।

## सोनिया ने राज्यसभा के लिए राजस्थान से भरा पर्चा

### कांग्रेस ने सोनिया गांधी समेत 10 राज्यसभा उम्मीदवारों की घोषणा की

**नई दिल्ली,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस ने राज्यसभा के लिए कैंडिडेट की लिस्ट जारी की है जिसमें सोनिया गांधी को राजस्थान से राज्यसभा चुनान का उम्मीदवार बनाया गया है। सोनिया गांधी ने बुधवार को अपना नामांकन भी दाखिल कर दिया। सोनिया की कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष हैं। नामांकन भरते समय उनके साथ राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, अशोक गहलोत और गोविंद सिंह डोटासरा मौजूद थे।

कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव के लिए बुधवार को कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कोषाध्यक्ष अजय माकन और वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी समेत कुल 10 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। पार्टी ने आज पहले और फिर छह उम्मीदवारों की दो सूची जारी की। कांग्रेस उम्मीदवारों की दूसरी सूची में कर्नाटक से राज्यसभा पहुंचने वालों में अजय माकन, सैयद नासिर हुसैन और जीसी चंद्रशेखर के नाम शामिल है। हुसैन और चंद्रशेखर अभी उच्च सदन के सदस्य हैं और उनका कार्यकाल आगामी 2 अप्रैल को पूरा हो रहा है।



- नामांकन के लिए समय राहुल, गहलोत रहे मौजूद
- अभिषेक मनु सिंघवी को हिमाचल से मिला मौका

**भाजपा ने नड्डा को गुजरात से बनाया उम्मीदवार**

भाजपा ने भी बुधवार को दो लिस्ट जारी की। पहली लिस्ट में 5 नाम- ओडिशा से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, मध्य प्रदेश से केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन, उमेश नाथ महाराज, माया नारोलिया और बंसीलाल गुर्जर का नाम शामिल है। इसके बाद दोपहर में 7 नामों की दूसरी लिस्ट आई। इसमें गुजरात से पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, गोविंदभाई ढोलकिया, मयंकभाई नायक, जशवंतसिंह सलामसिंह परमार का नाम शामिल है। महाराष्ट्र से 3 नाम शामिल हैं। इनमें अशोक चव्हाण, मेधा कुलकर्णी व अजित गोलछड़े का नाम शामिल है।

## सीबीएसई की परीक्षाएं आज से हो रही है शुरू



- बोर्ड परीक्षा के लिए घरों से जल्दी निकलें छात्र
- छात्रों को मेट्रो में सफर करने की दी गई सलाह

**नई दिल्ली,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई ने गुरुवार से शुरू होने वाली दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं से पहले छात्रों के लिए परामर्श जारी कर उन्हें यातायात संबंधी समस्याओं को देखते हुए परीक्षा के लिए घरों से जल्दी निकलने के लिए कहा है।

**दिल्ली में 877 केन्द्र बनाए**

बोर्ड ने बुधवार को जारी परामर्श में कहा है कि परीक्षा सुबह साढ़े दस बजे शुरू होगी इसलिए छात्र सुबह दस बजे या उससे पहले परीक्षा केन्द्रों पर पहुंच जाएं।

दिल्ली में बोर्ड परीक्षाओं के लिए 877 केन्द्र बनाए गए हैं। परामर्श में कहा गया है कि दिल्ली में मौजूदा स्थिति के कारण यातायात संबंधी समस्या हो सकती है जिससे छात्रों को परीक्षा केन्द्र पहुंचने में देर हो सकती है। इसलिए, छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे अपने घरों से जल्दी निकलें। केवल उन्हीं छात्रों को प्रवेश की अनुमति होगी जो सुबह दस बजे परीक्षा केन्द्र पहुंच जाएंगे। छात्रों को दिल्ली मेट्रो में सफर करने की भी सलाह दी गई है। स्कूलों से भी अनुरोध किया गया है कि वे अभिभावकों और छात्रों का इस संबंध में मार्गदर्शन करें।

**किसान आंदोलन को लेकर सीमाएं बंद**

किसान आंदोलन को लेकर दिल्ली की सभी सीमाएं बंद हैं और राजधानी समेत पूरा एनसीआर जाम से परेशान है। खास तौर पर सुबह-शाम भीषण जाम का नजारा बीते दो दिन से आम हो गया है। इसी के मद्देनजर बोर्ड ने छात्रों के लिए नोटिस जारी कर कहा है कि परीक्षा केंद्र पर पहुंचने के लिए अपने-अपने घरों से जल्दी निकलें, ताकि जाम की समस्या का सामना न करना पड़े।

## केजरीवाल को ईडी ने भेजा छठवां समन

**नई दिल्ली,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली के शराब नीति केस में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही ईडी ने बुधवार को मुख्यमंत्री केजरीवाल को छठवां समन भेजा है। जांच एजेंसी ईडी ने उन्हें पूछताछ के लिए 19 फरवरी को बुलाया है।

ईडी ने इससे पहले 31 जनवरी, 17 जनवरी, 3 जनवरी, 21 दिसंबर और 2 नवंबर को दिल्ली के मुख्यमंत्री को समन भेजा था। लेकिन केजरीवाल इसे राजनीति से प्रेरित बताकर पेश नहीं हुए थे।



- मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 19 को बुलाया
- 5 बार बुलाने पर पेश नहीं हुए केजरीवाल

केजरीवाल ने कहा था कि भाजपा उन्हें गिरफ्तार करवाना चाहती है, ताकि वे लोकसभा चुनाव में प्रचार न कर सके। उधर, पांच समन भेजने के बाद भी जब केजरीवाल पेश नहीं हुए थे तो ईडी ने इसे लेकर दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में शिकायत दर्ज की थी। इस पर कोर्ट ने केजरीवाल को 17 फरवरी को कोर्ट में पेश होने के लिए कहा था। शराब नीति केस में ही दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आप सांसद संजय सिंह जेल में हैं। कानून के जानकारों के अनुसार, केजरीवाल के बार-बार पेश नहीं होने पर इडी उनके खिलाफ जमानती वारंट जारी कर सकती है।

## नौसेना व तटरक्षक बल को मिलेगी 463 स्वदेशी गन

**नई दिल्ली,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। रक्षा मंत्रालय ने नौसेना और तटरक्षक बल के लिए 463 स्वदेशी निर्मित 12.7 मिमी स्थिर रिमोट कंट्रोल गन (एसआरसीजी) के निर्माण और आपूर्ति के लिए एडवांस्ड वेपन इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड (एडब्ल्यूईआईएल) कानपुर के साथ बुधवार को एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इस अनुबंध की कुल लागत 1752.13 करोड़ रुपए है और इन गनों के निर्माण में 85 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया जाएगा। ये गन दिन और रात दोनों समय में हमला करने में सक्षम है। इससे नौसेना और तटरक्षक बल की जहाजों के लिए खतरा पैदा करने वाले छोटे लक्ष्यों पर सटीक हमला करने की क्षमता बढ़ जाएगी।

**1752.13 करोड़ रुपए के अनुबंध पर किए हस्ताक्षर**

**राजनीति** *कांग्रेस के प्रस्ताव पर शरद पवार पार्टी नेताओं से कर रहे मंत्रणा*

## एनसीपी शरद चंद गुट का कांग्रेस में हो सकता है विलय!

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली, 14 फरवरी (देशबन्धु)। खबर चौकाने वाली है,लेकिन सही है। एनसीपी शरदचंद का कांग्रेस पार्टी में विलय हो सकता है। इसको लेकर कांग्रेस हाईकमान के प्रस्ताव पर शरद पवार पार्टी नेताओ के साथ मंत्रणा कर रहे हैं। बतादें कि चुनाव आयोग ने एक अहम फैसले के तहत एनसीपी के अजीत पवार गुट को असली एनसीपी मानते हुए मान्यता और पार्टी का चुनाव चिन्ह भी दे दिया है।**

ऐसे में नए नाम और चुनाव चिन्ह के साथ पार्टी को फिर से खडा करना बुर्जुब मराठा नेता शरद पवार के लिए अब कठिन चुनौती है। ऐसे में कांग्रेस हाईकमान ने लोकसभा चुनाव से पहले एनसीपी शरदचंद गुट का कांग्रेस में विलय का प्रस्ताव दिया है। माना जा रहा है कि प्रथम दृष्टया इस प्रस्ताव से शरद पवार सहमत हैं,लेकिन वे फैसला सोच-समझकर लेना चाहते हैं। एनसीपी के एक नेता ने बताया कि कांग्रेस हाईकमान के इस प्रस्ताव को लेकर शरद पवार गंभीर है। अगर उनकी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता तैयार हुए तो वे अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर सकते हैं। बतादें कि शरद पवार ने अपनी राजनीतिक यात्रा कांग्रेस पार्टी से ही शुरू की थी। 1967 में वे पहली बार बारामती से विधानसभा के लिए चुने गए थे। इसके बाद 1999 तक वे कांग्रेस पार्टी में रहे। फिर सोनिया गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने पर उनके विदेशी मूल के मुद्दे को लेकर पवार ने कांग्रेस छोड दी थी और एनसीपी को गठन कर लिया। हालांकि 2004 में फिर से वे कांग्रेस के नजदीक आ गए और मनमोहन की सिंह अगुवाई वाले यूपीए सरकार में शामिल हो गए। इसके बाद उनका महाराष्ट में लगातार कांग्रेस के साथ गठबंधन बना रहा। ऐसे में अटकलें लगाई जा रही है कि राजनीति के संन्यास काल में शरद पवार फिर से कांग्रेस को मजबूत करनें के लिए यह बडा फैसला ले सकते हैं। माना जा रहा है कि इसके बदले वे अपनी बेटी सुप्रिया सुले व पोते रोहित पवार समेत कुछ अन्य भरोसेमंद नेताओं के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मांग सकते हैं।



- सुप्रिया व रोहित के लिए मांग सकते हैं महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

# देश

**उवाच**

“भारत जोड़ो न्याय यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियां पूरी की जा रही है। कांग्रेस के पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उत्तर प्रदेश में सात दिनों में 785 किमी की यात्रा तय करेगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा।

–डॉ सीपी राय, कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 22.0 | 10.0 |
| मुंबई | 27.0 | 23.0 |
| कोलकाता | 26.0 | 19.0 |
| चेन्नई | 28.0 | 25.0 |

# किसानों संग वादाखिलाफी कर रहा केंद्र : कांग्रेस



- किसान आंदोलन को लेकर मोदी सरकार पर बोला हमला
- कांग्रेस की यूपीए सरकार में किसानों का 72 हजार करोड़ कर्जमाफी किया

**वाराणसी,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। वाराणसी के कांग्रेस कैंप कार्यालय लहुराबीर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने किसानों के मुद्दे पर कहा कि 700 से ज्यादा किसान 2021 में दिल्ली सीमा पर किसान विरोधी तीन कानून के विरोध मे शहीद हुए। तब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्तिक पूर्णिमा के दिन किसानों का आंदोलन यह कहते समाप्त कराया कि मेरी तपस्या में कमी रह गई होगी। यह कानून वापस लेते हैं और आपको जल्द एमएसपी का लीगल कानून बनाकर देंगे। सरकार का अंतिम सत्र भी समाप्त हो गया और किसानों के साथ प्रधानमंत्री का दिया वादा पूरा नहीं हुआ। जिसे लेकर किसानों ने दिल्ली बॉर्डर पर शांति पूर्ण अपने आंदोलन के लिए कूच किया तो उनके ऊपर आंशू गैस के गोले, लाठी चार्ज किया गया। जहां एक पत्रकार भी गोली से घायल हो गए। क्या अब किसान के साथ पत्रकार भी देशद्रोही हो गया है। अजय राय ने कहा कि कांग्रेस की यूपीए सरकार में डॉ. मनमोहन सिंह के समय देश के किसानों का 72 हजार करोड़ कर्जमाफी किया। 2013 में भूमि अधिग्रहण कानून दिया। 2004 से 2014 तक किसानों के फसलों के एमएसपी का 136 प्रतिशत मूल्य बढ़ाकर दिया। यदि आज मोदी सरकार इसी क्रम से चलती तो गेहूं का एमएसपी 2125 की जगह आज 3275 रुपए होती। इससे सरकार का यह कहना जुमला साबित हुआ जो वह 2022 में किसानों की आय दोगुना करने की बात करती थी।

### किसानों की आत्महत्या के मामले भी बड़े हैं

कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान बजट में भी कृषि मद में 2.67 प्रतिशत कटौती की गई, लगातार खाद, बीज, बिजली की महंगाई और कृषि उपकरण पर जीएसटी की लूट से किसानों को कमजोर किया गया है, आज किसान महज 27 रुपए प्रतिदिन कमा रहा, जिससे किसानों की लगातार बड़ती समस्याओं और आत्महत्या मामलों को देखते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने किसान न्याय के तहत घोषणा किया कि 2024 में कांग्रेस नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो जिस तरह पूर्व में कांग्रेस ने किसानों के साथ किया वादा निभाया है, उसी तरह किसानों के एमएसपी का लीगल कानून बनाकर देगी। वार्ता के दौरान राय ने के कहा कि किसान न्याय के तहत एमएसपी के लीगल कानून की घोषणा कृषि वैज्ञानिक डा. एम एस. स्वामीनाथन की भारत रत्न से बढ़कर किसानों के सम्मान और उनके सपनों को सच करने वाली होगी। वहीं भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सवाल पर जवाब देते हुए अजय राय ने कहा कि मणिपुर से जनवरी में चली राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश के मजबूती के लिए मील का पत्थर साबित होगी। जो आगामी 16 फरवरी को किसानों और शहीदों की धरती चंदौली से उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी, जहां सैयदराजा में शहीद स्मारक पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए जनता को संबोधित करेंगे। इसके बाद चंदौली, मुगलसराय होते हुए यात्रा शाम अवधूत भगवान राम आश्रम के निकट पड़ाव पर ठहराव होगा। अगले दिन 17 फरवरी को यात्रा सुबह 8 बजे गोलगड्डा से प्रारम्भ होकर बाबा विश्वनाथ का दर्शन करते हुए गोदौलिया चौराहे पर जनता को संबोधित करते हुए रथयात्रा, मडुवाडीह होते जनपद भदोही को प्रस्थान करेगी। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पुलवामा के शहीदों की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए पुलवामा के शहीद रमेश यादव के गांव तोहफापुर जाकर श्रद्धांजलि दी।

## सरकार किसानो को नहीं दे रही एमएसपी : अखिलेश



**इटावा।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार किसानों को एमएसपी नहीं दे पा रही है और इसके लिये किसानो को आंदोलन करना पड़ रहा है। तिरुपति ग्रुप के चेयरमैन संतोष यादव के यहां आयोजित शादी समारोह में शिरकत करने आए यादव ने पत्रकारों से बातचीत में स्वामी प्रसाद मौर्य के महासचिव पद से इस्तीफे और एमएलए पल्लवी पटेल के मुद्दे पर कहा राजनीति में ऐसा समय आता है, उसी समय को हम लोग देख रहे है। इसमे किसी की कोई चाल नही है। आदमी को खुद को धोखा नही देना चाहिए। उन्होने कहा कि किसानों का सवाल कोई नया नहीं है। इससे पहले कई किसान संगठनों नें एमएसपी की मांग की थी। जिस सरकार ने तीन काले कानून बनाये हो, जिसमें 800 से ज्यादा किसानों ने जान दे दिया हो, जब चुनाव आया तो सरकार ने तीनों काले कानूनों को वापस ले लिया। उन्होने कहा कि एमएसपी का कानूनी अधिकार किसानों को मिले जब आपने स्वामीनाथन जी को भारत रत्न से सम्मान दिया हो। देश के सबसे बड़े किसान नेता चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दे रहे है तो आखिरकार किसानो को क्यों भूल रहे हो। एक तरफ आप जहां भारत रत्प दे रहे हो, उसके साथ–साथ आपको किसानों के लिए एमएसपी दे देनी चाहिए, और कानून बनाकर एमएफसी किसानों को मिले। सपा अध्यक्ष ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था पांच ट्रिलियन जल्दी तब होगी जब किसान खुशहाल होगा। जितना किसान खुशहाल होगा, उतनी ही रफ्तार से ऊपर इकोनामिक जाएगी। सरकार ने कहा था किसने की आय दोगुनी कर देंगे लेकिन, अगर किसान की आय दोगुनी हो जाए तो 10 ट्रिलियन इकोनामी तुरंत बन जाएगी। लेकिन सरकार की नियत साफ नहीं है। इटावा में निर्माणाधीन केदारेश्वर मंदिर के सवाल बोलने से बचते हुए यादव ने कहा इस मुद्दे पर तभी बोलूंगा जब आप लोगों को वहां पर लेकर चलूंगा।

# पुलवामा में शहीद जवानों का सदैव ऋणी रहेगा राष्ट्र : मनोज सिन्हा

### जगह-जगह श्रद्धांजलि कार्यक्रम किए गए आयोजित



**जम्मू–कश्मीर,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। पुलवामा आतंकी हमले को बुधवार को पांच साल पूरे हो गए हैं। देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सीआरपीएफ के बलिदानी जवानों की याद में जम्मू संभाग और कश्मीर घाटी में जगह–जगह श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा सहित अन्य मंत्रियों और विपक्ष के नेताओं ने सीआरपीएफ के वीर के बलिदान को नमन किया। जम्मू में सीआरपीएफ द्वारा शहीद स्मारक पर एक श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। इसके साथ ही राष्ट्रीय बजरंग दल, स्वतंत्रता सेनानी संगठन, शिवसेना हिंदुस्तान सहित कई संगठनों ने बलिदानियों को याद किया। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि पुलवामा आतंकी हमले में अपने प्राणों की आहुति देने वाले बलिदानियों को विनम्र श्रद्धांजलि। राष्ट्र सदैव उनके अनुकरणीय साहस, सर्वोच्च बलिदान और मातृभूमि के प्रति निस्वार्थ सेवा का ऋणी रहेगा। पुलवामा के अवंतीपोरा में घटना स्थल पर वीर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की गई। भाजपा समर्थकों ने तिरंगा लहराया और वीर बलिदानी अमर रहें, भारत माता की जय के जयघोष लगाए। पुलवामा के लेथपोरा में भाजपा ने बहादुरों को उनकी शहादत की वर्षगांठ पर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री शाम लाल शर्मा और भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अल्ताफ ठाकुर, जिला अध्यक्ष पुलवामा लतीफ भट्ट ने बलिदानियों को पुष्प अर्पित कर नमन किया।

## जम्मू विवि में छात्रों ने शहीदों को किया याद

जम्मू विश्वविद्यालय में छात्रों ने शहीदों को नमन किया। जम्मू प्रेस क्लब में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र रैना ने पुलवामा में शहीद हुए जवानों को समर्पित एक शॉर्ट मूवी को रिलीज किया। इस शॉर्ट मूवी को डायरेक्ट और प्रोड्यूस नेहा लहोत्रा ने किया है। इस में काम नेहा लहोत्रा और आशीष शर्मा ने किया है। जम्मू कश्मीर पुलिस के महानिदेशक आरआर स्वैन ने भी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि डीजीपी स्वैन ने जम्मू–कश्मीर पुलिस परिवार की ओर से उन साहसी बलिदानियों को हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सार संक्षेप

### सुनियोजित अपराध बन रहे मप्र की पहचान : पटवारी

**भोपाल।** सोशल मीडिया पर एक युवक की अमानवीय और निर्मम तरीके से पिटाई का वीडियो वायरल होने के संदर्भ में मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आरोप लगाया कि सुनियोजित अपराध राज्य की पहचान बनते जा रहे हैं और राज्य में आदिवासी लगातार निशाने पर बने हुए हैं। सोशल मीडिया पर बुधवार सुबह से एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ लोग एक युवक की लगातार अमानवीय तरीके से पिटाई करते दिख रहे हैं।

### डॉक्टर के खिलाफ दुष्कर्म का मामला खारिज

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने शिकायतकर्ता की सहमति से एक डाक्टर के खिलाफ कथित दुष्कर्म के एक मामले को खारिज कर दिया है। न्यायमूर्ति पीडी नाइक व एनआर बोरकर की खंडपीठ ने एक आदेश पारित करते हुए आरोपी डॉक्टर पर पांच लाख का जुर्माना लगाया और उसे यह राशि एक वकील संघ को देने के निर्देश दिए। अदालत ने कहा कि यह दिखाने के लिए पर्याप्त सामग्री है कि संबंध सहमति से बने थे। खंडपीठ ने कहा कि रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री से संकेत मिलता है कि पीड़िता आरोपी की कंपनी में थी। उसने स्वेच्छा से ऐसा किया। यह रिश्ता जाहिर तौर पर सहमति से बना था।

### केरल में निर्माणाधीन मकान गिरने से दो लोगों की मौत

**कोझिकोड।** केरल में नादापुरम के पास वलयम में बुधवार को एक निर्माणाधीन मकान की कंक्रीट बीम गिरने से दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान वलयम के पास मरमकांडी के रहने वाले एके विष्णु व केपी नवाजिथ के रूप में हुई है। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल कुरुवंतरी के राजिल और वाल्यम के लिकेश को कोझिकोड मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### ज्वेलरी प्रतिष्ठान से डेढ़ करोड़ के जेवरात लूटे

**रांची।** झारखंड के गढ़वा जिला मुख्यालय में एक ज्वेलरी प्रतिष्ठान से अपराधियों ने करीब डेढ़ करोड़ के जेवरात लूट लिए। लूटपाट के दौरान अपराधियों ने प्रतिष्ठान मालिक पर फायरिंग भी की, लेकिन वह बाल-बाल बच गए। इस वारदात से आक्रोशित लोगों ने सड़क पर उतरकर विरोध दर्ज कराया। वारदात गत मंगलवार की रात करीब नौ बजे की है। अपराधी गढ़देवी चौक स्थित रूप अलंकार ज्वेलर्स में ग्राहक बनकर घुसे। उन्होंने जेवरात दिखाने को कहा और फिर अचानक रिवॉल्वर निकाल लिया। प्रतिष्ठान के मालिक और कर्मचारियों को धमका कर सोने-चांदी के जेवरात बटोर लिए। उन्होंने करीब 20 मिनट तक लूटपाट की।

## रास सीट के लिए अश्विनी वैष्णव को बीजद का समर्थन



**भुवनेश्वर,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) ने बुधवार को सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए ओडिशा से राज्यसभा सीट के लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को समर्थन देने की घोषणा की। बीजद अध्यक्ष नवीन पटनायक ने एक बयान में कहा कि बीजद आगामी चुनाव में राज्य के रेलवे और दूरसंचार विकास के व्यापक हित के लिए केंद्रीय रेल, संचार और सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री की राज्य सभा उम्मीदवारी का समर्थन करेगा। पार्टी ने इससे पहले सोमवार को दो उम्मीदवारों–बीजद के पूर्व विधायक देबाशीष सामंत्रे और बीजू युवा जनता दल के उपाध्यक्ष सुभाशीष खुंटिया के नामों की घोषणा की थी और उन्होंने मंगलवार को नामांकन दाखिल किया था। ओडिशा में हालांकि तीन राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव होंगे, लेकिन बीजद ने सोमवार को केवल दो नामों की घोषणा की थी, जिससे राजनीतिक गलियारे में तीसरे उम्मीदवार को लेकर कई राजनीतिक अटकलें लगाई जा रही थीं।ओडिशा से राज्यसभा के लिए चुने गए सर्वश्री वैष्णव, प्रशांत नंदा और अमर पटनायक का कार्यकाल अप्रैल 2024 में समाप्त हो जाएगा। सत्तारूढ़ बीजद ने 1999 के राज्यसभा चुनावों में श्री वैष्णव की उम्मीदवारी का समर्थन किया था उस समय उन्होंने ओडिशा से राज्यसभा सीट के लिए भाजपा उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया था। चुनाव आयोग की अधिसूचना के अनुसार नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी है, जबकि नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 20 फरवरी है। चुनाव और मतगणना 27 फरवरी को होगी। ओडिशा विधानसभा में सत्तारूढ़ बीजद की ताकत को देखते हुए, यह तय है कि सभी तीन उम्मीदवार राज्य सभा के लिए चुने जाएंगे।

# बीमा भारती को मिली जान से मारने की धमकी

- जदयू विधायक ने भाजपा नेता पर लगाया आरोप
- फोन पर दी गईं भद्दी-भद्दी गालियां

**पटना,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। जेडीयू विधायक बीमा भारती को जान से मारने की धमकी मिली है। अनजान शख्स ने मंगलवार रात को उन्हें फोन पर भद्दी गालियां देते हुए मारने की धमकी दी। बीमा भारती ने पटना स्थित सचिवालय पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। इसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सचिवालय थानेदार विनोद राम ने बताया कि उस नंबर की जानकारी जुटाई जा रही है जिससे विधायक को फोन किया गया था।



मालूम हो कि, बीमा भारती के पति एवं बेटे को पिछले दिनों आर्म्स एक्ट के मामले में गिरफ्तार किया गया था। बीमा भारती पूर्णिया जिले के रुपोली से विधायक हैं। विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने के लिए वह अभी पटना में हैं। उन्होंने मंगलवार रात सचिवालय थाने में शिकायत दर्ज कराई। इसमें बीमा भारती ने कहा कि उनके आधिकारिक नंबर पर अनजान शख्स ने फोन किया और गालियां देते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट्स के मुताबिक बीमा भारती ने आरोप लगाए कि धमकी देने वाले शख्स ने उनसे कहा कि पति और बेटे को जेल भिजवा दिया। अब उन्हें भी मार देंगे। जब कॉल आया तब जेडीयू विधायक गोपाल मंडल भी उनके साथ मौजूद थे। उन्होंने कहा कि धमकी देने वाले शख्स ने खुद को भाजपा का नेता बताया है। बीमा भारती की माने तो उन्होंने बगल में बैठे गोपाल मंडल को फोन थमा दिया। गोपाल मंडल ने फोन पर अपना परिचय भी दिया कि मैं जेडीयू विधायक गोपाल मंडल बोल रहा हूं। तुम्हारी इतनी हिम्मत कि तुम महिला को गाली दो लेकिन फोन करने वाले शख्स को कोई फर्क नहीं पड़ा। गौरतलब है कि पूर्णिया की रूपौली विधायक बीमा भारती ने 2020 के विधानसभा चुनाव में जीत के बाद मंत्री पद की मांग की थी लेकिन मंत्री पद नहीं मिलने से वह नाराज हो गईं। इसके बाद उन्होंने आरोप लगाया कि जदयू के स्थानीय नेताओं के कारण उनकी बेटी रानी भारती को जिला परिषद अध्यक्ष पद हार गई थी। इधर, फ्लोर टेस्ट से पहले बीमा भारती जदयू की विधायक दल की बैठक में शामिल नहीं हुई। फ्लोर टेस्ट के दिन बीमा भारती के पति और बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद वह सदन पहुंचीं। उन्होंने आरोप लगाया कि पति, बेटा और समर्थकों के खिलाफ साजिश रची जा रही है।

### मामले में तुरंत कार्रवाई करे पुलिस

जेडीयू विधायक बीमा भारती ने पुलिस से इस मामले में तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है। उधर, पति अवधेश मंडल और बेटे को आर्म्स एक्ट में जेल भेजे जाने पर बीमा भारती ने विधानसभा परिसर में मंगलवार को पत्रकारों से कहा कि उनके पति–बेटे के साथ गलत हुआ है। ज्यादती होना अफोसजनक स्थिति है। बिना किसी ठोस वजह के सभी 9 लोगों की गिरफ्तार हुई है। बीमा भारती के पति, बेटे एवं भतीजे समेत 9 लोगों को मोकामा पुलिस ने बायपास पर चेकिंग के दौरान रविवार को गिरफ्तार कर लिया था। उन पर अवैध रूप से लाइसेंसी राइफल का इस्तेमाल करने का आरोप है। सोमवार को उन्हें बाढ़ सिविल कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया गया। पुलिस ने कहा कि चेकिंग के दौरान आरोपियों की गाड़ी से तीन राइफल बरामद हुई। जांच में पता चला कि यह जेडीयू विधायक बीमा भारती और उनकी बेटी के नाम पर रजिस्टर्ड हैं, जिसका इस्तेमाल उनके पति और अन्य लोग कर रहे थे।


## भाजपा विधायक गायकवाड़ व चार अन्य को 14 दिन की न्यायिक हिरासत



**भाजपा विधायक को कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत में किया गया था पेश**

**ठाणे,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के पुलिस थाने के भीतर एक शिवसेना नेता पर हत्या के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार भाजपा विधायक गणपत गायकवाड़ और चार अन्य आरोपियों को एक स्थानीय अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गौरतलब है कि भाजपा विधायक गायकवाड़ समेत आरोपी हर्षल केने, संदीप सरवनकर, विक्की गनात्रा और ड्राइवर रंजीत यादव को बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत में पेश किया गया था। आरोपियों के वकील नीलेश पांडे और उमर काजी ने अदालत के बाहर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि पुलिस ने पूछताछ के लिए रिमांड बढ़ाने की गुजारिश की थी, जिसे अदालत ने खारिज करते हुए सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। फरवरी माह की शुरुआत में उल्हासनगर के हिल लाइन पुलिस स्टेशन में वरिष्ठ निरीक्षक के कार्यालय के कमरे के भीतर भाजपा विधायक गणपत गायकवाड़ ने सीएम शिंदे की पार्टी के नेता महेश गायकवाड़ को गोली मारी थी। जिसके बाद भाजपा विधायक समेत अन्य आरोपियों को मामले में गिरफ्तार किया गया था। घटना के बाद घायल शिवसेना नेता को निजी अस्पताल को भर्ती कराया गया था। वहीं मराठा आरक्षण की मांग कर रहे मनोज जरांगे के आंदोलन के समर्थन में महाराष्ट्र के बीड जिले में बुधवार को बंद बुलाया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक, यह बंद अब तक शांतिपूर्ण रहा है। गौरतलब है कि अंतरवाली सरती में जरांगे अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठें हैं। पुलिस अधीक्षक नंदकुमार ठाकुर ने कहा कि बंद शांतिपूर्ण रहा है और दोपहर तक 70–80 प्रतिशत सफल रहा है। इससे पहले, मैंने संबंधित नेताओं के साथ बैठक की और शांति की अपील की। बीड शहर के स्कूल और जिले भर के कुछ बाजार बंद हैं।

## मप्र की सोलहवीं विस का दूसरा सत्र संपन्न



**भोपाल,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश विधानसभा की कार्यवाही बुधवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किए जाने के साथ ही सोलहवीं विधानसभा का दूसरा सत्र संपन्न हो गया। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कार्यसूची में शामिल विषयों के पूर्ण होने पर संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के प्रस्ताव पर सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी। सत्र सात फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण के साथ प्रारंभ हुआ था और यह 19 फरवरी तक प्रस्तावित था। इस दौरान कुल नौ बैठकें होना थी, लेकिन आज तक कुल छह दिन की बैठकों में ही सभी कार्य पूर्ण कर लिए गए। संसदीय कार्य मंत्री विजयवर्गीय ने अध्यक्ष से निवेदन करते हुए कहा कि सत्र के लिए निर्धारित सभी शासकीय, वित्तीय और अन्य आवश्यक कार्य पूर्ण हो गए हैं।

## ईडी ने राशन घोटाले के एक और आरोपी को किया गिरफ्तार



**कोलकाता,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित राशन (सार्वजनिक वितरण प्रणाली) घोटाले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आरोपी की पहचान व्यवसायी विश्वजीत दास के रूप में हुई है। उसे जेल में बंद राज्य में सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता और पूर्व बोनगांव (उत्तर 24 परगना) नगर पालिका अध्यक्ष शंकर अद्य्या का करीबी विश्वासपात्र माना जाता है।

कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद राशन घोटाले के मनी लॉन्ड्रिंग पहलू की जांच कर रही संघीय जांच एजेंसी ने मंगलवार को कोलकाता और उसके आसपास के जिलों में कम से कम आठ स्थानों पर छापेमारी की, जिसमें बिधाननगर थाना क्षेत्र के तहत साल्ट लेक में विश्वजीत का घर भी शामिल था। तलाशी अभियान दिन–रात चलता रहा लेकिन विश्वजीत उस समय से बाहर था। शाम को जब वह कोलकाता के हवाईअड्डे पर पहुंचे तो ईडी ने उन्हें हिरासत में ले लिया और अपने कार्यालय ले गई। सूत्रों ने पुष्टि की कि घंटों तक पूछताछ करने के बाद, ईडी ने आखिरकार बुधवार सुबह विश्वजीत को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों ने कहा कि उसे संघीय एजेंसी के साथ कथित तौर पर असहयोग करने के बाद गिरफ्तार किया गया। ईडी को पता चला कि विश्वजीत एक सोने का व्यापारी और विदेशी मुद्रा के कारोबार में शामिल था। उसपर शंकर अद्य्या के व्यवसाय में धन निवेश करने का भी आरोप है।

**चिंता** *हर मोर्चे पर शिकस्त झेलने के बाद भी साजिशें रच रहा पाकिस्तान*

# कश्मीर की नई पीढ़ी के मन में जहर भर रहे पाक पैराकारी

**■ सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 14 फरवरी (देशबन्धु)। यह सच है कि कश्मीर में अब पाकिस्तान को हर मोर्चे पर शिकस्त झेलनी पड़ी हैं पर अभी भी वह साजिशें रच रहा है। उसके कुछ पैराकारी कश्मीर में नई पीढ़ी के मन में जहर भर रहे हैं। इसके लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है।**



■ **सोशल मीडिया व ड्रोन से संचालित हो रहा आतंक**

सुरक्षाबल खास रणनीति पर काम कर रहे हैं और एक हजार के करीब युवाओं को मुख्यधारा में लाया भी गया है। कश्मीर के दूरदराज क्षेत्रों में युवाओं व किशोरों को गुमराह किया जा रहा। माना कि पुलवामा हमले के 5 साल बाद कश्मीर में जमीनी हकीकत बदल चुकी है। कश्मीर में इस अवधि में अभी तक 1000 आतंकी मारे जा चुके हैं और 1803 पकड़े गए। आतंकियों का वित्तीय नेटवर्क तबाह हो चुका है। हालत यह है कि वादी में जैशे मुहम्मद, लश्करे तौयबा व हिजबुल मुजाहिदीन की कमान संभालने को कोई आतंकी कमांडर तैयार नहीं है। सरकारी दावा तो यह है कि पूरे कश्मीर में 25 के करीब स्थानीय और 30 के करीब विदेशी आतंकी मौजूद हैं। पर इतना जरूर था कि पुलवामा हमले के बाद कश्मीर में आतंकवाद का चेहरा जरूर पूरी तरह से बदल गया है जो अब सोशल मीडिया और ड्रोन से ही संचालित हो रहा है। अब सच्चाई यह है कि आतंकी संगठन इस समय पूरी तरह हताश हैं। आतंकी कोई बड़ी वारदात नहीं कर पा रहे हैं। लगभग सभी प्रमुख कमांडर मारे जा चुके हैं। ऐसे में वह आत्मघाती हमले को अंजाम देकर हालात बिगाड़ने और अफरातफरी फैलाने का विकल्प अपना सकते हैं। बीते कुछ सालों के दौरान कई नौजवानों में धर्मांध जिहादी मानसिकता पैदा हुई है। सुरक्षाबल चिंता जताते थे कि उनमें से कुछ आत्मघाती बन सकते हैं। उन्हें सोशल मीडिया द्वारा उकसाया जरूर जा रहा था। कश्मीर में सुरक्षाबलों ने इन 5 सालों के दौरान आतंकी नेटवर्क की लगभग कमर तोड़ दी है। प्रमुख आतंकी कमांडर मारे जा चुके हैं या पकड़े गए हैं, लेकिन आज भी आत्मघाती हमलों की आशंका बनी हुई है। घाटी में पांच से छह स्थानीय आत्मघातियों की मौजूदगी का सूत्र दावा करते हैं। इनमें एक भी नहीं पकड़ा है। पुलवामा हमले में आत्मघाती हमलावर आदिल डार की मौत के बाद खुफिया सूत्रों ने अपने तंत्र से पता लगाया था कि कश्मीर में जैश ने सात स्थानीय लड़कों को आत्मघाती हमलों के लिए तैयार किया है। अहम सुराग से सभी सुरक्षा एजेंसियां सकते में आ गई थी। ऐसे हमलों में स्थानीय आतंकी कभी कभार हिस्सा लेते थे। कश्मीर में पहले आत्मघाती हमले को अंजाम देने वाला आतंकी आफाक स्थानीय था। श्रीनगर के डाउन-टाउन के आफाक ने 2000 के दौरान विस्फोटकों से लदी कार के साथ बादामीबाग सैन्य शिविर के गेट पर हमला किया था। कई बार आत्मघाती हमले कश्मीर में हुए, लेकिन उनमें स्थानीय आतंकियों की भागीदारी नहीं थी। किसी इमारत में घुसकर या किसी सुरक्षा शिविर में हमला करने वाले आत्मघाती हमले में दो से तीन बार स्थानीय आतंकी शामिल रहे।

उल्टा पुल्टा

सुरेश, डॉक्टर से : जब मैं सोता हूं तो सपने में बन्दर फुटबॉल खेलते हैं।

डॉक्टर : कोई दिक्कत नहीं, ये गोली रात को सोने से पहले खा लेना।

सुरेश : कल से खाऊंगा, आज तो फाइनल हैं

# परिवहन व्यवस्था होगी सुदृढ़ : केजरीवाल

## राजधानी को मिली 350 नई इलेक्ट्रिक बसों की सौगात



- अब 1650 इलेक्ट्रिक बसों वाला दिल्ली देश में नंबर वन
- उपराज्यपाल वीके सक्सेना व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हरी झंडी दिखाई

**नई दिल्ली,**14 फरवरी (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली को 350 नई इलेक्ट्रिक बसों की सौगात मिली है। बुधवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सराय काले खां बस डिपो में आयोजित समारोह में इन बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि 1650 इलेक्ट्रिक बसों के साथ देश में दिल्ली पहला शहर बन गया है, जहां सबसे ज्यादा ई-बसें हैं। जबकि दुनिया में तीसरे नंबर का शहर बन गया है। उधर, उपराज्यपाल ने कहा कि निश्चित तौर पर इन बसों के परिचालन से दिल्ली में प्रदूषण कम करने की दिशा में मदद मिलेगी। इससे शहर में ग्रीन सार्वजनिक परिवहन इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन बसों की मदद से दिल्ली में प्रदूषण को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। पहले दिल्ली की सड़कों पर ब्लू लाइन पर डीजल और पेट्रोल बस चलती थीं। उसके बाद सीएनजी बसें लाई गईं और अब इलेक्ट्रिक बसें लाई जा रही हैं। हमारा प्रयास है कि चरणबद्ध तरीके से सीएनजी बसों को हटा कर इलेक्ट्रिक बसों को बेड़े में शामिल किया जाए। राजधानी में जनवरी, 2022 से 1, 300 इलेक्ट्रिक बसें चल रही थीं, जो अब तक करीब 58 मिलियन किलोमीटर की दूरी तय कर चुकी हैं। इनसे 47, 000 टन से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी आई है। बता दें कि दिल्ली के परिवहन बेड़े में 7, 582 बसें शामिल हैं। इसमें 3, 141 बसें डीआईएमटीएस और 4, 441 बसें डीटीसी की हैं, जिनकी संख्या वर्ष 2025 तक 10, 480 बसें हो जाएगी। इसमें 80 फीसदी इलेक्ट्रिक बसें होंगी, जिनकी मदद से सालाना 4.67 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी आएगी।

दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि हम सभी बस डिपो का विद्युतीकरण कर रहे हैं। अभी तक दिल्ली के 60 बस डिपो में से 16 का विद्युतीकरण किया जा चुका है। शेष डिपो का विद्युतीकरण किया जा रहा है। हमारा लक्ष्य बस बेड़े में 80 फीसद इलेक्ट्रिक बसें शामिल करने का है।

### 15 से 20 दिन में मोहल्ला बस आ जाएंगी : गहलोत

दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने सचिवालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि हमारा लक्ष्य जल्द 80 फीसदी इलेक्ट्रिक बस हासिल करना है। उन्होंने कहा कि मोहल्ला बस के लिए अभी थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। क्योंकि पहली बार 9 मीटर की बसें दिल्ली की सड़कों पर आएंगी। इसलिए इसकी प्रक्रिया, प्रोटोटाइप, टेस्ट और सर्टिफिकेट मिलने में थोड़ा समय लग रहा है। मोहल्ला बस को लेकर हितधारकों के साथ लगातार बैठकें हो रही हैं। उम्मीद है कि 15 से 20 दिन के अंदर कुछ मोहल्ला बस आ जाएंगी।

# इलैक्ट्रिक मशीन लांच किया जाना हास्यास्पद तमाशा : भाजपा

**नई दिल्ली,**14 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की आम आदमी पार्टी ने दिल्ली नगर निगम में भी वही ईवेंट खेल शुरू कर दिया है जो दिल्ली सरकार में करती रही है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा है की महापौर डा. शैली ओबेरॉय द्वारा बुधवार को सड़कों की सफाई के लिए आठ इलैक्ट्रिक मशीन लांच किया जाना एक हास्यास्पद तमाशा है। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है की जो स्कूटर प्रोटोटाइप पर बनी मशीन लांच की गई हैं निजी क्षेत्र की सफाई ऐजेंसिया उन्हे अस्पतालों, स्कूलों, कार्यालय, एयरपोर्ट जैसे परिसरों में पक्की पत्थर बिछी जमीन की सफाई के लियें करती हैं। खुद दिल्ली नगर निगम के सिविक सेंटर के कार्यालय की सफाई में ऐसी मशीन प्रयोग होती हैं पर यह दिल्ली की सड़कों एवं गलियों के लिए पूरी तरह अनुपयुक्त हैं। फिर सड़कों पर धूल मिट्टी की इतनी तादाद है की बड़ी शकशन गाडियां विफल रहती हैं तो यह छोटी गाड़ियां कहां काम आ सकेंगी।



# राजधानी में बैटरी चालित इलेक्ट्रिक मशीनों से होगी बाजारों की सफाई

## मेयर ने एमसीडी मुख्यालय से मशीनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**नई दिल्ली,**14 फरवरी (देशबन्धु) ।ढमेयर डॉ. शैली ओबेरॉय और डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल ने बुधवार को बाजारों की साफ-सफाई के लिए आठ बैटरी चालित कूड़ा साफ करने वाली मशीनों को हरी झंडी दिखाकर एमसीडी मुख्यालय से रवाना किया। इन सभी मशीनों का उपयोग पायलट प्रोजेक्ट के तहत पहले दिल्ली की आठ प्रमुख मार्केट में किया जाएगा।

इस अवसर पर मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली नगर निगम के लिए दिल्ली के बाजारों की सफाई एक बहुत बड़ी चुनौती है। इसी के तहत आज एक पायलट प्रोजेक्ट की शुरूआत की गई है। हम आठ बाजारों की सफाई के लिए आठ मशीनों को उतारने जा रहे हैं। इन मशीनों से न ही धूल मिट्टी उड़ेगी व न ही ध्वनि प्रदूषण होगा। सीएम अरविंद केजरीवाल जी के नेतृत्व में हम इन इको फ्रेंडली मशीनों को बाजारों में



सफाई के लिए उतारने वाले हैं। यह सबसे अच्छी बात ये है कि ये मशीनें बैटरी ऑपरेटेड व इलेक्ट्रोनिकल सक्शन मशीन हैं। ये मशीन 240 लीटर की क्षमता से कूड़ा उठाएगी। इसमें 8 से 10 घंटे का बैटरी बैकअप रहेगा और इसकी 200 एएच की मजबूत बैटरी क्षमता है।

डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल ने कहा कि हमने ये मशीनें निगम को सौंप दी हैं। दिल्ली के प्रमुख वाणिज्यिक केंद्रों जैसे करोल बाग, लाजपत नगर आदि में इनसे सफाई की जाएगी।

### इन आठ बाजारों में चलेगा पायलट प्रोजेक्ट

इलेक्ट्रिक मशीनों से बाजारों की सफाई का पायलट प्रोजेक्ट साउथ एक्सटेंशन मार्केट, चांदनी चौक, करोल बाग, अजमल खान मार्केट, रोहिणी में डीसी चौक मार्केट, कमला नगर मार्केट, द्वारका में सेक्टर 10 मार्केट, आईपी एक्सटेंशन में बाल्को मार्केट और वसंत विहार की बसंत लोक मार्केट में चलाया।

# पुस्तक विंडोज टू ए माउंटेन का किया गया विमोचन



- पहाड़ों की जिंदगी से वाकिफ कराती है पुस्तक
- प्रगति मैदान में आयोजित किया जा रहा विश्व पुस्तक मेला

**नई दिल्ली,**14 फरवरी (देशबन्धु)। जीवन के अनुभवों को कविता के जरिए शब्दों में उतारने की कला सिर्फ कवि में होती है। शहर की दौड़-भाग भरी जिंदगी से परे पहाड़ों की शांति दिल को बड़ा चैन देती है। कुछ अलग करने और सोचने का अवसर देती है। एक नजरिया विकसित होता है, जो किसी के लिए आनंदमयी और प्रेरणादायी हो सकता है। यदि आप कुछ इसी तरह की कविताओं को पढ़ने और जानने का शौक रखते हैं, तो प्रगति मैदान में आयोजित वर्ल्ड बुक फेयर में कवि स्नेहल वाढेर की किताब विंडोज टू ए माउंटेन लॉन्च हुई है। स्नेहल बताया कि कॉपर कॉइन के सहयोग से 50 कविताओं का संग्रह छप सका है। अंग्रेजी की कविताएं बेहद आसान भाषा और शैली में लिखी गई हैं।

यदि कोई पहाड़ों के बारे में नहीं जानता, वहां की लाइफ से वाकिफ नहीं है, तो ये कविता संग्रह उनके लिए उपयुक्त हो सकता है। 15 वर्षों के अनुभव, सीख और प्रशिक्षण को कविता के माध्यम से आमजन को पहुंचाने का प्रयास किया है। कॉपर कॉइन के फाउंडर और एडिटोरियल डायरेक्टर सरबजीत गरचा ने बताया कि वो विश्वस्तरीय कविताओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नए कवि और लेखकों को अवसर मिलना चाहिए। स्नेहल की कविताओं को गहराई से पढ़ा है। उन्होंने कई ऐसे बिन्दुओं को कविता की शैली में लिखा है, जो दिल को छूता है। किताब में छोटी और बड़ी कविताएं भी हैं।

# ज्ञान व विद्या की देवी हैं सरस्वती माता : नीरज तिवारी



**नई दिल्ली,**14 फरवरी (देशबन्धु)। बिहार यूपी, झारखंड सहित पूरे पूर्वांचल समाज द्वारा उमंग से मनाए जाने वाले त्योहार सरस्वती पूजा में ज्ञान और विद्या की आराधना की गई। दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर हजारों की संख्या सरस्वती पूजन समारोहों का आयोजन किया जाता है झुग्गी बस्तियों से लेकर पॉश कॉलोनी में भी इस आयोजन को बसन्त पंचमी के रूप में मनाया जाता है। दिल्ली भाजपा पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष नीरज तिवारी ने आज दर्जनों स्थानों पर पूजा समारोहों में शामिल होकर पूर्वांचल की संस्कृतिक उत्सव को न सिर्फ प्रोत्साहित किया बल्कि बच्चो से अपनी अपनी शिक्षा और ज्ञान के लिए प्रेरित भी किया। भारत वर्ष ज्ञान की भूमि है और पूरी दुनिया में भारतीय अपनी ज्ञान की परम्परा के लिए जाने जाते हैं विश्व गुरु भारत पहले भी था और आज भी है इसके पीछे ज्ञान की देवी माता सरस्वती का विशेष आर्शीवाद है प्रदेश महामंत्री संजय तिवारी ने बताया कि दिल्ली में पूर्वांचली समाज छठ पर्व, विश्वकर्मा पूजा, मकर संक्रांति, और सरस्वती पूजा विषेश घूम धाम से मनाता है आज से ही होली की शुरुआत भी मानी जाती है सरस्वती पूजन में अबीर गुलाल चढ़ाने के साथ ही बसंत और फाल्गुन के रंग में वातावरण रंग जाता है आज से होली खेलने और गाने की शुरुआत भी हो जाती है।

# इस्कॉन द्वारका में भगवान पहनेंगे डिजाइनर परिधान


**नई दिल्ली,**14 फरवरी (देशबन्धु)। इस्कॉन द्वारका दिल्ली सेक्टर 13 में फैशन जगत के छात्रों का करिश्मा देखने को मिला। जे डी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के फाइनल ईयर के छात्रों ने भगवान के लिए डिजाइनर परिधान बनाए। गत दिनों मंदिर परिसर में फैशन डिजाइनर मेकिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें जे डी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के अंतिम वर्ष के लगभग 35 छात्रों ने भाग लिया। उनमें से जिन छात्रों के परिधानों को श्री श्री रुक्मिणी द्वारकाधीश, जगन्नाथ, बलदेव, सुभद्रा महारानी के लिए चयन किया गया, उन्हें पुरस्कार प्रदान करने के लिए एक विशेष आयोजन किया जा रहा है। गौरतलब है कि



- कृष्ण कृपा के लिए फैशन जगत के छात्रों का करिश्मा
- जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के छात्रों की कलाकारी

कृष्ण कृपा प्राप्ति के लिए फैशन जगत के इन छात्रों ने मंदिर की ओर से इस निमंत्रण को स्वीकार किया। छात्रों में बेहद उत्साह देखने को मिला। छात्रों का कहना है कि उनके करियर के लिए यह एक अनूठा प्रोजेक्ट है, जिसकी शुरुआत ही कृष्ण भगवान की सेवा से हुई है। उन्होंने कहा कि इसमें हमने कपड़े का मैटीरियल बिल्कुल सॉफ्ट एकदम भगवान के हिसाब से चयन किया है ताकि उन्हें मलमल जैसा आभास हो। डेकोरेटिव मैटीरियल भी एकदम नए अंदाज में पसंद किया है। ऐसे में श्रीभगवान सबसे अलग एवं सुंदर नज़र आएंगे। भविष्य में हमें इससे जुड़े कई काम मिलने की संभावना नजर आती है। इसके लिए इस्कॉन मंदिर एवं अपने फैशन इंस्टीट्यूट दोनों का आभार व्यक्त करते हैं।



उवाच "

आज के युवा को स्व का बोध नहीं है, उसको पता नहीं है कि हम क्या थे, हमारा इतिहास कितना गौरवमय व वैज्ञानिक था और यह एक सुनियोजित ढंग से किया गया, यहां के युवाओं के मन में अपने ही देश की बातों के लिए हीन भावना पैदा की गई, जैसे संस्कृत के बारे में प्रचारित किया गया कि संस्कृत एक मृत भाषा है, उसका कोई भविष्य नहीं है :-

**डॉ. गोपाल जी**

# नोएडा में बनेगा रॉक गार्डन, 16 को सीईओ के सामने होगा प्रजेंटेशन

## चंडीगढ़ से बेहतर बनाने की रहेगी कोशिश

**नोएडा,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। चंडीगढ़ से बेहतर रॉक गार्डन नोएडा के सेक्टर-18 में बनाने की तैयारी है। इसके लिए 16 फरवरी को नोएडा प्राधिकरण में सीईओ के सामने प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। रॉक गार्डन में क्या होगा यहां किस तरह के स्कल्पर लगाए जाएंगे। लोगों के बैठने और मनोरंजन के क्या साधन होंने। बाहरी आकृति कैसे होगी। इन सभी को मिलाकर एक डिजाइन तैयार किया जाएगा। इसी डिजाइन के आधार पर गार्डन की डीपीआर फाइनल की जाएगी।

इस गार्डन को बहुमंजिला वाहन पार्किंग के पास बनाने पर विचार किया जा रहा है। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि रॉक गार्डन में खासतौर से पत्थरों के वेस्ट मैटेरियल का प्रयोग किया जाएगा। यहां पर पहाड़ी लैंडस्केपिंग के तौर पर इसको तैयार किया जाएगा। इसको जापानी तकनीक पर भी तैयार किए जाने पर विचार किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि सेक्टर-18 में इसके लिए जगह देखी गई है, लेकिन अभी यह जगह आधिकारिक रूप से फाइनल नहीं की गई है। कुछ और जगह भी देखी गई हैं। ईओई में आने वाली कंपनियां जो प्रस्तुतीकरण देंगी, उसके हिसाब से जगह और कीमत फाइनल कर दी जाएगी। अधिकारियों ने दावा किया है कि इसको चंडीगढ़ से बेहतर बनाया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि प्राधिकरण की तरफ से रॉक गार्डन बनाने के लिए विभिन्न आर्किटेक्ट और आर्किटेक्ट कंपनियों से आवेदन मांगे गए हैं। कंपनियों को यह डिजाइन रिपोर्ट दो कलर कॉपी में देनी होगी। इस योजना को लेकर 16 फरवरी को नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड रूम में प्रस्तुतीकरण होगा। अधिकारियों ने बताया कि इसमें वहीं कंपनी आवेदन कर सकती हैं जिनको सात साल का अनुभव हो।

**यह है चंडीगढ़ का रॉक गार्डन**

रॉक गार्डन चंडीगढ़ के सेक्टर-1 में बना हुआ है। यह एक शिल्पकृत गार्डन अर्थात उद्यान है। इसे नेक चंद रॉक गार्डन के नाम से भी जाना जाता है, जो कि इसके संस्थापक थे। नेक चंद एक सरकारी कर्मचारी थे और उन्होंने वर्ष 1957 में अपने खाली समय में चुपचाप इस गार्डन को बनाना शुरू किया था। यह करीब 40 एकड़ में फैला हुआ है। यह पूरी तरह से औद्योगिक, घरेलू कचरे और छोड़ी गई वस्तुओं से बनाया गया है। जैसे कि बोतल, ग्लास, चूड़ियां, टाइल्स, चीनी मिट्टी के बर्तन, बिजली के कचरे, टूटे पाइप आदि से अलग-अलग कलाकृति बनाई गई हैं। यह गार्डन प्रकृति प्रेमियों के लिए भी एक बेहतरीन जगह है।

## फोनरवा ने प्राधिकरण की आवासीस स्कीम को रद्द करने की मांग

**नोएडा,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। फोनरवा (फेडरेशन ऑफ नोएडा आरडब्ल्यूए) ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर नोएडा प्राधिकरण द्वारा निकाली गई आवासीय स्कमी को रद्य करने की मांग की है। फोनरवा अध्यक्ष ने कहा कि सेक्टरों में हाउसिंग प्लॉटों की स्कीम निकाली गई है। जिसका आवंटन नीलामी के आधार पर किया जा रहा है। नीलामी के द्वारा आवंटन के कारण इन प्लॉट्स की कीमत अधिक हो जाती है। इसका लाभ बिल्डर्स, धनी लोग, प्रॉपर्टी से संबंधित व्यवसाय करने वालों को ही मिल रहा है। कीमत अधिक होने के कारण मध्यम वर्ग के लोग इसको खरीदने का सपना भी नहीं देख सकते। इस स्कीम को दोबारा से निकाला जाए और आवंटन लॉटरी के जरिए किया जाए। महा सचिव केके जैन ने बताया कि पिछले कई सालों से नोएडा प्राधिकरण द्वारा श्रमिक 1 बीएचके और 2बीएचके प्लाटों का निर्माण नहीं किया जा रहा है। पुराने फ्लैट्स कि कीमत बहुत अधिक है। ग्रुप हाउसिंग के नए प्रोजेक्ट भी आए हैं। इनमें सभी प्रोजेक्ट में तीन,चार और पांच बीएचके फ्लैट हैं। नोएडा इंडस्ट्रियल टाउन है यहां पर दूसरे छोटे अन्य शहरों से श्रमिक व कम और मध्यम वर्ग के लोग रोजगार के लिए यहां आते हैं। फ्लेटों की कीमत अधिक होने के कारण इन लोगों का अपना आशियाना बनाने की उम्मीद कमजोर हो रही है। अत: इन लोगों का अपना आशियाना हो इसके लिए उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री से निवेदन किया है कि नोएडा प्राधिकरण को कम व मध्यम वर्ग के लोगों के लिए अफॉर्डेबल हाउसिंग प्रोजेक्ट का निर्माण किया जाए।

## शिक्षा विकास अध्ययन संस्थान का भूमि पूजन



**नोएडा,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान के संसाधन एवं शोध केंद्र 'शिक्षा तथा विकास अध्ययन संस्थान' का भूमि पूजन सेक्टर 145 नोएडा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल ने किया। संस्थान के कोषाध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत शर्मा ने सपत्नी भूमि पूजन में सहभागिता की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. गोपाल जी ने उच्च शिक्षा में 'स्व' आधारित व्यवस्था को तैयार करने, शोध आधारित सत्य को सामने लाने एवं विदेशी बुद्धिजीवियों द्वारा भारत के विरुद्ध चलाए जा रहे दुष्प्रचार का तर्क व तथ्यों के साथ प्रत्युत्तर देने के लिए गहन शोध हेतु राष्ट्रीय सोच वाले बुद्धिजीवियों को आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भारत के लिए राष्ट्रीयता का पुनर्जागरण है। युवाओं को लेकर उन्होंने कहा कि आज के युवा को स्व का बोध नहीं है, उसको पता नहीं है कि हम क्या थे, हमारा इतिहास कितना गौरवमय व वैज्ञानिक था और यह एक सुनियोजित ढंग से किया गया, यहां के युवाओं के मन में अपने ही देश की बातों के लिए हीन भावना पैदा की गई, जैसे संस्कृत के बारे में प्रचारित किया गया कि संस्कृत एक मृत भाषा है, उसका कोई भविष्य नहीं है। उन्होंने कहा कि केवल लंबे चौड़े रोड और कंपनी बनने से देश का विकास नहीं होगा, भारत का विकास शिक्षा से होगा, आने वाली पीढ़ी को सभी विषयों की शिक्षा के साथ संस्कार भी देंने होंगे।

## सार संक्षेप

### सेक्टर-12 में खुला नमो सेवा केंद्र

**नोएडा।** बसंत पंचमी के अवसर पर नोएडा के सेक्टर 12 स्थित सूर्या संस्थान में नमो सेवा केंद्र का उद्घाटन भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने फीता काटकर किया। यह गौतम बुद्ध लोकसभा क्षेत्र का छठा व नोएडा का दूसरा नमो सेवा केंद्र है। इससे पहले नोएडा के सेक्टर 65, दादरी, जेवर, खुर्जा एवं सिकंदराबाद में नमो सेवा केंद्र खोले जा चुके हैं। कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने और जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में नमो- सेवा केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अग्रवाल ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पायदान तक पहुंचाने में जुटना होगा। तभी हम पूर्ण रूप से विकसित राष्ट्र बन पाएंगे और मोदी का सपना पूरा कर पाएंगे। इस अवसर पर सूर्या संस्थान से डी के मित्तल, राहुल शर्मा, धर्मेंद्र चपराना एवं मातृ शक्ति सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### मोनू खारी को युवजन सभा के प्रदेश महासचिव बनाया गया

**नोएडा।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति पर समाजवादी युवजन सभा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अरविंद गिरी ने अपनी कार्यकारिणी घोषित की है। जिसमें नोएडा के इलाबास गांव के निवासी मोनू खारी गुर्जर को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया। मोनू खारी लंबे समय से समाजवादी से जुड़े है और सक्रियता से कार्य कर रहे हैं। इससे पहले भी वह समाजवादी पार्टी के कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। मोनू खारी के युवजन सभा के प्रदेश महासचिव बनने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। मोनू खारी को प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर नोएडा के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। इस अवसर पर नवनियुक्त प्रदेश महासचिव मोनू खारी ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है उसका वह पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करूंगा।

### घर का ताला तोड़कर जुलरी और नगदी ले गए चोर

**नोएडा।** छलेरा गांव स्थित शिव मंदिर पर आयोजित जागरण में हिस्सा लेने गए परिवार के घर का ताला तोड़कर चोर हजारों रुपए नगद और लाखों के गहने चोरी कर फरार हो गए। जागरण के बाद परिवार जब वापस आया तो देखा कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है और अंदर रखी नगदी और गहने गायब है। सेक्टर-39 पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायत में छलेरा गांव निवासी पंकज चौहान ने बताया कि 11 फरवरी को उनके परिवार द्वारा शिव मंदिर पर जागरण का आयोजन किया गया था। रात में परिवार के सभी सदस्य जागरण में थे। जागरण समाप्त होने के बाद पंकज सुबह जब घर पहुंचे तो उन्हें ताला टूटा हुआ और सामान बिखरा हुआ मिला। पुलिस को कॉल करने के बाद पीड़ित ने जब आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली तो सुबह साढ़े चार बजे के करीब तीन चोर मकान का ताला तोड़ने के बाद अंदर दाखिल हुए दिखे। फुटेज के आधार पर पुलिस बदमाशों की पहचान कर रही है।

# मौजमस्ती के लिए बाइक चोरी करने वाले बदमाश 3 गिरफ्तार

**9 बाइक, 1 स्कूटी बरामद, ओएलएक्स पर बेचते थे, सेक्टर-42 में बनी झुग्गी को बनाया था गोदाम**



**नोएडा,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा के थाना सेक्टर 39 पुलिस ने अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गैंग को पकड़ा है। जो सिर्फ मौज मस्ती के लिए बाइक चोरी किया करते थे। बाइक चोरी करने के बाद ओएलएक्स पर उसको बेचने का विज्ञापन जारी करते थे। इसके बाद जो लोग उनके संपर्क में आते थे उनको बाइक बेच देते थे। इसके लिए नकली दस्तावेज तक बनवाते थे। इस गैंग के तीन लोगों को पुलिस ने पकड़ा है। जिसमें एक नाबालिग है। बाइक बेचने के जो भी पैसे मिलते थे उससे मौज मस्ती करते थे।

इनकी पहचान पिंटू, रोहित हुई है। दोनों ही बुलंदशहर के रहने वाले है। इनके साथ एक नाबालिग को भी पकड़ा है। इनके पास से 9 बाइक और 1 स्कूटी बरामद की गई है। बदमाशों को स्टैलर पार्क से 50 कदम दूरी पर दादरी की तरफ वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। इन लोगों ने नोएडा और दिल्ली में अलग-अलग स्थानों से बाइक चोरी की है। ये लोग एक ही मोटर साइकिल पर सवार होकर नोएडा व दिल्ली में घुमते फिरते हुए मार्केट व सेक्टरो में खड़ी बाइक की रेकी करते थे। इसके बाद रात में बाइक चोरी कर फरार हो जाते थे।

चोरी किए गए बाइक को सेक्टर 42 के जंगल में बनी झुग्गी झोपड़ी में छुपा देते है। मौका देखकर मोटर साइकिलों को ओएलएक्स के माध्यम से व बाहर के रहने वाले लोगों को सस्ते दामों मे बेच देते थे। बेचने पर मिले रुपये को तीनों आपस में बांट लेते थे। पकड़ा गया रोहित पूर्व में लूट और चोरी के मुकदमें में जेल जा चुका है। पुलिस ने बताया कि ये लोग महज दो से तीन मिनट में ही बाइक का लॉक तोड़कर उससे स्टार्ट कर फरार हो जाते थे। इसके लिए कोई डिवाइस नहीं प्रयोग करते थे।

चोरी करने के दौरान दो लोग बाइक के पास रहते थे और एक निगरानी करता था। जैसे ही किसी के आने की भनक लगती थी ये लोग वहां से फरार या छिप जाते थे। फिलहाल पुलिस ने इनको इलेक्ट्रॉनिक और मैनुअल इंटेलिजेंस के आधार पर गिरफ्तार किया है। इनसे बरामद की गई बाइकों में हीरो स्प्लेंडर प्लस, अपाचे, बुलेट क्लासिक, केटीएम जैसी बाइक भी शामिल है।

## विकास संघर्ष समिति के पदाधिकारियों तथा नगर आयुक्त सहित निगम अधिकारियों की हुई बैठक, कूड़े की समस्या के समाधान पर हुई चर्चा



**गाजियाबाद,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम मुख्यालय में विकास संघर्ष समिति के पदाधिकारी तथा नगर आयुक्त सहित निगम अधिकारियों के बीच बैठक हुई । जिसमें पाइपलाइन पर हो रहे कूड़े के प्रोसेस को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई जिसमें नगर आयुक्त ने अधिकारियों को दिए गए आश्वासन पर अमल करने के लिए निर्देश, आवागमन में कूड़े की गाड़ियों को सुविधा न हो इसके लिए रोड की मरम्मत, कूड़ा गाड़ियों में ढक कर आए, निर्धारित रूट की सड़क धूल मुक्त रहे इसके लिए पानी के टैंकर की व्यवस्था, व अन्य जनहित के विषय पर चर्चा हुई। शहर वासियों की समस्याओं को सर्वोपरि देखते हुए पाइपलाइन पर कूड़े का प्रोसेस निर्बाध चला रहे साथ ही किस प्रकार कार्यशैली को सरल बनाया जा सकता है योजना भी बनाई गई।

बैठक में विकास संघर्ष समिति गाजियाबाद के पदाधिकारी ने गाजियाबाद नगर निगम का सहयोग करने के लिए अपना कदम आगे बढ़ाया, नगर आयुक्त के समक्ष अपने पक्ष को रखते हुए जनहित में कार्य जारी रखना तथा सहयोग देने के लिए विषय को रखा इसी क्रम में आने वाली कई समस्याओं के समाधान पर तत्काल कार्यवाही हो चर्चा की गई, जनप्रतिनिधियों के विशेष सहयोग से गाजियाबाद नगर निगम शहर वासियों के लिए बेहतर कार्य प्रणाली पर कार्य कर रहा है जो की सराहनीय है बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश उद्यान प्रभारी डॉक्टर अनुज व अन्य संबंधित टीम भी उपस्थित रही।

## महिला से गैंगरेप, दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नोएडा,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा में ऑटों में एक महिला के साथ दो लोगों ने गैंगरेप किया। उसका अश्लील वीडियो बना लिया। उसे ब्लैकमेल करने लगे। परेशान होकर महिला ने थाना सेक्टर-58 पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने दोनों आरोपी अजय और गोलू को गिरफ्तार कर लिया । महिला का मेडिकल कराकर आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है। साथ ही पूरे मामले की जांच की जा रही है। गोलू और अजय दोनों ही महिला को जानते है। आरोप है कि दोनों ने उसे फोन करके थाना सेक्टर-58 क्षेत्र में बुलाया। यहां उसे जबरन ऑटो में बिठा लिया। उसके बाद उससे बदसलूकी करने लगे। बारी बारी से दोनों ने उसके साथ रेप किया। उसका वीडियो बनाया और वायरल करने की धमकी देने लगे। महिला करीब 48 साल की है और नजदीक के गांव में ही रहती है। पुलिस को मिली शिकायत के बाद दोनों को आरोपियों को खोड़ा से गिरफ्तार किया। डीसीपी विद्या सागर मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। महिला का मेडिकल कराया गया है।

**आरोपियों ने फोन कर बुलाया, ऑटो में किया रेप, बनाया वीडियो**

पुलिस ने बताया कि जिस रात उसके साथ रेप हुआ वह काफी डर गई थी। आरोपियों ने वीडियो वायरल और परिजनों को जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद वो थाने नहीं गई। इसके बाद उसे परेशान किया गया। जिसके बाद पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## वसंत पंचमी पर मेवाड़ में विधि विधान से हुआ मां शारदा पूजन



**गाजियाबाद,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के मंदिर में वसंत पंचमी पर्व श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया। मां शारदे की मूर्ति को पंचामृत से स्नान कराया गया। विधि विधान से मां शारदे पूजन व स्नान मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया व इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने कराया। मेवाड़ परिवार के सभी सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने वस्त्र, फूल-फल, मेवे का भोग लगाने के बाद मंदिर परिसर में मां शारदा के प्रति अपनी आस्था, आराधना व वंदना के स्वर समर्पित किये। डॉ. गदिया के अनुसार हर वर्ष वसंत पंचमी का पर्व इसी प्रकार से मनाया जाता है। इसका मकसद शिक्षा के मंदिर में मां शारदा का वंदन कर शिक्षा का माहौल बनाये रखना तो है ही, हर सम्प्रदाय के विद्यार्थियों में मां शारदा का पूजन-वंदन करने की प्रेरणा देना भी है। प्रसाद वितरण के साथ इसका समापन हुआ।

## नोएडा में भाजपा ने खोला चुनाव कार्यालय

**हवन पूजन के साथ काटा गया फीता, सांसद व अन्य पदाधिकारी रहे मौजूद**



**नोएडा,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार को भाजपा ने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यालय नोएडा के सेक्टर-58 ए-88 में हवन पूजन के साथ खोला गया। उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं लोकसभा सांसद डॉ महेश शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र शिशोदिया, मनोज गुप्ता जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता, विकास चौहान जिलाध्यक्ष बुलन्दशहर, गजेंद्र मावी जिलाध्यक्ष गौतमबुद्ध नगर ने किया। सभी ने कार्यालय में पूजा अर्चना की और क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कार्यालय का फीता काट कर आधिकारिक उद्घाटन किया। इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष ने सभी को संबोधित करते हुआ का कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा इस बार 400 से ज्यादा सीट प्राप्त करेगी। साथ ही गौतमबुद्ध नगर में रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जिस तरह देश को विश्व पटल पर ला दिया है वो हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। आज हम सभी को एक साथ पूरे जोश से भाजपा को पूर्ण बहुमत से जिताना है। साथ ही यहां से जो भी विपक्ष में आएगा उसकी जमानत जब्त करनी है।

इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा सुखविंदर सोम, नोएडा विधानसभा चुनाव संयोजक गणेश जाटव, लोक सभा विस्तारक सुखपाल, महामंत्री उमेश त्यागी, गिरजा सिंह, उमेश यादव, पूर्व अध्यक्ष राकेश शर्मा, मनीष शर्मा, युद्धवीर चौहान, विनोद शर्मा, तन्मय शंकर, गिरीश कोतनाला, मुकेश शर्मा, संजय बाली, प्रमोद बहल, गोपाल गौड़, चमन अवाना, अमरीश त्यागी, सुचित्रा कक्कड़, हर्ष चतुर्वेदी, धर्मेंद्र गुप्ता, रवि मिश्रा, प्रदीप चौहान, पूनम चौहान, शारदा चतुर्वेदी, ओमवीर अवाना, रवि यादव, विवेक मिश्रा, शिवांश श्रीवास्तव, मल्लिकेशर झा, प्रज्ञा पाठक, ओम यादव, अशोक मिश्रा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन गाड़ियों का ट्रैकिंग सिस्टम और होगा मजबूत, नगर आयुक्त ने लिया डेमो




**गाजियाबाद,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों के ट्रैकिंग सिस्टम का डेमो लिया गया। जिसके अंतर्गत कूड़ा कलेक्शन गाड़ियों मे लगे हुए जीपीएस सिस्टम की कार्य प्रणाली को देखा गया,'व्हीकल ट्रेकिंग मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से गाड़ियों की लोकेशन को आसानी से ट्रैक किया जा सकेगा ।

जिससे शहर वासियों को भी सुविधा रहेगी स्वास्थ्य विभाग की अन्य आने वाली गाड़ियों में भी इसी कार्य प्रणाली के माध्यम से कार्य होगा नगर आयुक्त द्वारा संबंधित टीम को कम समय लगाते हुए कार्यवही करने के निर्देश दिए गए। उच्च तकनीकी के माध्यम से जीपीएस के द्वारा ट्रैकिंग सिस्टम को मजबूत किया जा रहा है जिसके लिए अलग से कंट्रोल रूम भी बनाया गया है स्वास्थ्य विभाग की टीम डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों पर नजर रख सकती है शहर वासियों को तथा व्यापारी वर्ग को इसकी सुविधा मिलेगी समय से और सही रूट के माध्यम से गाड़ियां निर्धारित स्थान पर निर्धारित समय पर पहुंचेंगे, किसी भी दशा में यदि डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वहां अपने निर्धारित समय और निर्धारित रूट से भटकते हैं तो उसके लिए अधिकारी को तुरंत अलर्ट मिल जाएगा जिस पर अविलंब कार्यवाही की जाएगी, बैठक के दौरान डॉक्टर मिथिलेश द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त महोदय के निर्देश अनुसार उच्च तकनीकी के माध्यम से कूड़ा कलेक्शन गाड़ियों पर नजर बनाने का कार्य शीघ्र ही शुरू होगा जिसके लिए कंट्रोल रूम के माध्यम से सभी कूड़ा वाहनों पर नजर बनाए जा सकेगी शीघ्र ही क्रियान्वयन करने के लिए नगर आयुक्त ने निर्देश दिए हैं।

# नोएडा में 16 से 4 मार्च तक आयोजित होगा सरस मेला

**28 राज्यों के हस्त निर्मित उत्पादों की रहेगी धूम, पर्यटन परंपरा कला एवं संस्कृति का मनोरम माहौल है थीम**



**नोएडा,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा में 'पर्यटन, परंपरा, कला एवं संस्कृति का मनोरम माहौल' थीम के साथ 16 फरवरी से लेकर 04 मार्च सरस आजीविका मेला 2024 का आयोजन किया जा रहा है। ये मेला सेक्टर 33 के नोएडा हाट में किया जाएगा। मेले में स्वाति शर्मा , संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय,भारत सरकार, नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम जिलाधिकारी मनीष वर्मा तथा चिरंजीलाल कटारिया ने विस्तृत जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा आयोजित इस सरस आजीविका मेला 2024 में ग्रामीण भारत की शिल्प कलाओं का मुख्य रूप से प्रदर्शन किया जाएगा। 16 से 04 मार्च 2024 तक चलने वाले इस उत्सव में नोएडा के नोएडा हाट में मौजूद करीब 28 राज्यों के 400 से अधिक महिला शिल्प कलाकार, परंपरा, हस्तकला एवं ग्रामीण संस्कृति व स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं हिस्सा लेंगे। इसके साथ ही 85 से ज्यादा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

सरस मेले वर्ष 1999 से निरंतर आयोजित हो रहे हैं। इन मेलों के माध्यम से लाखों महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। मेले में बच्चों के खेलकूद व मनोरंजन के लिए भी संसाधन मौजूद रहेंगे। मेले में दिल्ली-नोएडा सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लाखों दर्शक व ग्राहक भाग लेंगे। दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तमाम व्यवस्थाएं की जा रही हैं। पारदर्शिता को देखते हुए इस सरस आजीविका मेले में स्वयं सहायता समूहों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, नोमिनेशन की व्यवस्था की गई है। मेले में बीसी सखी व झारखंड की पत्रकार दीदियां भी भागीदारी करेंगी।

जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने कहा हमारे देश की महिलाओं में बहुत हुनर हैं। ये हुनर आपको सरस मेले के माध्यम से देखने को मिलेंगे। महिला सशक्तिकरण के साथ ही उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का सरकार का उद्देश्य है। इस अवसर पर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने कहा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सभी को सहयोग करना चाहिए। नोएडावासियों का सौभाग्य है कि केंद्र सरकार के सरस मेले का आयोजन नोएडा हॉट में हो रहा है। जिसमे उन्हें 28 राज्यों के महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पाद देखने को मिलेंगे। इंडिया फूड कोर्ट सरस आजीविका मेले में इस बार महत्त्वपूर्ण इंडिया फूड कोर्ट में देश भर के 20 राज्यों की 80 (उद्यमी) गृहणियों का समूह अपने प्रदेश के प्रसिद्ध क्षेत्रीय व्यंजनों के स्टाल लगाएंगी। जिसमें हर प्रदेश के क्षेत्रीय व्यंजनों के स्वाद का अनोखा आनंद प्राप्त होगा।

उवाच

अपर आयुक्त अपने निरीक्षण के दौरान ई.आर. के, संयुक्त कार्यालय, रिकॉर्ड रूम, जिला पूर्ति कार्यालय, सी.आर.ए, खनन विभाग, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, ए.आई.जी. स्टांप कार्यालय एवं अन्य विभागों में पहुंचे, जहां पर उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कार्यालयों में मानकों के अनुरूप रिकॉर्ड/फाइलों का रखरखाव एवं कार्यालय में साफ सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए:-

हिमांशु, अपर आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ

# कैपिटल ज़ोन

## ग्रेनो वेस्ट में बदली गई फुट ओवर ब्रिज बनाने की लोकेशन

- अर्थ एसईजेड व निजी अस्पताल के सामने एफओबी बनाने पर लगी रोक
- प्राधिकरण की अनुमति के बिना लोकेशन बदलने पर सीईओ ने लिया एक्शन
- कॉन्ट्रैक्टर के खिलाफ ब्लैकलिस्ट करने के लिए नोटिस जारी करने के निर्देश

**ग्रेटर नोएडा,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अनुमति के बिना फुटओवर ब्रिज की जगह बदलकर अर्थ एसईजेड व निजी अस्पताल के सामने बनाने की घटना को सीईओ एनजी रवि कुमार ने गंभीरता से लिया है। सीईओ ने फुटओवर ब्रिज के निर्माण पर तत्काल रोक लगाते हुए जांच कर तीन दिन में रिपोर्ट भी मांगा है। अब तक जितना निर्माण हो चुका है, उसे भी तोड़ने के निर्देश दिए है। सीईओ ने संबंधित कॉन्ट्रैक्टर को नोटिस जारी कर ब्लैक लिस्ट करने के निर्देष दिए हैं। साथ ही कार्य में लापरवाही मानते हुए इस प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

दरअसल, ग्रेटर नोएडा वासियों की सुविधा को देखते हुए सीईओ एनजी रवि कुमार ने जरूरत के हिसाब से सभी सार्वजनिक जगहों पर फुटओवर ब्रिज बनाने के निर्देश दिए हैं, ताकि लोगों को सड़क पार करने में सुविधा हो सके। इनमें से ही एक फुटओवर



ब्रिज ग्रेटर नोएडा वेस्ट में निराला एस्टेट और सुपरटेक ईको विलेज के पास बनाया जाना था, लेकिन कॉन्ट्रैक्टर ने प्राधिकरण से अनुमति के बिना लोकेशन बदल दिया। कान्ट्रैक्टर निराला एस्टेट के पास वाले एफओबी को अर्थ एसईजेड के पास और सुपरटेक ईको विलेज को निजी अस्पताल के पास बनाने लगा। इसकी सूचना सीईओ तक पहुंची। उन्होंने इसे गंभीरता से लिया और दोनों फुटओवर ब्रिज का काम तत्काल रुकवा दिया। सीईओ ने एक कमेटी बनाकर इसकी जांच कराने नोटिस जारी कर ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही कार्य में लापरवाही मानते हुए इस प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। सीईओ ने ग्रेटर नोएडावासियों से सर्वाधिक जरूरत वाले जगहों की लोकेशन पर सुझाव देने की अपील की है।

### एक एफओबी बना, सात और जल्द बनेंगे

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कुल 8 जगहों पर फुटओवर ब्रिज बनवा रहा है। ये 8 फुटओवर ब्रिज सूरजपुर-कासना रोड पर कैलाश अस्पताल के सामने, गामा शापिंग कॉम्प्लेक्स के सामने, ओमेगा शापिंग कॉम्प्लेक्स, दुर्गा टॉकीज जंक्षन, कलेक्ट्रेट के सामने, ग्रेनो वेस्ट में एक मूर्ति गोलचक्कर, निराला एस्टेट टाउनशिप के सामने और सुपरटेक इकोविलेज के सामने बनने हैं। इन 8 में से पांच जगहों पर फुटओवर ब्रिज बनाने के लिए कंपनियों का चयन कर लिया गया है। ये पांच फुटओवर ब्रिज ग्रेटर नोएडा में सूरजपुर-कासना रोड पर कैलाश अस्पताल के सामने, गामा शापिंग कॉम्प्लेक्स के सामने और ग्रेनो वेस्ट में एक मूर्ति गोलचक्कर, निराला एस्टेट टाउनशिप के सामने और सुपरटेक ईको विलेज के सामने बनेंगे। इनमें से एक मूर्ति गोलचक्कर के पास फुटओवर ब्रिज का निर्माण जल्द पूरा भी होने वाला है। बाकी एफओबी बनने हैं। पीपीपी के अंतर्गत डीबीएफओटी (डिजाइन, बिल्ट, फंड, आपरेट एंड ट्रांसफर) के पैटर्न पर बनने वाले इन पांच फुटओवर ब्रिज से प्राधिकरण को हर माह करीब नौ लाख रुपए की आमदनी भी होगी।

## मामूली विवाद में चचेरे भाई से मारपीट, चार पर केस

**जेवर,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। कस्बे के मौहल्ला सल्लियान में मामूली विवाद को लेकर दो युवकों ने अपने साथियों के साथ मिलकर चचेरे भाई व उसकी पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपितो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जेवर कस्बा के मौहल्ला सल्लियान के पीड़ित मुकेश ने बताया कि मंगलवार को मामूली विवाद को लेकर उसके ताऊ के लड़के अमर व राजेश ने अपने साथी गौरव व विक्की के साथ मिलकर गाली गलोच शुरू कर दी। पीड़ित द्वारा विरोध करने पर आरोपित ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की पत्नी ने बचाने का प्रयास किया तो आरोपितों ने उसके साथ भी मारपीट की। पड़ोसियों के आने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपितो की तलाश शुरू कर दी है।

## पांच वाणिज्यिक भूखंडों के आवंटन से ग्रेनो प्राधिकरण को मिलेंगे 253 करोड़

- रिजर्व प्राइस से 46 करोड़ रुपए अधिक कीमत बिके ये भूखंड
- इन भूखंडों पर होटल, मॉल, शोरूम बनने से होगी सुविधा

**ग्रेटर नोएडा,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा वाणिज्यिक निवेशकों के लिए पहली पसंद बना हुआ है। एक साथ 5 वाणिज्यिक भूखंडों के रिजर्व प्राइस से अधिक दरों पर आवंटन से इस बात की पुष्टि होती है। वाणिज्यिक भूखंडों की योजना के अंतर्गत ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को पांच भूखंडों के एवज में रिजर्व प्राइस से 207 करोड़ रुपए मिलने थे, लेकिन बिड होने से लगभग 253 करोड़ रुपए प्राप्त हुए। इन भूखंडों पर होटल, मॉल, शोरूम, बैंकों की शाखाएं आदि बन सकेंगे।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर वाणिज्यिक विभाग की तरफ से बीते 10 नवंबर को 4 एफएआर वाले कॉमर्शियल भूखंडों की स्कीम निकाली थी। पंजीकरण की आखिरी तिथि 01 दिसंबर थी और डॉक्यूमेंट जमा



करने की अंतिम तिथि 08 दिसंबर थी। प्राधिकरण की इस योजना के 5 भूखंडों के लिए सोमवार को बिड हुई। ये पांचों भूखंड सेक्टर अल्फा टू में स्थित हैं। इनमें से सी-2, अल्फा टू का एरिया 11,500 वर्ग मीटर का है। इस भूखंड की रिजर्व प्राइस से कीमत लगभग 109 करोड़ रुपए थी। यह भूखंड लगभग 115 करोड़ रुपए में बिका। शेष चारों भूखंड (एसएलसी-3/1, एसएलसी -3/2, एसएलसी-3/3 और एसएलसी-3/4) 2580-2580 वर्ग मीटर के हैं। इनकी रिजर्व प्राइस के हिसाब से प्रत्येक भूखंड की कीमत 35.28 करोड़ रखी गई। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि ये भूखंड रिजर्व प्राइस से औसतन 40 फीसदी अधिक दर पर बिके हैं। इन चारों में से एक भूखंड 35.98 करोड़, दूसरा 33.28 करोड़, तीसरा 34.26 करोड़ और चौथा भूखंड 34.02 करोड़ रुपये में बिका। इस तरह इन पांच भूखंडों से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को 46 करोड़ रुपये अधिक प्राप्त हुए हैं। इन भूखंडों पर कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनने से आसपास के लोगों को रोजमर्रा के सामान खरीदने की जरूरत भी पूरी हो सकेगी।

## जेवर टोल प्लाजा पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**जेवर,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे के जेवर टोल प्लाजा पर बुधवार को सड़क सुरक्षा के नियमों को लेकर जागरूक किया गया तथा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यमुना एक्सप्रेस वे के जेवर टोल प्लाजा के वरिष्ठ टोल प्रबंधक जेके शर्मा ने बताया कि बुधवार को कैलाश अस्पताल जेवर के चिकित्सकों के सहयोग से टोल प्लाजा पर वाहन चालकों व यात्रियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस मौके पर लोगो को जागरूक करते हुए वाहन चलाते



समय हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने व सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की अपील की गई तथा सड़क सुरक्षा संबंधी पर्चे भी वितरित किये गए और ट्रैक्टर ट्रॉली, एलसीवी, ट्रक, बसों आदि भारी वाहनों पर परावर्तक टेप भी चिपकाये गए। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी अभय कुमार सिंह व एसीपी प्रवीन कुमार सिंह व यमुना एक्सप्रेस वे के जनरल मैनेजर कर्नल संदीप शर्मा ने किया। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह चौहान , राजेश दीक्षित टीएसआई, विशन शाइमा प्रशासन प्रबंधक, डॉक्टर डॉ. एके सिंह चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. सुभाष राणा नेत्र विशेषज्ञ, डॉ. शोभित सक्सेना, डॉ. अरविंद पाल, डॉ. अभिषेक गौड़ चिकित्सा अधिकारी यमुना एक्सप्रेसवे आदि मौजूद रहे।

## नोएडा एयरपोर्ट : 26 स्थानों पर पेड़ विमानों के टेकऑफ व लैंडिंग बन सकते है बाधा

- एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के ऑब्सटेकल सर्वे में हुआ खुलासा
- अब इन पेड़ों को स्थानांतरित करने की योजना तैयार कर रहा यमुना प्राधिकरण

**ग्रेटर नोएडा,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर में विमानों के टेकऑफ और लैंडिंग में 26 स्थानों पर पेड़ बाधा बन सकते हैं। यह खुलासा एयरपोर्ट अथॉरिटी आफ इंडिया के ऑब्सटेकल सर्वे में हुआ। अब इन पेड़ों को स्थानांतरित किया जाएगा। ताकि एयरपोर्ट का संचालन सुगम तरीके से हो सके। नोएडा एयरपोर्ट का ऑब्सटेकल सर्वे एडीएल कॉर्डिनेटस प्रालि ने किया है। यह कंपनी एयरपोर्ट अथॉरिटी आफ इंडिया के पैनल में शामिल है। यह सर्वे पिछले साल 23 नवंबर से आठ दिसंबर तक हुआ था। इसमें बताया गया कि एयरपोर्ट की चारदीवारी के बाहर भी कुछ बाधाएं हैं, जिनसे विमानों की लैंडिंग और टेक ऑफ में दिक्कत आएगी। इन बाधाओं को दूर किया जाना जरूरी है। अब इस दिशा में काम शुरू किया जाएगा। सर्वे में बताया गया है कि एयरपोर्ट की चारदीवारी के बाहर 26 स्थानों पर पेड़ या पेड़ों के समूह हैं, जो विमानों की लैंडिंग और टेकऑफ में दिक्कत पैदा कर सकते हैं। सर्वे में इन पेड़ों की लोकेशन अक्षांश और देशांतर में दी गई है। कहा गया है कि इनको हटाया जाना जरूरी है। विकासकर्ता कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रालि ने इसको लेकर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नियाल) को पत्र लिखा है। पत्र मिलने के बाद नियाल के अधिकारी हरकत में आ गए हैं। अब इस दिशा में काम शुरू किया जाएगा। इसको लेकर वन विभाग से भी अनुमति ली जाएगी ताकि आगामी कार्रवाई की जा सके। सर्वे में बताया गया है कि एयरपोर्ट के नार्थ साइड की रोड से वाहनों की आवाजाही रहेगी। इस रोड से चार मीटर से वाहन नहीं गुजर पाएंगे। अगर इससे ऊंचे वाहन गुजरते हैं तो विमानों की लैंडिंग और टेकऑफ में दिक्कत आ सकती है। इसके चलते अब इस रोड पर बैरियर लगाए जाएंगे। ताकि तय ऊंचाई के वाहन ही निकल सकें। अब इस काम को प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा ताकि एयरपोर्ट संचालन से पहले सारी बाधाएं दूर की जा सकें।

## शहर की सर्विस रोड कूड़ा डालने की समस्या का समाधान तलाश रहा ग्रेनो प्राधिकरण

**ग्रेटर नोएडा,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। शहर की सर्विस रोड पर कूड़ा डालने की समस्या हल करने की कवायद शुरू हो गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण करीब 200 किमी सर्विस रोड की सफाई और कूड़ा उठाने के लिए एजेंसी की तलाश कर रहा है। इसमें करीब 200 कर्मचारी होंगे। ग्रेटर नोएडा की सर्विस रोड में कई जगह कूड़ा और कचरा पड़ा है। मैन्युअल सफाई के माध्यम से एकत्र किए गए कचरे को लखनावली डंपिंग ग्राउंड तक ले जाना शर्तों में नहीं शामिल है। इससे सर्विस रोड पर कूड़ा जमा हो गया है। खाली भूखंडों पर भी कचरा जमा हो गया है। इस समस्या को हल करने के लिए प्राधिकरण ने ठेकेदारों के लिए मौजूदा नियमों और शर्तों में संशोधन करने का निर्णय लिया है। प्राधिकरण ने निर्णय लिया है विभिन्न सेक्टर में एजेंसी 200 किलोमीटर लंबी सर्विस सड़कों पर मैन्युअल सफाई करेगी। सर्विस रोड की सफाई और कूड़ा एकत्र करने के लिए एजेंसी की तलाश की जा रही है। इसमें 200 सफाई कर्मचारियों की टीम रहेगी। यह टीम प्रदर्शन या हड़ताल की स्थिति में क्यूआरटी टीम के रूप में भी काम करेगी। एजेंसी चयनित होने के बाद पहले पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर काम कराया जाएगा। 10 महीने के काम के बाद एजेंसी के प्रदर्शन के आधार पर उसका समय बढ़ाया जा सकता है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने कहा कि सफाई और कचरा एकत्र में शामिल एजेंसियों के बीच स्पष्ट सीमांकन की कमी के कारण सर्विस लेन में कचरा बढ़ जाता है। ऐसे में किसी एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई करना मुश्किल है। क्योंकि वे एक-दूसरे पर आरोप लगाते हैं। अब इसमें बदलाव किए जा रहे हैं ताकि सफाई व्यवस्था को और सुधारा जा सके। इस काम को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है।

## अपर आयुक्त मेरठ मंडल जिला मुख्यालय के कार्यालयों का किया निरीक्षण

**ग्रेटर नोएडा,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। अपर आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ हिमांशु ने कलेक्ट्रेट परिसर व कलेक्ट्रेट में स्थित विभिन्न कार्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया। अपर आयुक्त अपने निरीक्षण के दौरान ई.आर. के, संयुक्त कार्यालय, रिकॉर्ड रूम, जिला पूर्ति कार्यालय, सी.आर.ए, खनन विभाग, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, ए.आई.जी. स्टांप कार्यालय एवं अन्य विभागों में पहुंचे, जहां पर उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कार्यालयों में मानकों के अनुरूप रिकॉर्ड/फाइलों का रखरखाव एवं कार्यालय में साफ सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। अपर आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए की कार्यालयों में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए एवं साथ ही निर्देश दिए।

## सामाज से जुड़े लोगों ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

### सांसद डॉ. महेश शर्मा व दादरी विधायक ने लोगों को ग्रहण कराई भाजपा की सदस्यता

**ग्रेटर नोएडा,** 14 फरवरी(देशबन्धु)। जिला भाजपा कार्यालय पर दादरी विधानसभा का सदस्यता सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें समाज के प्रमुख लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया, जिनमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद डॉक्टर महेश शर्मा, दादरी विधायक तेजपाल नागर, जिला अध्यक्ष गजेंद्र मावी रहे। इस अवसर पर जिला बार के पूर्व अध्यक्ष सुशील भाटी अपने सैकड़ो समर्थन के साथ विधिवत भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। दादरी नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विक्रम ठेकेदार की सुपुत्री डॉक्टर प्रियंका चौधरी, वरिष्ठ समाजसेवी भाजपा पूर्व जिला महामंत्री की पुत्रवधू डॉक्टर जोशना रावल ने भी



भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। दादरी विधानसभा के करीबन 200 लोगों ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा। सभी को भाजपा का पटका टोपी पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि भाजपा परिवार में सबका स्वागत एवं अभिनंदन है पार्टी सबका साथ और सबका विकास सबका विश्वास को लेकर आगे बढ़ रही है। आज देश प्रदेश में दूसरे अन्य दलों से भारी संख्या में भाजपा पार्टी जॉइन कर रहे हैं। विधायक तेजपाल नागर व जिला अध्यक्ष गजेंद्र मावी ने कहा कि पार्टी में आये सभी समाजसेवियों का स्वागत अभिनंदन है। इस अवसर पर मुख्यरूप से ब्लॉक प्रमुख विजेंद्र भाटी, सेवानन्द शर्मा, अभियान के दादरी विधानसभा प्रमुख रवि जिंदल, मनोज गर्ग, धर्मेन्द्र कोरी, राज नागर, जसभूषण गर्ग, राहुल यादव, अमित बैंसोडिया, कर्मवीर आर्य, कपिल गुर्जर, मनीष भाटी, बीडीसी जगभूषण गर्ग, पवन नागर, कपिल गुर्जर, रवि भदोरिया, मनोज भाटी, मनोज प्रधान आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ग्रेनो प्राधिकरण का बिसरख के पास डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

**ग्रेटर नोएडा,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बुधवार को बिसरख के पास हिंडन नदी के डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण पर बुल्डोजर चलाया। इस कार्रवाई में 40000 वर्ग मीटर से अधिक जमीन खाली कराई गई। प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा ने बताया कि कुछ कालोनाइजर बिसरख के डूब क्षेत्र में जमीन पर अवैध कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे। वर्क सर्किल तीन के प्रबंधक प्रषांत समाधिया और सहायक प्रबंधक गौरव बघेल के नेतृत्व में टीम ने बुधवार को मौके पर जाकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। करीब 5 घंटे तक यह कार्रवाई चली। खसरा नंबर 112, 113, 116, 123 व 124 की लगभग 40 हजार वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करा लिया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने चेतावनी दी है कि प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में किसी भी व्यक्ति ने अवैध कब्जे की कोशिश की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने लोगों से अपील की है कि इन कालोनाइजरों के झांसे में आकर अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं। ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित एरिया में किसी भी व्यक्ति को अवैध निर्माण करने की इजाजत नहीं है। ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें।



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 40,000 वर्गमीटर जमीन अतिक्रमण से कराया मुक्त

## बीजेपी नेताओं ने अन्य पार्टियों के नेताओं को दिलाई सदस्यता

**जेवर,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कस्बे के झाझर रोड स्थित परशुराम धर्मशाला मे सदस्यता अभियान को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमे अन्य पार्टियों व संगठनों से बीजेपी मे शामिल हुए नेताओं को बीजेपी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी रहे। यहां हिंदू युवा वाहिनी के जिला महामंत्री पंडित नवीन शर्मा अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ पहुंचे और भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। इनके साथ ही विभिन्न पार्टियों और संगठनों से आये करीब 25 लोग बीजेपी मे शामिल हुए कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी का पटका व टोपी पहनकर प्राथमिक सदस्यता दिलाई गई। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र नगर, बॉबी शर्मा, पंडित हरिदत्त शर्मा आदि मौजूद रहे।





देशबन्धु

पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा

समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें

खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता

फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु

समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें

क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा

Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises

सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता

Mob.: 9910280173

Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

विषयः निविदा संख्या 15-DyCEE-GSU-DLI-23-24R2 आमंत्रित करने हेतु सूचना

उपमुख्य परियोजना प्रबंधक विद्युत/गति शक्ति/उत्तर रेलवे, डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली- 110001 द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इसे दिनांक 15.02.2024 को IREPS वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य और स्थान का नाम | बल्लीमारान दिल्ली में नई दिल्ली यार्ड को पार करने के लिए कुतुब रोड और श्रद्धानंद मार्ग के बीच रेलवे लाइन पर एक सिरे से दूसरे सिरे तक सार्वजनिक एफओबी के निर्माण के लिए 25 केवी एसी सिंगल फेज ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। |
| 2 | निविदा सूचना संख्या | 15-DyCEE-GSU-DLI-23-24R2 |
| 3 | बयाना धन राशि (ऑनलाइन जमा करने के लिए) | रु. 1,92,100/- (रु. एक लाख नब्बे हजार एक सौ मात्र) |
| 4 | लगभग काम की लागत | रु. 96,04,994.79/- (छियानवे लाख, चार हजार, नौ सौ चौरानवे और उनहत्तर पैसे मात्र) |
| 5 | ई-निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 15.02.2024 को आईआरईपीएस वेब साइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर निविदा अपलोड कर दिया जायेगा। निविदादाता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं, यह निविदा 06.03.2024 को 11:30 बजे खोली जाएगी |
| 6 | निविदा के बारे में विस्तृत सूचना और दस्तावेज | विस्तृत ई-निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए उपलब्ध होगा। www.ireps.gov.in 21.02.2024 से 06.03.2024 उपर्युक्त निविदा के संबंध में अन्य सभी निबंधन और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई है। विस्तृत निविदा सूचना भी उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। |

486/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पे एंड यूज़ पर डीलक्स शौचालय BOT और ROMT के आधार पर अनुबंध लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई-नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई-बोली "जैसा है जहां है" के आधार पर निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है-

| ई-कैटलॉग संख्या | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन / स्थान / साइट् |
|---|---|---|
| PaynUse01-2024 | दिनांक 01.03.2024 को 15:00 बजे | तिलक ब्रिज (TKJ) - 2 साइट्स, शिवाजी ब्रिज (CSB) - 1 साइट्, पटेल नगर (PTNR) - 1 साइट्, मेरठ कैंट (MUT) - 1 साइट्, कुरुक्षेत्र (KKDE) - 1 साइट्। कुल 6 साइट्स / स्थल |
| PaynUse02-2024 | 29.02.2024 को 15:00 बजे | ओखला (OKA) - 1 साइट्, हजरत निजामुद्दीन (HNZM) - 5 साइट्स। कुल 6 साइट्स / स्थल |

वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है : https://ireps.gov.in/

ई-नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ :-

आईआरईपीएस के ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने के इच्छुक सभी ठेकेदारों को अपनी बोलियां जमा करने से पहले निम्नलिखित अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए:

- ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस पर पंजीकरण-ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए सक्रिय आईआरईपीएस उपयोगकर्ता खाता; - एक मुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान; भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता; आईआरईपीएस खाते के साथ एस बी आई बैंक खाते का एकीकरण; फंड का लियन मार्किंग; कारोबार का अद्यतन विवरण; जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस खाता नहीं है; वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई-निविदा/ई-नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए अपना ऑन लाइन अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के लिए अब वर्चुअल अकाउंट नंबर (वीएएन) नामक एक नयातंत्र शुरू किया गया हैं, जिसका उपयोग बोलीदाताओं द्वारा लियन मार्किंग तंत्र के विकल्प के रूप में किया जा सकता है। बोली लगाने हेतु प्रवेश करने से पहले किसी भी समय लियन मार्किंग मैकेनिज्म (यदि सक्रिय हो) और वैन मैकेनिज्म के बीच स्विच करने के लिए स्वतंत्र हैं। VAN तंत्र के लिए बोली लगाने वाले का भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता होना आवश्यक नहीं है। उपयोगकर्ता किसी भी बैंक में अपने किसी भी मौजूदा बैंक खाते से अपने VAN खाते में धन स्थानांतरित करने के लिए स्वतंत्र हैं, जो उन्हें IREPS ई-नीलामी में भाग लेने में सक्षम बनाता है।

सम्बंधित जानकारी हेतु, रेलवे प्राधिकारी : वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055; Email: sanitationcell@gmail.com, Tel: 011-23743084

सं.: 7PUB/TN/Pay&UseToilets/Auction/2022 दिनांक: 13.02.2024 488/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र -76/एस0टी0-एस0डी0एम0/2024 दिनांक 17.01.2024 के अनुसार मृतक स्व0 बालकराम पुत्र खचेडू नि0 ग्राम अट्टा गुजरान तहसील व गौतमबुद्धनगर जिनकी मृत्यु दिनांक 13.10.2021 को हो चुकी हैं,, जिसके अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है,

| ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अट्टा गुजरान | 279 | 518 | स्व0 बालकराम पुत्र खचेडू नि0 ग्राम अट्टा गुजरान तहसील व गौतमबुद्धनगर | श्री सूरज | 50 वर्ष | पुत्र |
| | | | | श्रीमती जयन्ती | 58 वर्ष | पुत्री |
| | | | | श्रीमती ओमवती देवी | 55 वर्ष | पुत्री |
| | | | | श्रीमती जगवती देवी | 52 वर्ष | पुत्री |
| | | | | श्रीमती रामवती | 43 वर्ष | पुत्री |
| | | | | श्रीमती सगीता | 39 वर्ष | पुत्री |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र-321/एस0टी0-एस0डी0एम0/2023 दिनांक 29.03.2023 के अनुसार मृतक स्व0 स्व0 विशाल सिंह पुत्र हरीपाल सिह नि0 ग्राम चॉदपुर तहसील व गौतमबुद्धनगर जिनकी मृत्यु दिनांक 26.09.2022 को हो चुकी है, जिसके अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| चॉदपुर | 84, 85 | स्व0 विशाल सिंह पुत्र हरीपाल सिंह नि0 ग्राम चॉदपुर तहसील व गौतमबुद्धनगर | श्रीमती वीना | 50 वर्ष | पत्नी |
| | | | श्री यतेन्द्र सिंह | 30 वर्ष | पुत्र |
| | | | श्री दीपक कुमार | 29 वर्ष | पुत्र |
| | | | श्री सतेन्द्र कुमार | 18 वर्ष | पुत्र |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम अटटा गुजरान में उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या -94/एस0टी0-एस0डी0एम0/2024 दिनांक 06.02.2024 व मृतक श्रीमती बतासी पत्नी रामपाल नि0 ग्राम- हबीबपुर तहसील सदर जिला गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|
| अटटा गुजरान | 466 | स्व0 श्रीमती बतासी पत्नी श्री रामपाल नि0 ग्राम हबीबपुर ग्राम तहसील सदर जिला गौतमबुद्धनगर | श्री रामपाल | पति | 79 वर्ष |
| | | | श्री रतनपाल | पुत्र | 52 वर्ष |
| | | | श्री विजेन्द्र | पुत्र | 48 वर्ष |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम धनौरी में उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त पारिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 1436/एस0टी0-एस0डी0एम0/2021, दिनांक 27.08.2021 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक स्व0 श्रीमती शीला देवी पत्नी स्व0 भूदेव शर्मा निवासी ग्राम धनौरी कला, परगना दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|
| धनौरी | 112 | श्रीमती शीला देवी पत्नी स्व0 भूदेव शर्मा निवासी ग्राम धनौरी कला, परगना दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती पुष्पा देवी | पुत्री विवाहित | 39 वर्ष |
| | | | श्रीमती मनीषा देवी | पुत्री विवाहित | 44 वर्ष |
| | | | श्री गीरिश कुमार | पुत्र | 40 वर्ष |

उपरोक्त परिवार सदस्यों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिय जायेगा। यदि उच्च स्तरीय जांच के क्रम में प्रश्नगत भूमि पर कृषक का स्वत्व समाप्त होता है तो इस वारिसान को स्वतः निरस्त समझा जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, गुरुवार 15 फरवरी 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## किसानों की मांगें अविलम्ब पूरी हों

दिल्ली की ओर बड़ी संख्या में बढ़ते किसानों की मांगों को लेकर भारत सरकार को तुरन्त बातचीत शुरू करनी चाहिये वरना दिल्ली ही नहीं वरन सम्पूर्ण एनसीआर में अगले एक-दो दिनों में स्थिति बहुत बिगड़ सकती है। किसानों की लगभग वे ही मांगें हैं जिन्हें लेकर किसानों ने 5 नवम्बर, 2020 से 11 दिसम्बर, 2021 तक 378 दिनों का ऐतिहासिक आंदोलन किया था। इसमें 700 से अधिक किसानों की जान गयी थी। केन्द्र सरकार द्वारा चुपचाप लाये गये तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों ने लम्बा आंदोलन कर सरकार को उन्हें वापस लेने के लिये मजबूर किया था जिनका सीधा मकसद कारोबर जगत को लाभ पहुंचाना तथा देश की दशकों पुरानी व मजबूत मंडी प्रणाली को चौपट कर किसानों की उपजों को कौड़ी के भाव उद्योगपतियों व बड़े व्यवसायियों द्वारा खरीदने का रास्ता खोलना था।

'शायद मेरी तपस्या में कोई कमी रह गई' और 'हम इन कानूनों के लाभ किसानों को समझा नहीं पाये' जैसे भावपूर्ण शब्दों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन कानूनों को वापस तो लिया था, साथ ही किसानों की समस्याओं को दूर करने का आश्वासन भी दिया था। इनमें प्रमुख मांग थी एमएस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुसार किसानों के उत्पादों के न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करना। आज के हालात ऐसे हैं कि उसके बाद इस दिशा में आगे कुछ भी नहीं हो पाया। यहां तक कि मोदी द्वारा साल 2022 तक देश के किसानों की आय को दोगुनी करने का जो वादा किया गया था, वह कहीं से भी पूरा नहीं हुआ। और तो और, काले कानूनों की अब भी तलवार अटकी हुई है। भारतीय जनता पार्टी से जुड़े कुछ नेता संकेत दे चुके हैं कि दो-तीन माह बाद होने वाले लोकसभा चुनाव में अगर पार्टी बहुमत पाकर तीसरी बार सरकार बनाती है तो ये कानून लागू हो जायेंगे। किसानों की भी यही आशंका है।

इन हालात में मोदी आबू धाबी की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। देश गृह मंत्री अमित शाह व उनकी पुलिस के हवाले हैं जो बड़ी संख्या में हरियाणा-पंजाब से लगी सीमाओं पर किसानों पर यूं आंसू गैस के गोले बरसा रही है और छर्रे मार रही है जैसे कि किसान दुश्मन हों। दिल्ली की सीमाओं पर अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की तरह कंटीले तार व कीलें लगाई गई हैं। मंगलवार की रात से ही इन सीमाओं, खासकर शम्भू बॉर्डर पर पुलिस व हजारों की संख्या में ट्रैक्टर लेकर पहुंचे आंदोलनकारी किसानों के बीच झड़पें चल रही हैं। ड्रोन से आंसू गैस के गोले गिराने के साथ पुलिस किसानों के शरीरों के ऊपरी हिस्सों पर छर्रे मार रही है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर रहे राहुल गांधी ने घायल हुए एक किसान गुरमीत सिंह से फोन पर बातचीत कर उनका हालचाल जाना, जिनकी आंख के बिलकुल नज़दीक तथा दोनों हाथों पर छर्रे लगे हैं। उनकी आंख तो बच गई पर सरकार से पूछा जाना चाहिये कि वह इनके साथ निर्ममतापूर्ण बर्ताव क्यों कर रही है। लोकतंत्र में रत्ती भर भरोसा न रखने वाली केन्द्र सरकार से यही उम्मीद की जा सकती है परन्तु उसे समझना होगा कि वार्ता के जरिये ही बातचीत का हल निकलेगा। मोदी सरकार का झुकाव हमेशा से ही कारोबारी व उद्योग जगत की ओर रहा है। उस पर दबाव है कि वह किसानों के आगे न झुके। मोदी को इस पद तक पहुंचाने वाली कार्पोरेट लॉबी ऐसा होने नहीं देगी। फिर, आने वाले समय में मोदी को व्यवसायियों व उद्योगपतियों का समर्थन तभी मिलेगा जब वह इन मांगों के आगे न झुके।

देखना होगा कि सरकार व किसानों का टकराव क्या रूप लेता है। किसान मजदूर मोर्चा एवं संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) की ओर से छेड़े गये इस आंदोलन में फिलहाल किसानों का सबसे बड़ा संगठन भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) शामिल नहीं हैं परन्तु उसके राष्ट्रीय प्रवक्ता व प्रमुख नेता राकेश टिकैत ने चेतावनी दी है कि अगर आंदोलनकारियों के साथ ज्यादतियां हुईं तो बीकेयू के सदस्यों से ये आंदोलनकारी किसान एवं दिल्ली दूर नहीं है। केन्द्र सरकार को चाहिये कि किसानों पर होने वाली ज्यादतियों को रोके तथा उन्हें अपना शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने दें। यदि हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड आदि के किसान भी इस लड़ाई में कूद पड़े तो स्थिति बेकाबू हो जायेगी। आंदोलन का दूसरा दिन हो चुका है और बातचीत की पहल करने की बजाय केन्द्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा एक तरफ़ तो वार्ता की तैयारी बतला रहे हैं, तो दूसरी ओर वे दिल्ली में लोगों को होने वाली कठिनाइयों के मद्देनज़र पहले स्थिति को सामान्य करने में अधिक दिलचस्पी दिखला रहे हैं।

इसके साथ ही किसानों के पक्ष व विपक्ष में तो बयान आ रहे हैं, कुछ महत्वपूर्ण लोगों की चुप्पी भी सामने आ गई है जिनसे इस मौके पर कुछ कहे जाने की अपेक्षा थी। जिन एमएस स्वामीनाथन को हफ्ते भर पहले ही भारत रत्न दिया गया है, उनकी बेटी मधुरा ने बुधवार को एक कार्यक्रम में कहा कि 'किसान हमारे अन्नदाता हैं। उनके साथ अपराधियों जैसा व्यवहार न किया जाये।' उन्हीं के साथ जिन किसान नेता व पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भी यही अलंकरण दिया गया, उनके पोते व राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष जयंत चौधरी मौन हैं जो पुरस्कार दिये जाने से प्रभावित होकर संयुक्त विपक्षी गठबन्धन इंडिया का साथ छोड़कर भाजपा प्रणीत एनडीए में शामिल हो गये हैं। उन्होंने अपने वे ट्वीट भी हटा दिये जो पिछले आंदोलन के दौरान किसानों के पक्ष में किये गये थे। जो भी हो, सरकार को चाहिये कि वह अविलम्ब किसानों से बातचीत कर उनकी मांगों को पूरा करे।

# लोकतंत्र को नया मोड़ देता तेजस्वी का भाषण

### दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

> आज सियासत से लेकर बौद्धिक जगत में तेजस्वी यादव के भाषण की चर्चा हो रही है। यह सही समय है कि भाजपा, जदयू और सत्ता, संपत्ति या आभिजात्य के अहंकार में डूबे तमाम लोग आत्ममंथन करें कि आखिर अपनी शक्ति और सामर्थ्य का वे कैसा उपयोग कर रहे हैं और देखें कि किस तरह तेजस्वी यादव, राहुल गांधी और हेमंत सोरेन जैसे लोग लोकतंत्र के दरिया को नया मोड़ देने में जुटे हुए हैं।

रोमांचक क्रिकेट मैच में जब दोनों टीमों के बीच बराबरी की टक्कर होती है और हार-जीत का फैसला आखिरी गेंद पर ही होता है, तो अक्सर ऐसे मैच की रिपोर्टिंग के शीर्षक में लिखा जाता है- इस टीम ने जीता मैच, उस टीम ने दिल। ठीक ऐसा ही रोमांचकारी अहसास सोमवार 12 फरवरी को बिहार विधानसभा में नीतीश सरकार के फ्लोर टेस्ट के दौरान हुआ। विश्वासमत में जीत तो नीतीश कुमार ने हासिल की, लेकिन तेजस्वी यादव ने दिल जीत लिया। इस वक्त जब नफरत और बदले की भावना को राजनीति का पर्याय बना दिया गया है। जब विरोधियों के लिए सम्मान का कोई भाव नहीं बचा है। विपक्षियों पर सत्तापक्ष जितनी हिकारत आक्रमण करे उतना उसे ताकतवर माना जाने लगा है। तब तेजस्वी यादव के विधानसभा में दिए भाषण को सुनना एक सुखद अहसास जगा गया। नई उम्मीदें जाग गईं कि अगर तेजस्वी यादव जैसे कुछ और युवा नेता पूरे देश में विभाजनकारी, सांप्रदायिक शक्तियों के खिलाफ बिना डरे, पूरी शालीनता के साथ, तथ्यों सहित अपनी बात रखने लगें तो लोकतंत्र को बचाया जा सकता है।

भारतीय राजनीति के इतिहास में कुछ राजनेताओं के भाषण सुनहरे पन्नों पर अंकित हो चुके हैं। शुरुआत 14-15 अगस्त 1947 की अर्द्धरात्रि को नेहरूजी के दिए भाषण से की जा सकती है, जिसमें उन्होंने कहा था कि- आधी रात के समय, जब दुनिया सो रही होगी, भारत जीवन और स्वतंत्रता के लिए जागेगा। एक क्षण आता है, जो इतिहास में शायद ही कभी आता है, जब हम पुराने से नए की ओर कदम बढ़ाते हैं, जब एक युग समाप्त होता है, और जब लंबे समय से दबी हुई एक राष्ट्र की आत्मा को अभिव्यक्ति मिलती है। इस क्षण में हम कुछ गर्व के साथ भारत और उसके लोगों की सेवा तथा मानवता के इससे भी बड़े उद्देश्य के प्रति समर्पण की शपथ लें। आज हम दुर्भाग्य के एक दौर को समाप्त कर रहे हैं और भारत फिर से खुद को खोज रहा है।

1 जून 1996 को 13 दिन सरकार चलाने के बाद जब बाजपेयी सरकार अल्पमत में आ गई तो अटलबिहारी बाजपेयी ने बड़ी शालीनता के साथ बहुमत के सामने नतमस्तक होने की बात कही थी। बाजपेयीजी एक प्रखर वक्ता थे, लेकिन अपने इस ऐतिहासिक भाषण में उन्होंने लोकतंत्र के लिए बड़ा संदेश दिया था कि 'सरकारें आएंगी-जाएंगी मगर ये देश और उसका लोकतंत्र रहना चाहिए। मैं अपना इस्तीफा देने के लिए राष्ट्रपति के पास जा रहा हूं। मोदीकाल में जब कई राज्यों में हार या अल्पमत में होने के बावजूद भाजपा ने सत्ता हड़पने के प्रयास खुलकर किए तो बाजपेयीजी की ये पंक्तियां याद आईं, हालांकि उनकी ही पार्टी के लोग अब लोकतंत्र के इस सिद्धांत को भुला चुके हैं।

30 जनवरी 2023 को भारत जोड़ो यात्रा का श्रीनगर में समापन करते हुए राहुल गांधी ने जो भाषण दिया, वह भी ऐतिहासिक भाषणों में शुमार किया जाना चाहिए। राहुल गांधी बहुत अच्छे वक्ता नहीं हैं, उनके भाषणों में अक्सर दोहराव होता है, शब्दों के सही चयन में उन्हें कई बार दिक्कतें आती हैं, मगर उनकी भावनाएं लोगों तक प्रेषित हो जाती हैं, क्योंकि वे दिल से बोलते हैं, बिना लाग-लपेट के बोलते हैं। नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान और डरो मत, ये दो नारे राहुल गांधी लगातार जनता के बीच बुलंद करते आ रहे हैं। और श्रीनगर में उन्होंने इन्हीं नारों को साकार करते हुए कहा था कि- मैं जम्मू से कश्मीर जा रहा था तब मेरी सुरक्षा की बात हो रही थी। मुझसे कहा गया कि पैदल चलने पर आप पर ग्रेनेड फेंका जाएगा। मैंने कहा 4 दिन चलूंगा, बदल दो इस टी-शर्ट का रंग, लाल कर दो। सफेद टी शर्ट के लाल हो जाने की कल्पना मात्र से भय की लहर दौड़ जाती है, क्योंकि इस देश ने हिंसा और नफरत का लंबा दौर देखा है। राहुल गांधी ने अपनी दादी और पिता को इसी तरह खोया है, इसलिए उन्होंने अपने भाषण में ये भी कहा था कि अपनों को खोने वालों के दिल में क्या होता है, जब फोन आता है तो कैसा लगता है, वो मैं समझता हूं, मेरी बहन समझती है।

1963 में संसद में राममनोहर लोहिया ने जब कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए प्रधानमंत्री नेहरू को उन पर हो रहे खर्चों और एक आम भारतीय के रोजाना खर्च की तुलना करते हुए जो भाषण दिया था, वह तीन आना बनाम पंद्रह आना के नाम से विख्यात है ही, इसी तरह 1971 में बांग्लादेश की आजादी के बाद इंदिरा गांधी ने लोकसभा में जो भाषण दिया, उसकी गिनती भी ऐतिहासिक भाषणों में शुमार होती है।

इन तमाम भाषणों में खास बात ये रही कि इनसे राजनीति के वृहत्तर उद्देश्यों के लिए दृष्टिकोण नजर आया। मैं, मेरा, मैंने से ऊपर उठकर लोकतंत्र का उदारवादी पक्ष इन भाषणों में मजबूती से उभरा। इनके बरक्स अगर पिछले 10 सालों में नरेन्द्र मोदी के तमाम भाषणों को रखें, तो एक भी भाषण उल्लेखनीय नहीं मिलेगा। क्योंकि श्री मोदी के हर भाषण में एक ओर अहंकार झलकता है और दूसरी ओर अपने विरोधियों के लिए तिरस्कार। और इस वक्त अपवादस्वरूप एकाध भाजपा नेता को छोड़ दें, तो लगभग सारे नेता, सरकार के तमाम मंत्री इसी तरह हिकारत और घृणा के भाव से भाषण या बयान देते हैं, मानो उनसे असहमति जतलाकर, उनकी नीतियों का समर्थन न करके कोई भारी पाप कर रहा है। इन नेताओं का अनुसरण करते हुए अब पत्रकारों ने भी यही शैली अपना ली है। खबरों के विश्लेषण में पक्षपाती तो वे नजर आते ही हैं, सरकार का विरोध करने वालों के लिए उनकी तल्खी भी खुलकर दिखती है।

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए आज तक चैनल के पत्रकार सुधीर चौधरी ने इसी तल्ख भावना के साथ टिप्पणी की थी कि सीएम पद जाने के बाद हालात बदल गए हैं। अब उन्हें जंगल में आदिवासी की तरह रहना पड़ेगा। जैसा वे 30-40 साल पहले रहा करते थे। उनके लिए यह काफी मुश्किल होगा। इस से नाराज एक आदिवासी समूह ने एससी एसटी एक्ट के तहत सुधीर चौधरी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। हालांकि सुधीर चौधरी ने सोशल मीडिया पर इसके लिए माफी भी मांग ली थी। 5 फरवरी को जब झारखंड विधानसभा में चंपाई सोरेन को विश्वासमत की परीक्षा से गुजरना पड़ा था, तब हेमंत सोरेन ने भी शानदार भाषण दिया था और इस टिप्पणी का जवाब भी दे दिया था कि हम जंगल से बाहर आ गए, इनके बराबर बैठ गए, तो इनके कपड़े मैले होने लगते हैं। ये हमें अछूत देखते हैं, और इन्हीं विडंबना को तोड़ने के लिए हमने एक प्रयास किया था।

हेमंत सोरेन का यह भाषण भी ऐतिहासिक है, क्योंकि उन्होंने हर दबाव के सामने तनकर खड़े होने की हिम्मत क्या होती है, इसकी व्याख्या अपने भाषण में की। एक सप्ताह बाद बिहार में तेजस्वी यादव उसी सिलसिले को आगे बढ़ाते नजर आए। हालांकि झारखंड की तरह बिहार में भाजपा को हराया नहीं जा सका, लेकिन तेजस्वी यादव ने अपने भाषण में पूरे सम्मान के साथ नीतीश कुमार, समूची जदयू और राजद छोड़कर एनडीए का साथ देने वाले अपने तीनों साथियों को बता दिया कि वे कितनी बड़ी गलती कर चुके हैं।

लालू यादव की तरह ठेठ अंदाज में तेजस्वी यादव ने भरी सभा में ऐलान कर दिया कि सांप्रदायिक शक्तियों को हटाने की मुहिम से नीतीश कुमार भले पीछे हट गए हैं, लेकिन उनके भतीजे यानी तेजस्वी इसके खिलाफ झंडा बुलंद करते रहेंगे। राजा दशरथ, राम का वनवास और कैकेयी के उदाहरण भी उन्होंने बखूबी दिए कि बुरी शक्तियां हर युग में मौजूद रहती हैं, उन्हें पहचानना जरूरी है। तेजस्वी यादव जितनी देर बोलते रहे, नीतीश कुमार असहज लगे। ऐसा लगा कि तेजस्वी सीधे उनके मर्म पर चोट कर रहे हैं और वे समझ रहे हैं कि तेजस्वी गलत नहीं हैं। नीतीश कुमार की पलटी और मोदी की गारंटी पर व्यंग्यकारों की तरह तेजस्वी ने चोट की।

दो साल पहले बिहार विधानसभा के शताब्दी समारोह में नेता प्रतिपक्ष के तौर पर तेजस्वी यादव ने चार मिनट का भाषण दिया था, और तब उनके कुछ जगहों पर अटकने की खबरों को मीडिया ने मजाक बनाते हुए परोसा था। तब भाजपा प्रवक्ता अरविंद सिंह ने कहा था कि तेजस्वी यादव लिखा हुआ भाषण नहीं पढ़ सके। बिहार के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे साफ दिख रहा कि वो अशिक्षित हैं। उनको पढ़ाई करने की जरूरत है। वहीं जदयू प्रवक्ता अभिषेक झा ने कहा था कि आज साबित हो गया कि तेजस्वी यादव की राजनीति अनुकंपा के आधार पर है। उनकी खूबी यही है कि लालू के पुत्र हैं। उनकी विरासत संभालने की कोशिश कर रहे हैं। भाषण पढ़ते समय लड़खड़ाना दिखाता है कि उनके अंदर आत्मबल की कमी है।

आज सियासत से लेकर बौद्धिक जगत में तेजस्वी यादव के भाषण की चर्चा हो रही है। यह सही समय है कि भाजपा, जदयू और सत्ता, संपत्ति या आभिजात्य के अहंकार में डूबे तमाम लोग आत्ममंथन करें कि आखिर अपनी शक्ति और सामर्थ्य का वे कैसा उपयोग कर रहे हैं और देखें कि किस तरह तेजस्वी यादव, राहुल गांधी और हेमंत सोरेन जैसे लोग लोकतंत्र के दरिया को नया मोड़ देने में जुटे हुए हैं।

# चुनावी बांड मामले में अपने फैसले पर अब क्या कर रहा है सर्वोच्च न्यायालय?

■ नित्य चक्रवर्ती

> चुनावों में बराबरी का कोई मौका नहीं है। विपक्षी दलों की तुलना में भाजपा दस गुना से भी ज्यादा पैसा खर्च करने की स्थिति में है। जरूरत पड़ने पर दल-बदल कराने के लिए इसके पास एक विशाल युद्ध संदूक है। अब लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी भारी रकम खर्च करेगी। एक और किश्त अप्रैल के पहले सप्ताह में आयेगी और नियमों के अनुसार, बिक्री एक महीने से अधिक समय तक खुली रह सकती है क्योंकि यह आम चुनाव की पूर्व संध्या पर है।

सर्वोच्च न्यायालय तीन महीने से अधिक समय से विवादास्पद चुनावी बांड योजना की वैधता पर अपना निर्णय देने में पूरी तरह से चुप क्यों है? कई तारीखों पर सभी पक्षों को सुनने के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने 2 नवंबर, 2023 को सुनवाई पूरी की थी तथा निर्णय सुरक्षित रखा था। अब तीन महीने से अधिक समय बीत चुका है लेकिन रजिस्ट्रार के कार्यालय से कोई संकेत नहीं है कि फैसला जल्द दिया जा रहा है।

आदेश जो भी हो, बांड को मंजूरी देना या आदेश को रद्द करना वर्तमान समय में राजनीतिक दलों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि देश में इस साल अप्रैल/मई में आम चुनाव होने वाले हैं और सत्तारूढ़ दल भाजपा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा फैसले पर की जा रही देरी का पूरा फायदा उठा रही है। अब तक जारी किये गये चुनावी बांड की 80 प्रतिशत से अधिक राशि के साथ भाजपा ने खुद को समृद्ध किया है।

2 जनवरी से 11 जनवरी, 2024 तक चली चुनावी बांड बिक्री के नवीनतम चरण में 570 करोड़ रुपये से अधिक के चुनावी बांड बेचे गये हैं। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा चार याचिकाओं पर सुनवाई शुरू होने के बाद से यह बेचा गया चुनावी बांड का दूसरा बैच था। 2018 में नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा घोषित चुनावी बांड योजना की वैधता को चुनौती देते हुए, अब तक 30 किश्तें बेची जा चुकी हैं और सबसे बड़ी लाभार्थी भाजपा रही है जो सत्तारूढ़ पार्टी है। चूंकि कॉरपोरेट कम्पनियां बांड के मुख्य खरीदार हैं, वे ज्यादातर सत्तारूढ़ शासन का पक्ष लेने के लिए भाजपा को दान देते हैं।

मूल चुनावी बांड योजना 2017 को अगले वर्ष2018 से लागू होने के बाद से कई याचिकाकर्ताओं द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी, लेकिन पिछले साल अप्रैल में ही, भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डॉ डी वाई चंद्रचूड़ ने संकेत दिया था कि वह सुनवाई के लिए पांच सदस्यीय संविधान पीठ की स्थापना के बारे में फैसला करेंगे। उसके बाद से याचिकाओं पर पिछले साल 2 नवंबर को सुनवाई पूरी हुई थी।

चुनावी बांड की 25वीं किश्त के मामले में, नरेंद्र मोदी सरकार ने 7 नवंबर 2022 को चुनावी बांड योजना के नियमों में जल्दबाजी में संशोधन करके औचित्य का उल्लंघन किया, ताकि उस वर्ष के दौरान अतिरिक्त पंद्रह दिनों के लिए बिक्री की अनुमति दी जा सके, ऐसे समय जब कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चुनाव होने वाले थे।

नियमों के अनुसार, बांड जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर के महीनों में 10 दिनों की अवधि के लिए खरीद के लिए उपलब्ध हैं। आम चुनाव के वर्षों में 30 दिनों की अतिरिक्त अवधि की अनुमति है। अब नवीनतम संशोधन के माध्यम से, केंद्र ने पिछले साल हिमाचल और गुजरात में विधानसभा चुनावों से पहले नवंबर 2022 में एक और किश्त की अनुमति दी थी।

जनवरी 2018 में चुनावी बांड की बिक्री शुरू होने के बाद से पिछले छह वर्षों में, भाजपा ने कर्नाटक तथा मध्य प्रदेश में राज्य सरकारों को अस्थिर करने के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च किये हैं और गोवा और मणिपुर में सरकार बनाने के लिए विधायकों को खरीदा है। महाराष्ट्र में, यह दिन के उजाले की तरह स्पष्ट था कि जुलाई 2022 में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना से एकनाथ शिंदे समूह के दलबदल को सुनिश्चित करने के लिए भारी धनराशि जुटाई गई थी। भाजपा ने हाल ही में फ्लोर टेस्ट से पहले झारखंड विधानसभा में दलबदल को प्रोत्साहित करने की कोशिश की, लेकिन यह असफल रहा।

बॉन्ड या पोल ट्रस्ट से फंडिंग करना भाजपा के लिए एक रास्ता है क्योंकि जो कंपनियां दान देती हैं वे केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी को नाराज नहीं करना चाहती हैं और आईटी विभाग, सीबीआई या ईडी के माध्यम से कार्रवाई को आमंत्रित नहीं करना चाहती हैं। यह तब स्पष्ट हुआ जब बजाज परिवार के वंशज राजीव बजाज को 2022 में राहुल गांधी के साथ आखिरी बातचीत के बाद केंद्रीय एजेंसियों द्वारा कार्रवाई की आशंका थी।

भारतीय कॉरपोरेट जगत में यह डर इतना जबरदस्त है कि औद्योगिक घरानों के युवा वंशज, जो दूरदर्शी हैं और भाजपा को पसंद नहीं करते हैं, चुप रहते हैं क्योंकि वे सिर्फ कुछ उदारवादियों के लिए अपनी कंपनियों के भविष्य को जोखिम में डालने के लिए तैयार नहीं हैं।

कुल मिलाकर नतीजा यह है कि चुनावों में बराबरी का कोई मौका नहीं है। विपक्षी दलों की तुलना में भाजपा दस गुना से भी ज्यादा पैसा खर्च करने की स्थिति में है। जरूरत पड़ने पर दल-बदल कराने के लिए इसके पास एक विशाल युद्ध संदूक है। अब लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी भारी रकम खर्च करेगी। एक और किश्त अप्रैल के पहले सप्ताह में आयेगी और नियमों के अनुसार, बिक्री एक महीने से अधिक समय तक खुली रह सकती है क्योंकि यह आम चुनाव की पूर्व संध्या पर है। इससे भाजपा को लोकसभा चुनाव में खर्च करने के लिए अपने खजाने में बड़ी रकम जुटाने का एक और मौका मिलेगा।

नरेंद्र मोदी शासन के पिछले दस वर्षों में, भारतीय कॉर्पोरेट क्षेत्र में धन का असामान्य संकेंद्रण हुआ है। एक हालिया अध्ययन से पता चलता है कि भारत की बीस सबसे अधिक लाभदायक कंपनियों ने 1990 में कुल कॉर्पोरेट मुनाफे का 14 प्रतिशत, 2010 में 30 प्रतिशत और 2019 में 70 प्रतिशत अर्जित किया।

इसका मतलब यह है कि नरेंद्र मोदी के शासन के पहले पांच वर्षों के दौरान कुछ कॉर्पोरेट घरानों में धन के संकेंद्रण में भारी उछाल आया। पिछले पांच वर्षों में यह प्रक्रिया और तेज हुई है। यह सत्तारूढ़ दल भाजपा और बड़े उद्योगपतियों के बीच मैत्रीपूर्ण सहयोग का परिणाम है। उन लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्तमान शासन के दौरान लाभ हुआ है।

इंडिया गठबंधन के घटकों को भारतीय पूंजीपतियों और नरेंद्र मोदी शासन के बीच के ऐसे घनिष्ठ संबंधों पर ध्यान केंद्रित करना होगा और इस बात की जांच की मांग करनी होगी कि कैसे बड़े कॉरपोरेट अपनी दीर्घकालिक व्यवस्था के एक हिस्से के रूप में सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा को वित्त पोषित कर रहे हैं। उनके कानूनी विशेषज्ञों को शीघ्र आदेश पर दबाव डालना चाहिए क्योंकि यह पहले से ही लंबी अवधि के लिए आरक्षित है। चुनाव लड़ने वाले दलों के बीच किसी प्रकार का समान अवसर स्थापित करके देश में लोकतंत्र को बनाये रखने के लिए यह जरूरी है।

## पावन प्रसंग

### बड़ों का करें सम्मान

आशीर्वाद प्राप्त कर लेना हिंदू धर्म में है। यह एक मनोवैज्ञानिक तथ्य है कि अपने से बड़े बुजुर्ग, माता-पिता एवं गुरुजनों से आशीर्वाद मिलने से मनुष्य का मनोबल बढ़ता है और उससे एक प्रकार की शक्ति अनुभव की जाती है। इसलिए प्रत्येक मंगल कार्य, उत्सव, पर्व तथा किसी भी शुभ कार्य के आरंभ में अपने से बड़ों का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। यह बड़ों के प्रति सम्मान प्रकट करने और आत्मबल संपन्न होने का लक्षण है। किसी के प्रति सम्मान प्रकट करने या प्रणाम करने से मनुष्य छोटा नहीं हो जाता, वरन इससे श्रेष्ठत्व की प्रतिष्ठा ही होती है और उस उच्च भावना का लाभ भी मिले बिना रहता नहीं। शुद्ध अंत:करण से किया हुआ नमन आंतरिक शक्तियों को जगाता है, इसलिए श्रेष्ठ पुरुषों ने सदैव ही इस मर्यादा का पालन किया है। भगवान राम और आचार्य रावण में पारस्परिक प्रतिद्वंद्विता थी। राम रावण की कुटिलता को जानते थे, किंतु पांडित्य और श्रेष्ठता के प्रति उनके हृदय में जो श्रद्धा-भावना थी,उसके वशीभूत होकर ही उन्होंने विपरीत परिस्थिति में भी इस नैतिक मर्यादा का पालन किया था। रामचरित मानस में लिखा है-

अस कहि रथ रघुनाथ चलावा।
बिप्र चरन पंकज सिरु नावा।।

इस प्रकार रणोद्यत राम ने अपना रथ आगे बढ़ाया और रावण के सम्मुख पहुंचकर उसके चरण-कमलों में अपना शीश झुकाया। अनावश्यक अभिमान मनुष्य को पतित बनाता है। इसका उदय न हो इसलिए बड़ों के समक्ष सदैव विनम्र होकर रहने की शिक्षा हमें दी गई है। महाभारत में अनेक ऐसे प्रसंग आते हैं, जब विपक्षी पितामह भीष्म और गुरु द्रोणाचार्य का अर्जुन आदि पांडव चरण स्पर्श करते तथा उनका शुभाशीष प्राप्त करते हैं। शिष्य की निष्ठा से द्रवीभूत गुरु उनकी जय-कामना करते हैं और वैसा होता भी है। सम्मान से प्रत्येक व्यक्ति को एक प्रकार की आध्यात्मिक तृप्ति मिलती है, उसे प्रत्येक व्यक्ति चाहता है। आपको भी सम्मान मिले इसके लिए इस आदि सभ्यता की परंपरा को जीवित रखना चाहिए। बड़े दुर्भाग्य की बात है कि आधुनिक शिक्षाधारी व्यक्तियों में अहंकार इतना बढ़ रहा है कि बड़ों को सम्मान देना वे अनावश्यक समझते हैं। इसे वे छोटापन मानते हैं। कई माता-पिता को मारने पीटने और उन पर रोब दिखाने में ही अपना बड़प्पन मानते हैं। यह हमारी संस्कृति के नाम पर कलंक ही है कि लोग अपने जन्मदाताओं को त्रास दें। गुरु परंपरा तो समाप्तप्राय होती जा रही है और इनके प्रति उनकी भावनाएं भी बिलकुल और ओझल हो गई है। दार्शनिक सुकरात ने कहा है-अच्छा सम्मान पाने का मार्ग यह है कि तुम भी सम्मान करो। तुम जैसा प्रतीत होने की कामना करते हो, वैसा बनने का प्रयास करो। बड़ों के प्रति सम्मान तथा अनुशासन होना पारिवारिक संगठन का मूल आधार है। लोगों में पारस्परिक स्नेह और आत्मीयता हो तो कोई कारण नहीं कि घरेलू वातावरण कष्टप्रद लगे। पारिवारिक अनुशासन सुख और व्यवस्था का मेरुदंड है, इसे अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है कि लोगों में बड़ों के प्रति आदर का भाव बना रहे। सम्मान की परंपरा का प्रारंभ आत्मविकास की मूल प्रेरणा को लेकर होता है।

इसलिए वह निष्काम, निस्स्वार्थ होना चाहिए। बड़ों की ममता उनके अनुभवों का लाभ हम विनीत होकर ही पा सकते हैं। बालकों को आध्यात्मिक पृष्ठभूमि में ढालने के लिए हमारे आचरण में भी बड़ों के प्रति सम्मान का समावेश बना रहना चाहिए।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### उत्तरप्रदेश में विकास योजनाओं का लाभ हर एक वर्ग को उपलब्ध

कंट्री फर्स्ट,वोट मस्ट- यह नारा उत्तरप्रदेश के कई जगह दीवारों पर लिखा मिलता था। जंगलराज में तब्दील करने वाले राजनैतिक दल अब योगी राज में वोट के लिए मोजताज होते नजर आ रहे है। हमेशा कड़वी जुबां से कोसने वाले नेता हाशिये में धकेल दिए गए है। अब तो विकास की भाषा ओर तरक्की की भाषा हर वोटर को भा गई है। लोग की विकास की राह तकते तकते आंखें पथरा गई थी। देहात में लोग वोट का महत्व समझ गए हैं। गांवों की तरक्की सर्वोपरि है। गांवों में विकास योजना के तहत एक रुपए का बजट नही आता था। बजट की बात पर उच्च अधिकारी कन्नी काट लेते थे। विधायक सीधे मना कर देते थे। वे कहते थे कि हम आपकी पंचायत के लिए कुछ नहीं कर सकते हैं। हमें याद है 1986 में विकास और रोजगार का भरोसा देकर गांव की खेतिहर जमीन विभिन्न कम्पनियों के नाम कर दी गई थी। किसान खून के आंसू रोने के लिए मजबूर थे। फैक्ट्रियां खुली और एक के बाद एक बन्द हो गई। बुंदेलखंड में इस तरह के अनेक मुद्दे थे। उस दौर में समाजवादी पार्टी से लोग नाराज थे। मोदी और योगी के कार्य करने की धगस से सभी कार्य और विकास चुटकी बजाते ही नहीं होते हैं पर अब उत्तरप्रदेश बदल गया है। लोकसभा चुनाव कई मानो में अहम हो गए है। राजनैतिक पार्टियां सब कुछ दांव पर लगा चुकी है। कांग्रेस बसपा समाजवादी और भाजपा की निगाह वोटरों पर है। इंडिया गठबंधन की तैयारी आधी-अधूरी है। सब पार्टियां मनमाफिक काम कर रही है। राहुल को भारत जोड़ो न्याय यात्रा से उम्मीद भले ही नहीं बंधी है लेकिन राहुल को घूमना पसंद है। गठबंधन की हास्यास्पद स्थिति बनी हुई है। दिल्ली का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर गुजरता है। उसी पर भरोसा किये अखिलेश और मायावती क्या उत्तरप्रदेश में अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे? क्योंकि जंगलराज का तमगा देने वाली पार्टियों पर कोई भरोसा नहीं करता दिख रहा है। भाजपा की विकास यात्रा तीसरे टर्म में भी बरकरार रहेगी। भारत ऊंची बुलंदियों पर होगा और विश्वगुरु बनने सफल रहेगी। कांग्रेस बसपा मायावती और प्रादेशिक दलों ने लोगों की गरीबी के नाम पर उनकी राजनीति चमकाने के सरल रास्ता चुन लिया था। पहले जतियों में बांटते हैं और फिर चुनाव जीतकर चले जाते थे। उसके बाद पांच साल के बाद वापस अपना मुंह बताते थे। इस गतिरोध को मोदी ने तोड़ा है। अब विकास की बात की जाती है तो लोग ही कह देते हैं कि भाजपा ने वादा किया है तो विकास अवश्य होगा। यह ख्याति है। लोगों का पेट भरना मुश्किल था। अब मोदी और योगी ने किसानों और हर वर्ग के लोगों के हाथों में काम दिया है। रोजगार से लोग जुड़े है। उत्तरप्रदेश अव्वल राज्य बन गया है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## ईरान की गैस पाइपलाइन में हुआ विस्फोट


**तेहरान।** ईरान के बोरुजेन प्रान्त में गैस पाइपलाइन में विस्फोट होने से आग लग गयी, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। ईरानी समाचार एजेंसी मेहर ने देश के अग्निशामकों के हवाले से बुधवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि बोरुजेन में हलवई पास और बोल्डाजी हाईवे के बीच पाइपलाइन की लाइन 65 पर विस्फोट हुआ और इसकी वजह से आग लग गई। रिपोर्ट में बोरुजेन के मेयर फतह करेमी के हवाले से यह भी कहा गया है कि आग तब तक जारी रहेगी जब तक पाइपलाइन में गैस की शेष मात्रा पूरी तरह से जल नहीं जाती।

# पाकिस्तान में शाहबाज शरीफ प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे

- नवाज शरीफ ने भाई शाहबाज को उम्मीदवार चुना
- बिलावल भुट्टो शरीफ की पार्टी को समर्थन देंगे


**इस्लामाबाद,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान में चुनाव के बाद प्रधानमंत्री चेहरे की तलाश शुरू हो गई है। इस बीच नवाज शरीफ ने भाई शाहबाज को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार चुना है।

नवाज की पार्टी पीएमएल-एन की प्रवक्ता मरियम औरंगजेब ने कहा- नवाज शरीफ ने अपने छोटे भाई शाहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद के लिए और बेटी मरियम नवाज को पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री पद के लिए उम्मीदवार बनाया है।



यह घोषणा ऐसे समय हुई है जब पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी प्रधानमंत्री पद की दौड़ से हट गए। भुट्टो ने कहा है कि वो पीएमएल-एन को बाहर से समर्थन देंगे, लेकिन सरकार में शामिल नहीं होंगे। इसके बाद नवाज शरीफ ने पीएमएल-एन को समर्थन देने वाली पार्टियों का शुक्रिया अदा किया। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में कुल 336 सीटें हैं। इनमें से 265 सीटों पर चुनाव हुए। एक सीट पर चुनाव टाल दिया गया, जबकि एक सीट के नतीजों को खारिज कर दिया गया है। यहां 15 फरवरी को फिर से वोटिंग होगी। बाकी 70 सीटें रिजर्व हैं।

## नवाज शरीफ राजनीति में पीछे नहीं हट रहे : मरियम नवाज



**लाहौर।** पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मरियम नवाज ने बुधवार को इस धारणा को खारिज कर दिया कि पार्टी सुप्रीमो और उनके पिता नवाज शरीफ ने अपने छोटे भाई शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाने के बाद सक्रिय राजनीति छोड़ दी है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, एक्स पर साझा की गई एक पोस्ट में मरियम ने कहा कि नवाज शरीफ न केवल अगले पांच वर्षों तक सक्रिय राजनीति में भाग लेंगे, बल्कि पीएमएल-एन के नेतृत्व वाली सरकारों की देखरेख भी करेंगे। पाकिस्तान पंजाब के मुख्यमंत्री पद के लिए नामांकित मरियम ने कहा कि लोगों ने पीएमएल-एन सुप्रीमो के नेतृत्व वाली पिछली तीन सरकारों में उनकी पार्टी को स्पष्ट बहुमत दिया था। उन्होंने अपने चुनावी भाषणों में स्पष्ट कर दिया है कि वह किसी भी गठबंधन सरकार का हिस्सा नहीं बनेंगे।

# जरदारी दोबारा बन सकते हैं पाकिस्तान के राष्ट्रपति



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अन्य राजनीतिक दलों के साथ गठबंधन सरकार बनाने पर सहमति जताने के साथ ही पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के दूसरी बार देश का राष्ट्रपति बनने की संभावना जोर पकड़ने लगी है।

देश में एक प्रमुख राजनीतिक घटनाक्रम में छह दलों के गठबंधन, पीएमएल-एन, पीपीपी, एमक्यूएमपी, पीएमएल-क्यू, आईपीपी और बीएपी ने पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) की पिछली सरकार की तर्ज पर केंद्र में सरकार बनाने की घोषणा की है। श्री जरदारी ने पीएमएल-क्यू के अध्यक्ष चौधरी शुजात हुसैन के आवास पर पार्टी प्रमुखों की बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में अगली सरकार के लिए छह दलों के गठबंधन की घोषणा करते हुए कहा कि सभी ने मिलकर सरकार बनाने का फैसला किया है। पीपीपी प्रमुख बिलावल भुट्टो जरदारी ने शीर्ष नेताओं की प्रेस वार्ता से पहले कहा था कि उनकी पार्टी सरकार का हिस्सा बने बगैर प्रधानमंत्री चुनने में पीएमएल-एन का समर्थन करेगी। श्री भुट्टो ने हालांकि नेशनल असेंबली के स्पीकर, सीनेट चेयरमैन और राष्ट्रपति के संवैधानिक पदों के संबंध में एक प्रश्न पर कहा कि पार्टी इन पदों के लिए अपने उम्मीदवारों का फैसला करेगी लेकिन वह चाहते हैं कि श्री जरदारी राष्ट्रपति बनें 'क्योंकि देश जल रहा है और यदि कोई आग बुझाने में मदद कर सकते हैं, वह आसिफ अली जरदारी हैं। सूत्रों के मुताबिक, राष्ट्रपति पद के अलावा पीपीपी की नजर बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री पद पर भी है और पार्टी नेता सरफराज बुगती ने अपनी पार्टी को प्रांत की राजनीतिक स्थिति के बारे में जानकारी दी है। सूत्रों ने बताया कि पीएमएल-एन नेतृत्व प्रधानमंत्री पद के लिए श्री शहबाज शरीफ को पीपीपी के समर्थन के बदले राष्ट्रपति पद के लिए श्री जरदारी का समर्थन करने पर सहमत हो गया है।

## सुडोकू 6467

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 7 | 5 | | |
| | | | | | 8 | | 4 | 3 |
| | | | 4 | | 5 | | | 8 |
| 1 | | 4 | | | | | 9 | 6 |
| | | 9 | | | | 3 | | |
| 6 | 3 | | | | | 2 | | 5 |
| 9 | | | 5 | | 4 | | | |
| 2 | 4 | | 3 | | | | | |
| | | 5 | 6 | 9 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6467

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**

१. सम्मोहित
३. गणेश
५. गर्व, घमंड
६. प्राप्त, लब्ध (उर्दू)
७. श्रीकृष्ण के भाई
८. अंधाधुंध, लगातार
१३.आवरणहीन, उजागर (उर्दू)
१५. प्रारब्ध, भाग्य
१६. मददगार
१७. निखार, दीप्ति
१८. खिताब, पदवी
२०. दूसरों के साथ किया जाने वाला व्यवहार
२२. संतुलित नापतौल किया गया
२३. नई नवेली दुल्हन

**ऊपर से नीचे:-**

१. धीमी हँसी
२. गलतफहमी, भ्रम, भ्रांति (उर्दू)
३. अव्यवस्था, घपला
४. पत्थरबाजी
५. अल्पवयस्क, मासूम, निर्दोष
९. हठात्
१०. तहकीकात
११. सौर-मंडल का एक ग्रह
१२. नुमाइंदा
१४. नाक़ाबिलियत
१७. प्रकाशित, आलोकित (उर्दू)
१९. पृथ्वी, संबंधी
२०. विपत्ति, प्रेत-बाधा (उर्दू)
२१. कानन, विपिन

### वर्ग पहेली-6466

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ बे | आ | २ ब | रू | ■ | ■ | ३ ज | न | ४ सं | ख्या |
| ल | ■ | र | ■ | ५ नि | श्च | ल | ■ | स्था | ■ |
| ६ गा | लि | ब | ■ | शि | ■ | ७ पा | र | प | त्र |
| म | ■ | ८ स | ९ म | का | लि | न | ■ | क | ■ |
| ■ | १० का | ■ | नो | ■ | ■ | ■ | ११ भ | ■ | १२ ए |
| १३ अ | त्या | चा | र | ■ | १४ प | ■ | १५ व्य | थि | त |
| ■ | य | ■ | १६ थ | का | व | ट | ■ | ■ | बा |
| १७ मु | नी | म | ■ | ■ | ना | ■ | १८ व्या | १९ पा | र |
| हि | ■ | ■ | २० अ | वि | र | २१ ल | ■ | व | ■ |
| २२ म | क | त | ब | ■ | ■ | २३ त | र | क | श |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 15 फरवरी , 2024 माघ शुक्ल पक्ष 5**

### राशिफल

मेष -आज का दिन आनंद और उल्लास से भरा हुआ होगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा होगा। आज किए गए हर काम में सफलता मिलेगी। घर का वातावरण खुशी का रहेगा।

वृषभ -शारीरिक तथा मानसिक रुप से आज आप चिंता में रहेंगे। चिंताओं के कारण मानसिक दबाव होगा, जिससे आपको थकान महसूस हो सकती है। परिजनों के साथ मनमुटाव हो सकता है। इससे घर का वातावरण बिगड़ सकता है।

मिथुन -आपका आज का दिन विविध लाभों की प्राप्ति करानेवाला होगा। परिवार में पुत्रों और पत्नी की तरफ से लाभदायक समाचार मिलेंगे। मित्रों के साथ मिलन-मुलाकात आपको आनंदित करेंगे। व्यापारी वर्ग की आय में वृद्धि होगी।

कर्क -नौकरी या व्यवसाय करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायक है। नौकरीपेशा लोगों पर उच्च पदाधिकारियों की कृपादृष्टि रहने से पदोन्नति की संभावना है। अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण मामलों के साथ भी खुले मन से चर्चा होगी।

सिंह -आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। आप धार्मिक और मांगलिक कार्यों में जा सकते हैं। आपका व्यवहार न्याय प्रिय रहेगा। धार्मिक प्रवास का आयोजन होगा। स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा। पेट दर्द से परेशानी होगी।

कन्या -आज नए काम हाथ में लेना हितकर नहीं है। बाहर के खाद्यपदार्थों से तबीयत खराब होने की आशंका रहेगी। क्रोध को नियंत्रण में रखने के लिए मौन रहना सही साबित होगा। धन खर्च अधिक होगा।

तुला -आज का दिन प्रणय, रोमांस, मनोरंजन और मौज-मस्ती से भरपूर है। सार्वजनिक जीवन में आप सम्मान प्राप्त करेंगे। यश और कीर्ति में वृद्धि होगी। भागीदारों के साथ लाभ की बात होगी।

वृश्चिक -पारिवारिक सुख- शांति के कारण शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। निर्धारित कामकाज में आप सफलता प्राप्त कर सकेंगे। ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा।

धनु -आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी है। आज आपको पेट संबंधी समस्या हो सकती है। संतान का स्वास्थ्य और उनकी पढ़ाई के संबंध में चिंता से मन व्यग्र रहेगा। काम में सफलता नहीं मिलने से क्रोध की भावना रहेगी।

मकर -आप का आज का दिन मध्यम फलदायी है। शारीरिक एवं मानसिक रूप से आज प्रतिकूलता का अनुभव करेंगे। घर में परिजनों के साथ विवाद से मन में अशांति रहेगी। समय पर भोजन न मिलने की संभावना है।

कुंभ -चिंताओं के बादल हटने से आप मानसिक हल्कापन महसूस करेंगे। मन में उत्साह का संचार होगा, जिस वजह से दिनभर का समय आनंदपूर्वक गुजरेगा। भाई-बंधुओं एवं स्नेहीजनों से मेल-जोल बढ़ेगा।

मीन -आज आप को खर्च पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। क्रोध और जिह्वा पर संयम रखें। अन्यथा किसी से विवाद होने की आशंका है। धन के लेन-देन में सावधानी बरतें।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1564-महान खगोलशास्त्री गैलीलियो का जन्म।
1763-प्रसिया और आस्ट्रेलिया के बीच शांति संधि हुई।
1798-फ्रांस ने रोम पर कब्ज़ा कर उसे गणराज्य घोषित किया।
1890-अमेरिकी युद्धपोत मेने हवाना बंदरगाह पर विस्फोट से उड़ा दिया गया।
1905-भारतीय राज्य जम्मू और कश्मीर के दूसरे राज्यपाल भगवान सहाय का जन्म।
1906-ब्रिटेन की लेबर पार्टी का गठन।
1926-अमेरिका में अनुबंध एयर मेल सेवा की शुरूआत।
1944-ब्रिटेन के सैकड़ों विमानों ने बर्लिन पर बमबारी की।
1947-हिन्दी सिनेमा के प्रसिद्ध अभिनेताओं में से एक रणधीर कपूर का जन्म।
1948-प्रसिद्ध कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान का निधन।
1952-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ राजनीतिज्ञ हरदीप सिंह पुरी का जन्म।
1961-बेल्जियम में बोइंग 707 विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 73 लोगों की मौत।
1962-अमेरिका ने नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया।
1967-भारत में चौथी लोकसभा के लिए चुनाव हुए।
1976-मध्य प्रदेश के भोपाल में केन्द्रीय कृषि अनुसंधान संस्थान की स्थापना की गई।
1982-श्रीलंका द्वारा राजधानी का कोलम्बो से जनवर्धनपुर को स्थानांतरण।

## जेलेंस्की बर्लिन, पेरिस, लंदन के दौरे पर जायेंगे



**कीव,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर जेलेंस्की इस सप्ताह बर्लिन, पेरिस और लंदन दौरे पर जायेंगे। वरिष्ठ यूक्रेनी अधिकारी ने बुधवार को द न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया कि श्री ज़ेलेंस्की पश्चिमी देशों से अधिक सैन्य सहायता पर जोर दे सकते हैं, जो जर्मनी में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के साथ मेल खाएगा। फिलहाल, श्री जेलेंस्की के कार्यालय ने सुरक्षा कारणों से उनकी यात्रा व्यवस्था पर कोई टिप्पणी नहीं की और अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है। जर्मन अखबार टैगेस्पीगल ने पहले खबर दी थी कि श्री ज़ेलेंस्की यूक्रेन संघर्ष शुरू होने के बाद से अपनी दूसरी यात्रा पर जर्मनी की यात्रा करने की योजना बना रहे हैं। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के अध्यक्ष क्रिस्टोफ़ ह्यूसगेन ने पहले कहा था कि श्री ज़ेलेंस्की और कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। इस वर्ष, म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन 16-18 फरवरी तक होगा।

## काहिरा में इजरायल, हमास के युद्ध पर बातचीत अगले तीन दिनों तक रहेगी जारी



गाजा में अब तक 28,400 से अधिक लोग मारे गए

**काहिरा,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। मिस्र की राजधानी काहिरा में मिस्र, इजरायल, कतर और अमेरिका के बीच गाजा पट्टी पर बातचीत तीन और दिनों तक जारी रहेगी। मिस्र के प्रसारक अल काहेरा न्यूज ने बुधवार को सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि अमेरिकी सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) के निदेशक विलियम बर्न्स, इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद के प्रमुख डेविड बार्निया और कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने मंगलवार को काहिरा में मिस्र के अधिकारियों से मुलाकात की। फाइनेंशियल टाइम्स ने सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि श्री बर्न्स ने इजरायल और फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के बीच गोलीबारी बंद करने तथा बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के समझौते पर फिर से बातचीत फिर से शुरू करने के लिये काहिरा में एक बैठक कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर, 2023 को हमास ने इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया और सैन्य ठिकानों पर हमला किया। इसमें इजरायल में 1,200 से अधिक लोग मारे गए और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया गया। इजरायल ने जवाबी हमले शुरू किए, गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया और हमास लड़ाकों को खत्म करने तथा बंधकों को बचाने के लिये फिलिस्तीनी इलाके में जमीनी घुसपैठ शुरू कर दी। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि गाजा पट्टी में अब तक 28,400 से अधिक लोग मारे गए हैं। इस बीच, 24 नवंबर को, कतर ने इजरायल और हमास के बीच एक अस्थायी संघर्ष विराम तथा कुछ कैदियों और बंधकों की अदला-बदली के साथ-साथ गाजा पट्टी में मानवीय सहायता के वितरण पर एक समझौते में मध्यस्थता की। युद्धविराम को कई बार बढ़ाया गया जो एक दिसंबर को समाप्त हो गया। गौरतलब है कि गाजा में अभी भी 100 से अधिक बंधक हमास के पास हैं।

## कैलिफोर्निया में भारतीय मूल के जोड़े और 4 वर्षीय जुड़वां बच्चों के शव मिले



**न्यूयॉर्क,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय-अमेरिकियों से जुड़ी एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में, कैलिफोर्निया के सैन मेटो में एक दंपति और उनके चार वर्षीय जुड़वां बच्चे अपने घर के अंदर मृत पाए गए। पुलिस 42 वर्षीय आनंद सुजीत हेनरी, उनकी 40 वर्षीय पत्नी एलिस प्रियंका और उनके बेटे नूह और नीथन की मौत को हत्या व आत्महत्या, दोनों पहलुओं से जांच कर रही है।

एनबीसी बे एरिया की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारी सोमवार सुबह लगभग 9ः15 बजे अल्मेडा डे लास पुलगास के 4100 ब्लॉक पर स्थित घर पहुंचे। कोई जवाब नहीं मिलने पर, वह खिड़की के जरिए घर में दाखिल हुए और बेडरूम के अंदर दो बच्चों को मृत पाया। उनके शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं थे। पुलिस ने कहा कि पुरुष और महिला बाथरूम के अंदर मिले, उनके शरीर पर बंदूक की गोली के घाव थे। एक 9-मिलीमीटर पिस्तौल और एक भरी हुई मैगजीन भी वहां मिली। मौत के कारण की अभी भी जांच की जा रही है।

**हत्या व आत्महत्या दोनों पहलुओं से की जा रही जांच**

सूत्रों ने एनबीसी को बताया कि पुलिस का मानना ??है कि लड़कों का गला घोंट दिया गया था, या खतरनाक ओवरडोज दी गई थी। सैन मेटियो पुलिस ने एक बयान में कहा कि घटनास्थल पर कोई नोट नहीं मिला और यह मौतें एक अलग घटना प्रतीत होती है, जिससे जनता को कोई खतरा नहीं है। हालांकि मकसद स्पष्ट नहीं है, पुलिस पोस्टमार्टम और फोरेंसिक एनालिसिस का इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा, हमें विश्वास है कि जिम्मेदार व्यक्ति घर के भीतर ही मौजूद था। पड़ोसियों ने कहा कि जोड़ा चार साल से अधिक समय से घर में रह रहा था और एक खुशहाल परिवार की तरह लग रहा था।

## मिस्र में कई वाहनों की टक्कर में पन्द्रह लोगों की मौत




**काहिरा,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। मिस्र की राजधानी काहिरा के उत्तर में अमरेया शहर के पास काहिरा-अलेक्जेंड्रिया रेगिस्तानी मार्ग पर मंगलवार को कई वाहनों की टक्कर में पंद्रह लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। राज्य संचालित मेना समाचार एजेंसी ने यह जनकारी दी है। मेना ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि सुरक्षा बल और एंबुलेंस तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि यातायात अधिकारी यातायात को बहाल करने के लिए काम कर रहे हैं।

**यात्रा** *यूएई ने मनाया पीएम मोदी की यात्रा का जश्न*

# तिरंगे में जगमगा उठा बुर्ज खलीफा

**दुबई, 14 फरवरी (एजेंसियां)। '2024 वैश्विक सरकार शिखर सम्मेलन' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन से पहले दुबई के बुर्ज खलीफा भारतीय तिरंगे के रंग रंगा दिखा। वहीं, बुर्ज खलीफा पर 'गेस्ट ऑफ ऑनर - भारत गणराज्य' भी लिखा दिखा। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय यूएई यात्रा पर हैं। अपने सात साल के कार्यकाल में पीएम सातवीं बार यूएई पहुंचे हैं, जहां वो पहले हिंदू मंदिर बीएपीएस का भी उद्घाटन करेंगे।**

प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को अपने एक्स अकाउंट पर कहा था, वो एक मजबूत धरती बनाने के लिए पारस्परिक वार्ता को प्रगाढ़ करेंगे। वहीं, अपने संबोधन से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सोशल मीडिया एक्स अकाउंट पर कहा था, 'आज वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट' में बोलना सम्मान की बात है। मैं कई विषयों पर विस्तार से बात करूंगा, जो एक बेहतर ग्रह के निर्माण के बारे में बातचीत को मजबूत करेगा। प्रधानमंत्री के स्वागत में दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने अपने सोशल मीडिया एक्स अकाउंट पर बुर्ज खलीफा की भारतीय तिरंगे और वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट के लोगो से लिपटी हुई थी। उन्होंने कहा था, 'दोनों देशों के बीच मजबूत संबंध अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए एक मॉडल के रूप में काम करते हैं और इस कार्यक्रम में भारत को एक विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल करना खुशी की बात है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, शासन की सर्वोत्तम प्रथाओं, सफलता की कहानियों और पहलों को साझा करने और सरकार के भविष्य की कल्पना करने के लिए 'वर्ल्ड गवर्नमेंट समिट' दुनिया के अग्रणी प्लेटफार्मों में से एक बन गया है।



## मोदी ने मेडागास्कर के राष्ट्रपति एंड्री से मुलाकात की

दुबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यहां मेडागास्कर के राष्ट्रपति एंड्री राजोएलिना से मुलाकात की। दुबई में आयोजित विश्व सरकार शिखर सम्मेलन के मौके पर दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात हुई। विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे मैत्रीपूर्ण संबंधों और प्राचीन भौगोलिक संबंधों को याद किया। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की और संयुक्त राष्ट्र सहित विभिन्न बहुपक्षीय मंचों पर दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग की सराहना की।

## दुनिया को जानें

# कंबोडिया में एचआईवी का बढ़ रहा प्रकोप

**नोम पेन्ह,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। कंबोडिया में ह्यूमन इम्यूनो डेफिशियेंसी वायरस (एचआईवी) का प्रकोप बढ़ रहा है। राष्ट्रीय एड्स प्राधिकरण ने बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। यहाँ हर दिन चार लोग एचआईवी से संक्रमित हो जाते हैं। एचआईवी वह जीवाणु है जो एक्वार्ड इम्यून डेफिशियेंसी सिंड्रोम (एड्स) जैसी बीमारी का कारण बनता है। विज्ञप्ति में कहा गया, प्रति वर्ष लगभग 1,400 लोग या प्रति दिन लगभग चार लोग एचआईवी से संक्रमित हो जाते हैं, इसमें किशोरों से वेलेंटाइन डे पर यौन सम्बन्ध से बचने का आग्रह किया गया है। नए संक्रमित लोगों में से 42 प्रतिशत 15 से 24 वर्ष की आयु के युवा हैं। रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में दक्षिण पूर्व एशियाई देश में लगभग 76,000 लोग एचआईवी से पीड़ित हैं। वरिष्ठ मंत्री और राष्ट्रीय एड्स प्राधिकरण के अध्यक्ष इएंग मौली ने हाल ही में कहा कि कंबोडिया सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरे के रूप में एड्स को समाप्त करने और 2025 तक 95-95 लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# प्रादेशिकी

### जिला रेडक्रास सोसाईटी सदस्यों ने जरूरतमंदों को किए कम्बल वितरित

**देहरादून।** जिला रेडक्रास सोसाईटी के सदस्यों ने सोसाईटी के सहयोग से बसंत पंचमी के अवसर पर जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित किये। इस दौरान सदस्यों ने स्वास्थ्य व स्वच्छता को लेकर भी उन्हें जागरूक किया। बुधवार को पावन दिवस बसंत पंचमी के मौके पर जिला रेडक्रास सोसाईटी के अध्यक्ष डा.एम.एस. अंसारी, जनरल सेक्रेटरी कल्पना बिष्ट, कार्यकारिणी सदस्य डा. मनोज गोयल व आजीवन सदस्य अनिल पैन्यूली ने सोसाईटी के सहयोग से देहरादून के प्रीतम रोड़ क्षेत्र में रह रहे जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित करने के साथ उन्हें स्वस्थ रहने, पौष्टिक भोजन करने के अलावा स्वच्छ व साफ सफाई को लेकर भी जागरूक किया। सोसाईटी सदस्य इस तरह के सामाजिक कार्य पिछले कई वर्षों से लगातार करते आ रहे हैं।

## राज्यपाल के अभिभाषण के साथ हिमाचल विधानसभा का बजट सत्र आरंभ

- अभिभाषण में हरित राज्य और राजीव गांधी स्टार्टअप योजना पर फोकस
- अभिभाषण में रोजगार का उल्लेख करना भूली अफसरशाही

■ हिमकिरण मांटा



शिमला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र बुधवार को शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ। अभिभाषण में हिमाचल को वर्ष 2026 तक हरित राज्य बनाने और 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्टार्टअप योजना पर फोकस रहा। हालांकि राज्यपाल के अभिभाषण में सुक्खू सरकार द्वारा बीते सवा साल के दौरान सरकारी और निजी क्षेत्र में उपलब्ध करवाए गए रोजगार के आंकड़े गायब हैं। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में कहा कि उनकी सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन का एक साल सफलतापूर्वक पूरा किया है। उन्होंने कहा कि सरकार हिमाचल को हरित राज्य बनाने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को परिवहन के लिए पहली पसंद बनाने के वास्ते व्यापक स्तर पर काम शुरू किया है। इसके तहत प्रदेश में छह ग्रीन कोरिडोर विकसित किए जा रहे हैं और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशनों का व्यापक नेटवर्क स्थापित करने के लिए 106 सार्वजनिक स्थानों को चिन्हित किया गया है।

राज्यपाल ने कहा कि उनकी सरकार ने स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्वरोजगार योजना के तहत परिवहन विभाग ने ई-टैक्सी स्कीम शुरू की है। इसके तहत ई-टैक्सी खरीदने पर 50 फीसदी अनुदान दिया जाएगा और इन्हीं ई-टैक्सियों को कम से कम चार वर्षों के लिए सरकारी विभागों द्वारा अनुबंध पर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में 93 मेगावॉट की सौर ऊर्जा परियोजनाओं को औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं और इन्हें इस वर्ष अंत तक स्थापित कर दिया जाएगा।

राज्यपाल ने कहा कि उनकी सरकार ने परीक्षा भर्तियों में होने वाली धांधलियों के चलते हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग हमीरपुर को 21 फरवरी 2023 को भंग कर दिया था। इसके स्थान पर 30 सितंबर को हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग स्थापित कर दिया गया है।

राज्यपाल ने अभिभाषण में प्रदेश में पिछले वर्ष आई प्राकृतिक आपदा का जिक्र भी किया और कहा कि इस आपदा से पीड़ितों को राहत देने के लिए सरकार ने 4500 करोड़ रुपए का पैकेज घोषित किया है। उन्होंने कहा कि इस आपदा के बावजूद प्रदेश के विकास को नहीं रुकने दिया गया है। राज्यपाल ने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी के चुनाव घोषणापत्र को नीति दस्तावेज घोषित किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता के साथ किए गए सभी वायदे चरणबद्ध ढंग से पूरे किए जाएंगे और विकास कार्यों में धन की कमी आड़े नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश की आर्थिक स्थिति को पुन: पटरी पर लाने के लिए बहुआयामी परिवर्तन शुरू किए हैं।

राज्यपाल ने मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना का जिक्र करते हुए कहा कि इस योजना के तहत प्रदेश के 4121 बच्चों को पात्र घोषित किया गया है और उन पर अभी तक 7.65 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार कांगड़ा जिला का पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित कर रही है और यहां पर्यटन ढांचे के विकास पर तीन हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

## 22 सूत्री मांगों को लेकर ट्रेड यूनियन कल हड़ताल

**देहरादून,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। पूर्व कैबिनेट मंत्री व इंटक के प्रदेश अध्यक्ष हीरा सिंह बिष्ट ने कहा कि केन्द्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ 16 फरवरी को होने वाली हड़ताल के माध्यम से राष्ट्रपति से मांग करेंगे कि इन मजदूर, किसान व जनविरोधी फैसलों को तत्काल वापस लेने हेतु केन्द्र सरकार को निर्देशित करें।



बुधवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बिष्ट ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार व उत्तराखण्ड सरकार मेहनतकश लोगों के जीवन और आजीविका पर बर्बर हमले कर रही है और विभिन्न कानूनों, अध्यादेशों और नीतिगत अभियानों के माध्यम से श्रमिक विरोधी-किसान विरोधी और जन विरोधी कदम उठा रही है। यह सरकार राजव्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं का साम्प्रदायिकरण कर रही है तथा योन उत्पीडन के दोषियों के आरोपी अपराधियों को बेशर्मी से बचा रही है। उन्होंने कहा कि कानून व व्यवस्था पर से लोगों का भरोसा उठता जा रहा है। विपक्षी 146 सांसदों को निलम्बित कर सरकार के द्वारा हाल ही में चालकों व जन विरोधी काला कानून मोटर वाहन अधिनियम 2023 को संसद में विपक्ष की अनुपस्थिति में पारित किया गया है जिसके तहत दुघर्टना के पश्चात सात साल की सजा व दस लाख रूपये जुर्माना होगा जिसका सर्वत्र विरोध किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस सरकार के द्वारा करोना काल में जब दुनिया में त्राही-त्राही मची थी 2020 में आपदा को अवसर में बदलते हुए 44 श्रम कानूनों में से 29 श्रम कानूनों को समाप्त किया गया तथा मालिकों व पूंजीपतियों के हितों में चार श्रम संहिताएं बनायी गयी है। जिससे मजदूर वर्ग को गुलामी की ओर धकेला जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा सार्वजनिक सम्पत्तियों को बडी ही चालाकी से पूंजीपतियों को कौडी के भाव से बेच रही है। उन्होंने कहा कि 16 फरवरी को होने वाली हडताल के माध्यम से राष्ट्रपति से मांग करेंगे कि इन मजदूर, किसान व जनविरोधी फैसलों को तत्काल वापस लेने हेतु केन्द्र सरकार को निर्देशित करें। प्रेस वार्ता में महेन्द्र जखमोला, अशोक शर्मा, लेखराज आदि मौजूद थे।

**सार संक्षेप**

### आबादी वाले क्षेत्र में हाथी की दस्तक,मची अफरा-तफरी

हरिद्वार। बुधवार तड़के एक हाथी रास्ता भटक गया और ज्वालापुर क्षेत्र में कोतवाली रोड से होते हुए आर्य नगर क्षेत्र वाले रोड की तरफ निकल पड़ा। हाथी की दस्तक से लोगों में अफरा तफरी मच गई। जटवाड़ा पुल की तरफ से होते हुए निकले टस्कर हाथी को देखते ही लोग इधर-उधर भागने लगे। किसी ने हाथी का वीडियो भी अपने कमरे में कैद कर ली। ऐसा पहली बार हुआ है जब टस्कर हाथी जंगल से भटककर शहर की तरफ आया है। हाथी के शहर में आने से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। लोगों ने इसकी सूचना वन प्रभाग और पुलिस को दी। ट्रैफिक रोकने के बाद हाथी को किसी तरह जंगल की ओर भेजा गया।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

हल्द्वानी। लालकुआं क्षेत्र में मंगलवार देर रात रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर लालकुआं कोतवाली पुलिस और जीआरपी मौके पर पहुंची और मृतक के शव को अपने कब्जे में लिया। मृतक की अभी तक शिनाख्त हो पाई है। मंगलवार देर रात पुलिस को सूचना मिली थी कि लालकुआं बरेली रेल मार्ग पर कोई हादसा हो गया है। पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि युवक ट्रेन की चपेट में आने से दो हिस्सा में कटा हुआ था। पुलिस वाले उसे उठाकर हॉस्पिटल भी ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक युवक पटरी पार कर रहा था, तभी वो ट्रेन की चपेट में आ गया। पुलिस ने मृतक के शव को शिनाख्त के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है।

### बसंत पंचमी पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डूबकी

हरिद्वार। बसंत पंचमी के मौके पर हरिद्वार में हर की पैड़ी पर भी सुबह 4 बजे से श्रद्धालु गंगा स्नान करने के लिए पहुंचे थे। इस पर्व पर मां सरस्वती की पूजा की जाती है। हर की पैड़ी पर पहुंचे श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाने के बाद दान कर पुण्य लाभ कमाया। बसंत पंचमी पर पीली वस्तुएं दान की जाती हैं। बसंत पंचमी पर्व पर गंगा स्नान करने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु हरिद्वार पहुंचे हैं। ठंड के बावजूद लोगों में बसंत पंचमी को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। बसंत पर्व पर गंगा स्नान का लाभ उठाने के लिए ही हरकी पैड़ी पर सुबह से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। माना जाता है कि बसंत जीवन में नई उमंग लाता है। जिससे हमारे जीवन से निराशावादी सोच में बदलाव आता है। पंडित मनोज त्रिपाठी ने बताया कि बसंत पंचमी के अवसर पर मां गायत्री, मां सरस्वती की पूजा की जाती है। बसंत पंचमी पर्व पर स्वयं सिद्ध मुहूर्त है और अक्षय तृतीया के सामान ही मुहर्त है। ऐसा माना जाता है कि इस पर्व पर मंत्रों के उच्चारण के साथ गंगा स्नान करने से

### सुडोकू 6467 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 3 | 1 | 6 | 7 | 5 | 2 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 | 4 | 3 |
| 7 | 9 | 2 | 4 | 3 | 5 | 1 | 6 | 8 |
| 1 | 2 | 4 | 7 | 5 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 7 | 4 |
| 6 | 3 | 7 | 8 | 4 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 4 | 6 | 3 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 3 | 8 | 1 | 9 | 5 | 7 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 2 | 4 | 8 | 1 |

## दून में ही होगा वर्ष 2024-25 का विधानसभा बजट सत्र

**देहरादून,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तराखण्ड को वर्ष 2024-25 का बजट सत्र देहरादून विधानसभा में ही होगा इसका निर्णय कैबिनेट में लिया गया है। जिसके लिए तिथि निर्धारित करने के लिए कैबिनेट बैठक के दौरान मुख्यमंत्री को अधिकार दिया गया है। बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में कुल 14 मामलों पर निर्णय लिया गया है। आबकारी नीति 2024-25 को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। वर्ष 2024-25 के लिए आबकारी से राजस्व प्राप्ति के लिए 4400 करोड़ रुपए का लक्ष्य रखा गया।

कैबिनेट बैठक में गृह विभाग की प्राइवेट सुरक्षा एजेंसी सेवा नियमावली में संशोधन करने का निर्णय लिया गया है। यूसीसी के ड्राफ्ट के प्रकाशन के लिए गठित विशेषज्ञ समिति को समय दिया गया है। राज्य सरकार के सेवारत और आश्रितों के इलाज में होने वाला खर्च रीइंबर्समेंट किया जाएगा। जिन लोगों ने अपने आप को गोल्डन कार्ड से बाहर कर लिया हैं, उनको ये सुविधा मिलेगी। देश के टॉप कॉलेज में जाने वाले बच्चों को छात्रवृत्ति धनराशि दी जाएगी। इसके अलावा पंतनगर हवाई पट्टी के रनवे को 3000 मीटर तक विस्तारित किया गया था। ऐसे में एनएच की 7 किलोमीटर जमीन पर एयरपोर्ट का



एक्सपेंशन होना है। ऐसे में सरकार एनएच को इसके बदले जमीन देगी। सरकार एनएच को 103 एकड़ भूमि दी जाएगी।

उत्तराखंड भाषा संस्थान एवं भाषा अकादमी के लिए 41 पदों का सृजन किया जाएगा जिस पर कैबिनेट ने निर्णय लिया हैं। सेतु (स्टेट इंस्टीट्यूट फॉर एम्पॉवरमेंट इन ट्रांसफॉर्मिंग इन उत्तराखंड) के संगठनात्मक ढांचे में संशोधन किया गया है। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा में एक्स-रे टेक्नीशियन के ढांचे में संशोधन किया गया। आईटीआई के प्रशिक्षकों को यूनिफॉर्म दिया जाएगा। योगदा सोसायटी (द्वाराहाट) को तीन हेक्टेयर फॉरेस्ट भूमि को तीन साल के लिए लीज पर दिया जाएगा। कैबिनेट की मंजूरी के बाद ये प्रस्ताव वन मंत्रालय को भेजा जाएगा। उड़ान योजना के तहत राज्य सरकार एक पॉलिसी ला रही है। इसके उत्तराखंड एयर कनेक्टिविटी स्कीम के तहत हेली सेवाओं का विस्तार हो सकेगा। ये प्रस्ताव 2029 तक रहेगा। इसके लिए एक उच्च स्तरीय समिति बनेगी। इससे 12 महीने पर हेली कनेक्टिविटी रख सकेंगे। आयुष विभाग के तहत 8 उच्चीकृत राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में 82 पदों का सृजन किया गया है। देहरादून में विधानसभा में सत्र आयोजित किया जाएगा। तिथियों को तय करने के लिए सीएम धामी को अधिकृत किया गया है।

### गैरसैंण में बजट सत्र को लेकर सियासत गरमाई

गैरसैंण में बजट सत्र आहूत किए जाने को लेकर राजनीतिक सियासत गरमाई हुई है। पिछले कुछ सालों की तरह इस साल भी पूर्णकालिक बजट सत्र गैरसैंण में आहूत होने की संभावना बनी हुई है। किन्तु इसी बीच न सिर्फ विपक्ष के विधायक बल्कि सत्ता पक्ष के भी अधिकांश विधायकों ने ठंड का बहाना लेकर विधानसभा अध्यक्ष को पत्र भेजा है कि देहरादून में ही विधानसभा बजट सत्र आहूत किया जाए। इसपर नेताओं की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं भी सामने आ रही हैं। इस पर पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की भी प्रतिक्रिया सामने आई है।

- धामी कैबिनेट बैठक में लिया गया फैसला
- आबकारी नीति 2024-25 को कैबिनेट से मिली मंजूरी
- आबकारी से राजस्व प्राप्ति के लिए 4400 करोड़ रुपए का रखा लक्ष्य
- गृह विभाग की प्राइवेट सुरक्षा एजेंसी सेवा नियमावली होगी संशोधित
- यूसीसी के ड्राफ्ट के प्रकाशन के लिए गठित विशेषज्ञ समिति को समय दिया गय
- उत्तराखंड भाषा संस्थान एवं भाषा अकादमी के लिए 41 पदों का होगा सृजन
- आईटीआई के प्रशिक्षकों को दी जाएगी यूनिफॉर्म
- आयुष विभाग के तहत 8 उच्चीकृत राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में 82 पदों का होगा सृजन

## एयरपोर्ट को मिली टर्मिनल-2 की नई बिल्डिंग



देहरादून, 14 फरवरी (देशबन्धु)। जौलीग्रांट एयरपोर्ट के नवनिर्मित टर्मिनल भवन फेज-2 का उद्घाटन बुधवार को किया गया। सीएम पुष्कर सिंह धामी व केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने टर्मिनल भवन फेज-2 का वर्चुअली उद्घाटन किया। नई टर्मिनल बिल्डिंग को आधुनिक तकनीक से लैस किया गया है। टर्मिनल की नई बिल्डिंग में उत्तराखंड की कला और संस्कृति की झलक उकेरी गई है। जौलीग्रांट एयरपोर्ट के नवनिर्मित टर्मिनल भवन फेज-2 के उद्घाटन के साथ ही एयरपोर्ट का क्षेत्र 42,776 वर्ग मीटर हो गया है। इससे पहले पुरानी टर्मिनल बिल्डिंग 28729 वर्ग मीटर क्षेत्र में थी। नई टर्मिनल बिल्डिंग पुरानी बिल्डिंग की तुलना में 10 गुना अधिक क्षमता वाली हो गई है। कार्यक्रम में हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र से सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, एयरपोर्ट निदेशक प्रभाकर मिश्रा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में मंच से जनता को संबोधित करते हुए सीएम धामी ने कहा कि केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों से ही उत्तराखंड में हवाई सेवा मजबूत हुई है। मंत्री सिंधिया के नेतृत्व में नागरिक उड्डयन विभाग तेजी से काम कर रहा है। भारत सरकार के सहयोग से प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमने चुनौतियों को अवसरों में बदलने का प्रयास किया है। आज बाहर के लोगों को भी प्राधिकरण सस्ती हवाई सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। सीएम धामी ने कहा कि वर्तमान में 13 हवाई पोर्ट का निर्माण प्रदेश में किया जा रहा है। हमारा प्रयास पर्यटकों को आवागमन की हर सेवा उपलब्ध कराना है। जौलीग्रांट को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इसी के तहत इस टर्मिनल का लोकार्पण हुआ है। पंतनगर एयरपोर्ट को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा सभी औपचारिकताएं पूरी कर दी है। हाल ही में पिथौरागढ़ के लिए भी हवाई सेवा शुरू हो गई है।

## पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने काटे 9 होटलों के बिजली-पानी के कनेक्शन



देहरादून, 14 फरवरी (देशबन्धु)। बिना अनुमति के संचालित हो रहे मसूरी के 9 होटलों के उत्तराखंड पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने होटलों के बिजली-पानी के कनेक्शन काट दिये हैं। साथ ही होटलों के संचालन पर रोक लगा दी है। इससे मसूरी के होटल संचालकों में हड़कंप मच हुआ है। बुधवार को उत्तराखंड पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड, मसूरी विद्युत विभाग, गढ़वाल जल संस्थान मसूरी, स्थानीय प्रशासन और मसूरी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा बिना पॉल्यूशन बोर्ड की अनुमति के संचालित हो रहे 9 होटलों की बिजली और पानी के कनेक्शन को काट दिया गया है। बताया जा रहा है कि 282 होटल में से 9 होटल बिना पॉल्यूशन बोर्ड की अनुमति के संचालित किए जा रहे थे। इसको लेकर उत्तराखंड पॉल्यूशन बोर्ड द्वारा नोटिस देकर अनुमति लेने के निर्देश दिए गए थे। कई बार नोटिस देने के बाद भी मसूरी के 9 होटल संचालकों द्वारा नोटिस का जवाब नहीं दिया गया और ना ही उत्तराखंड पॉल्यूशन बोर्ड से अनुमति ली गई।

उत्तराखंड पॉल्यूशन बोर्ड के रीजनल अधिकारी डॉक्टर आरके चतुर्वेदी के नेतृत्व में बुधवार को कार्रवाई शुरू की गई है। डॉक्टर आरके चतुर्वेदी ने बताया कि मसूरी में पिछले साल एनजीटी के निर्देश के बाद मसूरी में संचालित हो रहे होटलों का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मसूरी में 282 होटलों में से 9 होटल संचालकों ने उत्तराखंड पॉल्यूशन बोर्ड से अनुमति नहीं ली है। जिस पर आज कार्रवाई की गई है।

## हिमाचल से अभिषेक मनु सिंघवी जाएंगे राज्यसभा

**शिमला,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा के लिए कांग्रेस हाईकमान ने अभिषेक मनु सिंघवी का नाम फाइनल किया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को उनके नाम की घोषणा कर दी। सिंघवी वीरवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। हिमाचल में कांग्रेस की सरकार है और माना जा रहा है कि उनका चयन निर्विरोध होगा। नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए सिंघवी शिमला पहुंच गए हैं। उधर, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मीडिया से बात करते हुए कहा की अभिषेक मनु सिंघवी पार्टी के वरिष्ठ नेता व सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी हाईकमान ने सिंघवी को हिमाचल से राज्यसभा सदस्य के लिए उम्मीदवार घोषित किया है। वह पार्टी हाईकमान के इस निर्णय का स्वागत करते हैं। सिंघवी हिमाचल से राज्यसभा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की जगह लेंगे। नड्डा का कार्यकाल दो अप्रैल 2024 में पूरा हो रहा है। अभिषेक मनु सिंघवी राज्यसभा के लिए नामांकन पत्र वीरवार को भरेंगे, क्योंकि इस चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी ( है, जबकि नामांकन पत्रों की संवीक्षा 16 फरवरी को होगी। नाम वापिस लेने की अंतिम तिथि 20 फरवरी है। यदि जरूरी हुआ तो मतदान 27 फरवरी को होगा। मतदान का समय सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा। मतगणना 27 फरवरी के दिन शाम 5 बजे होगी।



### ये है अंक गणित


हिमाचल प्रदेश विधानसभा के 68 सदस्य हैं। इनमें से भाजपा के 25 विधायक हैं। वहीं कांग्रेस के 40 विधायक हैं। तीन आजाद विधायक हैं जिनका समर्थन कांग्रेस सरकार को है। यानी कांग्रेस के पास विधायकों का संख्या बल 43 का है। ऐसे में तय है कि राज्यसभा सीट के लिए कांग्रेस से ही उम्मीदवार राज्यसभा जाएंगे। ऐसे में कांग्रेस उम्मीदवार का राज्यसभा को लिए निर्विरोध चुना जाना तय है।

### राजस्थान के जोधपुर में हुआ सिंघवी का जन्म

अभिषेक मनु सिंघवी का जन्म राजस्थान के जोधपुर में 24 फरवरी 1959 को हुआ। उन्होंने सेंट कोलंबिया स्कूल, सेंट स्टीफन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, ब्रिटेन और हार्वर्ड विश्वविद्यालय, संयुक्त राज्य अमेरिका में पढ़ाई की है। अभिषेक मनु सिंघवी भारत में अग्रणी वकीलों में से एक हैं। वे पूर्व में भारत के एडिशनल सॉलिसिटर जनरल रह चुके हैं।

## एसएसपी अजय सिंह ने किया कोतवाली डोईवाला का आकस्मिक निरीक्षण

**देहरादूर,** , 14 फरवरी (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने डोईवाला कोतवाली का आकसिम्क निरीक्षण कर संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने सहित कई अन्य दिशा निर्देश दिये। बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह द्वारा कोतवाली डोईवाला का आकास्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह द्वारा थाना कार्यालय में रखे अभिलेखों का अवलोकन कर सीसीटीएनएस के तहत किये जा रहे कार्यो के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई, साथ ही सीसीटीएनएस के तहत किये जा रहे सभी कार्यो को अघावधिक रखने के निर्देश दिए गए। थाना परिसर में खडे लावारितध्माल मुकदमाती वाहनों के सम्बंध में जानकारी प्राप्त करते हुए एसएसपी द्वारा उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त थाना क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरो के सम्बंध में जानकारी प्राप्त करते हुए अपराध की दृष्टि से संवेदनशील स्थानो को चिन्हित कर उक्त स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिये गये तथा आमजन व व्यापारी वर्ग को भी सीसीटीवी कैमरो की महत्वता से अवगत कराते हुए उन्हें भी अपने सस्थानों, घरो में सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिये प्रोत्साहित करने हेतु अवगत कराया गया।



## 12 मई को सुबह 6 बजे खुलेंगे बैकुंट धाम बद्रीनाथ के कपाट

टिहरी, 14 फरवरी (देशबन्धु)। नरेंद्रनगर बसंत पंचमी के शुभअवसर पर राजमहल नरेंद्र नगर में आयोजित धार्मिक समारोह में बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने की घोषणा कर दी गई है। जबकि गाडू घड़ा तेल निकालने की तिथि 25 अप्रैल तय की गई है। श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट 12 मई को खुलेंगे। बसंत पंचमी के शुभअवसर पर राजमहल नरेंद्र नगर में आयोजित धार्मिक समारोह में बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने की घोषणा कर दी गई है। जबकि गाडू घड़ा तेल निकालने की तिथि 25 अप्रैल तय की गई है।

श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट 12 मई को सुबह 6 बजे पर खुलेंगे। बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर आयोजित धार्मिक समारोह में पंचांग गणना के बाद विधि-विधान के साथ कपाट खुलने की तिथि तय हुई। इस मौके पर टिहरी महाराज मनुजेंद्र शाह सहित श्री बद्री-केदार मंदिर समिति, डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालू मौजूद थे। इस कार्यक्रम में महारानी राजलक्ष्मी, राजपुरोहित



आचार्य कृष्ण प्रसाद उनियाल, बद्री केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय मौजूद थे। बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि घोषित होने के बाद श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि श्री डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत की ओर से गाडूघड़ा राजमहल को सौंपा गया। इसके बाद राजमहल से गाडूघड़ा में तिल का तेल पिरोया गया।श्री बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने से पूर्व तिल का तेल पिरोने के बाद गाडूघड़ा नरेंद्रनगर राजदरबार से डिम्मर होते हुए श्री नृसिंह मंदिर, योग बदरी पांडुकेश्वर से श्री बदरीनाथ धाम पहुंचाया जाएगा।

## भाजपा राष्ट्रीय परिषद की दो दिवसीय बैठक 17-18 को

देहरादून,, 14 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय परिषद की बैठक दिल्ली में 17 व 18 फरवरी को होनी तय है। बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट समेत राज्य से 250 प्रतिनिधि शिरकत करेंगे। बैठक में लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा होगी।

यमुना कालोनी स्थित आवास में पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने कहा कि राष्ट्रीय परिषद की बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत वरिष्ठ पार्टी नेताओं का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। परिषद में तय रणनीति को सभी प्रदेश, बूथ लेवल तक अमलीजामा पहनाने का काम होगा।

उन्होंने बताया कि बैठक में प्रदेश से लेकर जिले, मंडल, बूथ एवं पन्ना इकाइयों तक के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाकर जानकारी साझा की जाएगी। इस दो दिवसीय बैठक में पहले दिन राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक होगी और दूसरे दिन सभी राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों की बैठक होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य में सरकारें शानदार काम रही हैं और इसे देखते हुए बैठक को लेकर पार्टी में जबरदस्त उत्साह है।

उन्होंने उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के ताजा घटनाक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि देश विपक्षविहीन होता जा रहा है। यूपी में इंडिया गठबंधन समाप्त होने का है। महाराष्ट्र के पूर्व सीएम और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता का भाजपा में आना इसे पूरी तरह स्पष्ट करता है।

# प्रादेशिकी

## फर्रुखाबाद में फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले दो शातिर गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। थाना कमालगंज पुलिस ने जमीन का फर्जी बैनामा कराने के लिए तैयार किए गए फर्जी आधार कार्ड सहित दो शातिर जालसाजों को गिरफ्तार कर लिया। थाना पुलिस ने ग्राम नौगवां नसरतपुर निवासी सीवेंद्र राजपूत पुत्र सूरजपाल एवं थाना जहानगंज के ग्राम जलालपुर निवासी अमन कुशवाहा उर्फ पिन्ना पुत्र अशोक कुमार को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के समय आरोपी आधार कार्ड का प्रतिरूपण कर फर्जी आधार कार्ड तैयार कर रहे थे। पुलिस को मौके पर 15 आधार कार्ड मय लेमिनेशन व 7 आधार कार्ड फोटो कापी व आधार कार्ड तैयार करने के उपकरण लेपटाप मय चार्जर, पिन्टर एचपी, कीवोर्ड एवं माउस, मोबाइल सैमसंग, पैकेट लेमिनेशन एवं 12 बन प्लस फोटो सूट, इंक जेट, आईडी, फोटो पेपर व 1850 रुपए मिले।

# कन्या सुमंगला योजना में मिलेंगे 25 हजार : योगी

## सामूहिक विवाह समारोह में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री, नव दम्पतियों को दिया आशीर्वाद



**लखनऊ/गोरखपुर,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप डबल इंजन की सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सम्मान के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए सरकार अप्रैल से मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की धनराशि को प्रति लाभार्थी 15 हजार रुपए से बढ़ाकर 25 हजार रुपए करने जा रही है।

मुख्यमंत्री योगी बसंत पंचमी के पावन पर्व पर खाद कारखाना परिसर में एक हजार जोड़ों के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 252 करोड़ रुपए की लागत वाली 91 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर 2014 में पीएम मोदी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान चलाया। बेटी बचेगी तभी पढ़कर आगे बढ़ेगी और देश व समाज के लिए योगदान दे पाएगी। एक बेटी कुल खानदान को आगे बढ़ाने का काम करती है। बेटियों को बचाने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए आज केंद्र और राज्य सरकार के स्तर पर कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में जब वह सीएम बने तो प्रदेश में यह समस्या आई कि बेटी को बचाने के लिए क्या और प्रयास करने चाहिए। इसके लिए पहला कार्यक्रम सुमंगला योजना का बनाया गया। इसमें बेटी के जन्म से लेकर स्नातक तक पढ़ाई की व्यवस्था की गई। इस योजना में सरकार अब तक 17 लाख से अधिक बेटियों को 15 हजार उपलब्ध करा चुकी है। अप्रैल से यह धनराशि बढ़कर 25 हजार हो जाएगी। योगी ने बताया कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वर्ष 2017 से अब तक तीन लाख से शादियां करा चुकी है।

**252 करोड़ रुपए की लागत वाली 91 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण**

प्रति जोड़े विवाह पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। इसमें 35 हजार रुपये कन्या के खाते में भेजे जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह सुखद है कि गरीब के साथ संपन्न परिवारों के बच्चे सामूहिक विवाह के कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। योगी ने कहा कि एक सदगृहस्थ के लिए विवाह भी एक संस्कार है और उस संस्कार से वह पैतृक परंपरा को आगे बढाने का कार्य करता है। सृष्टि की रचना, जीवन चक्र इसी से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि समय के अनुरूप विकृतियां भी आईं। कहीं बाल विवाह, दहेज तो कहीं तलाक जैसी कुप्रथाएं हैं। ये कुप्रथाएं आधी आबादी की विरोधी थीं। इनसे बचने के लिए बेटी हो ही न हों, इसके लिए तमाम कुत्सित प्रयास होने लगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कहा कि आज बुद्धि और विवेक की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती के पूजन का दिन है।

### बाल विवाह नहीं होने देने का लें संकल्प : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों को संकल्प दिलाया कि बाल विवाह नहीं होने देना है। दहेज न लेना है, न देना है। तलाक जैसी कुप्रथाओं को सदैव के लिए समाप्त करना है। कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा। ये कुप्रथाएं अमानवीय हैं, आधी आबादी का अपमान और उन पर अत्याचार हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी के साथ सरकार खड़ी है। उन्हें हर संभव सहयोग करेगी, प्रोत्साहन देगी। उन्होंने बताया कि आधी आबादी की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए महिला स्वयंसेवी समूह संचालित हैं। व्यवस्था दी गई है कि किसी गांव में राशन कोटे का विवाद होगा तो वहां की महिला स्वयंसेवी समूह व्यवस्था संचालित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 55 लाख गरीबों को पीएम आवास योजना से मकान दिए गए हैं, उनमें आधे से अधिक महिलाओं के नाम पर दिए गए हैं। पीएम स्वामित्व योजना में जिस जमीन पर मकान है, उसमें 90 लाख का मालिकाना हक महिलाओं के नाम पर दिया गया है। सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए पीएम मोदी के विजन को आगे बढाने का कार्य कर रही है।

## विधिक साक्षरता एंव जागरूता कार्यक्रम आयोजित



**मेरठ,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा महिलाओं का यौन उत्पीड़न विषय पर विधिक साक्षरता एंव जागरूता कार्यक्रम का आयोजन राजकीय महिला शरणालय में किया गया। उक्त विधिक साक्षरता शिविर में उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को हरीराम, अपर जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा रीमा राठी, सहायक अधीक्षिका, राजकीय महिला शरणालय, मेरठ द्वारा सम्बोधित किया गया। वक्ताओं द्वारा उपर्युक्त विषय पर कानूनी रूप से जानकारी दी गई तथा शासन द्वारा संचालित योजनाओं पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया।

## मंडलायुक्त ने किया कलेक्ट्रेट का निरीक्षण, जाना हाल


**मेरठ,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। आयुक्त सेल्वा कुमारी जे. ने बुधवार को कलेक्ट्रेट का निरीक्षण किया। वहां आगमन पर उन्हें गार्ड आफ ऑनर दिया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री कमांड एवं कंट्रोल सेंटर का उद्घाटन किया। आयुक्त ने कहा कि पत्रावलियों में कोई भी आवेदन या कार्य लंबित न रखे। आयुक्त ने संयुक्त कार्यालय में विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने भविष्य निधि लेखा पुस्तिका, सेवा पुस्तिका, विभागीय कार्यवाही रजिस्टर, गार्ड फाईल, उपस्थिति पंजिका, जॉब चार्ट, दाखिल दफ्तर रजिस्टर को देखा और कहा कि रिकार्ड को अद्यतन रखा जाए। आयुक्त ने राजस्व अभिलेखागार कक्ष का निरीक्षण करते हुए वहां शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में नजूल व तालाब की भूमि के अभिलेखो का रैन्डमली अवलोकन किया। आयुक्त ने जिला संग्रह कार्यालय में राजस्व वसूली की समीक्षा, शासनादेश रजिस्टर, इन्सट्रक्शन नोट, आरसी मिलान का रजिस्टर आदि का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारी से आरसी वसूली की प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ई-गवर्नेन्स सेल का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी दीपक मीणा, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट गामिनी सिंगला, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त सूर्यकांत त्रिपाठी, अपर आयुक्त शमशाद हुसैन, नगर मजिस्ट्रेट अनिल कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



- पत्रावलियों में कोई भी आवेदन या कार्य न रखे लंबित : सेल्वा कुमारी जे.
- मुख्यमंत्री कमांड एवं कंट्रोल सेंटर का किया गया शुभारंभ

## सार संक्षेप

### योग साधकों ने की सरस्वती मां की वंदना



**मेरठ।** नित्य निशुल्क योगशाला योग विज्ञान विभाग द्वारा अपनी सामाजिक दायित्व को पूर्ण करते हुए आज योग साधकों द्वारा वसंत पंचमी का पर्व बधाई हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया जिसमें योग साधकों ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रजनन कर पुष्प अर्पित किए एवं सरस्वती वंदना के माध्यम से मां सरस्वती से ज्ञान और समृद्धि की कामना की कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि कुलअनुशासन प्रोफेसर वीरपाल ने योग शासको को विश्वविद्यालय की विशेषताओं से अवगत कराया और सभी से आग्रह किया कि आप जितने भी पूरे दिन में व्यक्तियों से मिलते हो उनसे बताएं कि चौधरी चरण विश्वविद्यालय नेक ए प्लस प्लस रैंकिंग प्राप्त है और विश्वविद्यालय में रिसर्च आदि के विशेष कार्य प्रदेश व देश में अपना उच्च स्थान रखने में समर्थ वन है और नित्य नई-नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी धर्मेंद्र कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर अमरपाल आर्य नरेंद्र चौहान सरिता अग्रवाल मिलन अग्रवाल मिलन अरविंद शर्मा शैलेश त्यागी कृष्ण कुमार लोकेंद्र शिवानंद शोभा चौहान मंजू वशिष्ठ हरिकिशन विशिष्ट मधुलिका शर्मा दीपा शर्मा आदि मौजूद रहे।

### ऑपरेशन में देरी पर 112 पर शिकायत, पहुंची पुलिस

**मेरठ।** लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज में ऑपरेशन में देरी होने पर मरीज ने पुलिस को बुला लिया। मरीज ने पहले डॉक्टरों से जल्दी ऑपरेशन करने को कहा। लेकिन जब उसे लगा कि डॉक्टर सुनवाई नहीं कर रहे। ऑपरेशन में लेटलतीफी बरती जा रही है, तो मरीज ने फौरन 112 डॉयल कर दिया। पुलिस को अस्पताल में बुला लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मरीज को समझाकर वार्ड में अंदर भेजा। मामला शांत किया। जबकि डॉक्टरों का कहना है कि मरीज कि हार्ट की तीन नस ब्लॉक हैं और उसको बाईपास सर्जरी के लिए कहा गया है जो मेडिकल में नहीं होगी लेकिन मरीज मानने को तैयार नहीं है।

### पुलिस ने किया किसान नेताओं को नजरबंद

**मवाना।** बहसूमा क्षेत्र में पुलिस ने गाजीपुर बॉर्डर पर धरना-प्रदर्शन के मद्देनजर यूनियन के किसान नेताओं को घरों में नजरबंद कर दिया है ताकि वह समर्थकों के साथ दिल्ली में किसानों के प्रदर्शन में शामिल न हो सके। मंगलवार रात से मौडखुर्द गांव में दो किसान नेताओं के मकानों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। गांव मौड खुर्द व सदरपुर के रहने वाले भारतीय किसान यूनियन तोमर के प्रधान इंतजार देशवाल, भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष सनी चौधरी व सपा के अनूसूचित मोर्चा के प्रदेश सचिव सुदेश पाल गांव मौडखुर्द व सदरपुर के रहने वाले हैं। पुलिस को भनक लगी कि संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में गाजीपुर बॉर्डर पर होने वाले प्रदर्शन में शामिल होंगे।

## बंसत पंचमी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन




**मवाना,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। मवाना इंटरनेशनल एकाडेमी में बसंत पंचमी के अवसर पर बालक-बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समाजसेवा तथा साहित्य के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले 36 महानुभावों को संस्था द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ संस्था के अध्यक्ष विकास रस्तौगी, सचिव डा. असलम एडवोकेट, प्रधानाचार्य राधिका रस्तौगी एवं सलाहाकार एसडी शर्मा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अपर्ति करके किया। उसके उपरांत स्कूल के विधार्थीयों ने मां शारदे की वंदना की तथा बसंत पंचमी से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नाटय नाटिका प्रस्तुत करकें मौजूद दर्शकों का मन मोह लिया।

# स्वामी प्रसाद मौर्य का इस्तीफा मंजूर न करने को अखिलेश पर दबाव

■ रतिभान त्रिपाठी



**लखनऊ,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बनाए गए विवादित नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के पद से इस्तीफे की राजनीति अब नया रंग ले रही है। पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता जो स्वामी प्रसाद मौर्य के इस्तीफे से अंदर ही अंदर खुश हैं और कुछ ने तो सोशल मीडिया पर अपनी खुशी सार्वजनिक भी कर दी है। वहीं वरिष्ठ नेता राम गोविंद चौधरी ने पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को चिट्ठी लिखकर मौर्य का इस्तीफा मंजूर नहीं करने का दबाव बनाया है। राम गोविंद चौधरी जो अखिलेश यादव सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे हैं और पिछली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे हैं, ने अखिलेश यादव को लिखी अपनी चिट्ठी में कहा है कि आप जानते हैं और आप के माध्यम से हम सभी जानते हैं कि डबल इंजन की सरकार का विश्वास संविधान सम्मत शासन में नहीं है। यह सरकार पिछड़े, अतिपिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और सवर्ण समाज के गरीबों का हक छीनकर अपने कुछ उद्यमी मित्रों और उनके हित को ही देश हित मानने वाले सामन्ती सोच के लोगों को लगातार देती जा रही है। इस डबल इंजन की सरकार की करतूतों की वजह से मँहगाई चरम पर है। बेरोजगारी सुरसा की तरह मुंह बाए खड़ी है। डबल इंजन की यह सरकार इसी को राम राज बता रही है।

■ **राम गोविंद चौधरी ने लिखी पार्टी अध्यक्ष को चिट्ठी**

चौधरी ने कहा है कि महंगाई और बेतहाशा बढ़ी बेरोजगारी से लोगों का ध्यान हटाने के लिए रोज रोज हिंदू-मुसलमान का पहाड़ा पढ़ रही है। नए-नए पाखंड का सहारा ले रही है। आपके नेतृत्व में समाजवादी पार्टी का हर कार्यकर्ता और और नेता साम्प्रदायिकता और पाखंड के इस जहर का असर कम करने के लिए संघर्ष कर रहा है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य भी भाजपा और राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ का मजबूती से प्रतिवाद कर रहे हैं। इसलिए वह भाजपा और संघ के निशाने पर हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य पिछड़े समाज से आते हैं। अपने जुझारू स्वभाव की वजह से इस समाज में उनका एक विशेष स्थान हैं। उनका पदाधिकारी बने रहना समाजवादी पार्टी के हित में है। इसलिए मेरा अग्रह है कि आप उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं करें। राम गोविंद चौधरी की चिट्ठी को लेकर भी कयासबाजी शुरू हो गई है कि यह स्वामी प्रसाद मौर्य का ही खेल है। स्वामी प्रसाद ने ही अपने करीबी लोगों के जरिए चौधरी से चिट्ठी लिखवाई है ताकि वह बने रहें। कुछ लोगों का यह भी कहना है कि मौर्य को अगर इस्तीफा ही देना है पार्टी छोड़नी चाहिए और विधान परिषद सदस्यता भी, जो समाजवादी पार्टी की कृपा से हासिल हुई है। बहरहाल, देखना होगा कि चौधरी की चिट्ठी का अखिलेश यादव पर कितना असर पड़ने वाला और इस्तीफे की यह राजनीति किस पहलू पर बैठती है।

## आयुक्त ने किया कृषि विवि का निरीक्षण

**मेरठ,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत आयुक्त सेल्वा कुमारी जे. द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्ववविद्यालय में विधानसभावार चिन्हित किए गए मतगणना हॉल, स्ट्रांग रूम तथा अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया व अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने संबंधित अधिकारी को समस्त मतगणना हॉल व स्ट्रांग रूम का संयुक्त साईट चार्ट बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी दीपक मीणा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार, अपर आयुक्त शमशाद हुसैन, एसडीएम सरधना पंकज प्रकाश राठौर सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बसंत पंचमी मनाई गई



**मवाना,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के अंतर्गत संचालित विद्यालय सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मवाना (मेरठ) बुधवार को ज्ञान की देवी मां सरस्वती जी का जन्मोत्सव एवम् वीर हकीकत राय का बलिदान दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन भैया बहनों के द्वारा कराया गया । इस अवसर पर कक्षा 7जी की बहनों ने एक गीत प्रस्तुत किया। आचार्य ब्रह्मसिंह ने वीर हकीकत राय के बारे में एवम आचार्या प्रियंका ने मां सरस्वती की उत्पत्ति-कैसे हुई इस बारे में बताकर भैयाध्बहनों का मार्गदर्शन किया। तत्पश्चात विद्यालय की प्रगति एवम बसंतपंचमी के पावन अवसर पर शांतिकुंज की बहनों द्वारा हवन कराया गया।हवन पश्चात पतंग एवम झालर बनाने की प्रतियोगिता भी कराई गई। अंत में प्रधानाचार्य अनिल कुमार एवम समस्त स्टॉफ ने सभी भैयाध्बहनों को बसन्त पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

■ **विद्यार्थियों ने किया रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत**

## हवन पूजन कर बसंत पंचमी का पर्व मनाया



**मेरठ।** बसंत पंचमी के दिन चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग में शिक्षकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों द्वारा ज्ञान की देवी मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा हवन पूजन कर बसंत उत्सव मनाया गया। जिस दौरान प्रोफेसर अनिल मलिक, प्रोफेसर वीरपाल सिंह, प्रोफेसर संजीव शर्मा, डॉक्टर योगेंद्र गौतम, डॉक्टर अनिल यादव ,डॉक्टर कविता शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे विश्वविद्यालय के ही विधि अध्ययन संस्थान में भी में विभाग अध्यक्ष डॉ.विवेक कुमार त्यागी के नेतृत्व में विभाग के शिक्षकों कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं द्वारा वसंत उत्सव के अवसर पर हवन पूजन किया गया इस दौरान विभाग के शिक्षक गण डॉ. कुसुमावती, डॉ. विकास, डॉ. अपेक्षा, डॉ. धनपाल ,डॉ. सुशील, डॉ. मीनाक्षी, अरशद, उपासना, अपूर्व मित्तल, सोहनवीर इत्यादि उपस्थित रहे।

# मवाना सिविल बार एसोसिएशन के चुनाव हुए संपन्न



**मवाना,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। मवाना सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर श्याम सिंह एडवोकेट एवं सचिव पद पर प्रमोद शर्मा निविरोध निर्वाचित घोषित किए गए। इस संबंध में मवाना तहसील के बार सभागार में चुनाव अधिकारी अब्दुल सत्तार रिजवी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मवाना सिविल बार एसोसिएशन के वाार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर श्याम सिंह एडवोकेट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मो. असलम एडवोकेट, उपाध्यक्ष पद पर समीर त्यागी, सचिव पद पर प्रमोद कुमार शर्मा, सह सचिव पद पर नटवर राणा, सामाजिक मंत्री पद पर दिव्य कुमार धनगस, पुस्तकालय पद पर पुनित कुमार सैनी, कोषाध्यक्ष पद पर वीरेन्द्र कुमार भडाना, वरिष्ठ सदस्य कार्यकारिणी पद पर मो. समी, साधना भडाना एवं मिनाक्षी एडवोकेट तथा कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर सूबेराम खारी, सौरभ कुमार काम्बोज, विपुल कुमार एवं आयुष कुमार भारद्वाज निविरोध निर्वाचित घोषित किये गये। उक्त सभी पदों पर किसी भी अन्य व्यक्ति द्वारा नामांकन दोखिल नहीं किया गया है।

- श्याम सिंह अध्यक्ष व प्रमोद शर्मा निविरोध बने सचिव
- बधाई देने वालों का लगा तांता

**आयोजन** *स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में बसन्तोत्सव आयोजित*

# राग रंग व उत्सव मनाने का संदेश देता है बसंत : जी.के.थपलियाल

**मवाना, 14 फरवरी (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के संगीत एवं मंच कला विभाग के द्वारा बसंतोत्सव 2024 का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद डॉ.लक्ष्मीकांत वाजपेयी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. मधु वाजपेयी ने शिरकत की। अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र एवं पौधे भेंट कर किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ विश्वविद्यालय की परम्परानुसार मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया गया।**

जिसमें विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना के माध्यम से स्वरांजली की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के.थपलियाल द्वारा की गई। उन्होंने सभी को बसंतोत्सव की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा बसंत हमें सकारात्मक ऊर्जा के साथ राग रंग और उत्सव मनाने का संदेश देता है। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद श्री लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने सभी को बसंतोत्सव की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बसंत ज्ञान, बुद्धि और कला की देवी मां सरस्वती को समर्पित है। इन्हीं प्रेरणा से



जीवन में उत्साह के साथ उन्नति हेतु आगे बढ़ना चाहिए। सुभारती विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने बसंतोत्सव की सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में प्रस्तति कु. वसुंधरा शर्मा एवं अंकित कुमार के कथक जुगलबंदी की हुई। जिसमें उन्होंने परम्परागत कथक नृत्य को प्रस्तुत किया। तीसरी प्रस्तुति आलिमा खघन की गजल की हुई। साथ ही उत्तर प्रदेश के ढेड़िया लोक नृत्य की हुई जिसे मंच कला विभाग की छात्राओं वसुंधरा शर्मा, रिया यादव, रिया आनंद, श्रृया अग्रवाल, श्वेता एवं खुशी मलहोत्रा द्वारा दी गई। अंतिम प्रस्तुति समूह गायन की हुई जिसे आलिया खांन, आलिमा खांन, शिवाली, राधा, अनिकेत, नचिकेत आदि छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। इन सभी कार्यक्रमों में तबले पर संगति फरदीन हुसैन ने एवं हारमोनियम पर मेहराज खान ने की। विभागाध्यक्ष डॉ. भावना ग्रोवर ने बताया कि इस वर्ष बसंतोत्सव के अवसर पर विभाग के द्वारा शारदा श्री सम्मान को प्रारम्भ किया गया। जो कला क्षेत्र के साधको को समर्पित होगा और प्रत्येक वर्ष बसन्तोत्सव के अवसर पर कला जगत के किन्हीं तीन सत्मभों को दिया जाएगा। इस वर्ष यह सम्मान शिवांगी महाविद्यालय की निदेशिका ऋचा शर्मा, अनूप सिंघल एवं वैष्णवी रंजना नैब को दिया गया। कार्यक्रम में सुभारती अस्पताल के चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ. कृष्णा मूर्ति, प्रतिकुलपति प्रो.अभय शंकरगौड़ा, विभागाध्यक्षा गृहविज्ञान प्रो. निष्मा सिंह, संकाय प्रमुख ललित कला प्रो. पिन्टू मिश्रा एवं विभागाध्यक्ष प्रो.भावना ग्रोवर मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्वेता चौधरी द्वारा किया गया।

**अंगवस्त्र एवं पौधे भेंट कर किया गया अतिथियों का स्वागत**

## लापता युवक की नाले में पड़ी लाश मिली


**मेरठ,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। परतापुर थाना क्षेत्र में 5 दिन लापता युवक नितिन की लाश मिली है। लाश नाले में पड़ी मिली है। नितिन 9 फरवरी से घर से गायब था। घरवाले लगातार उसे खोज रहे थे। लेकिन वो नहीं मिल रहा था। आज पूरे 5 दिन बाद उसकी लाश मिली है। राहगीरों ने नाले में शव उतराते देखा। इसके बाद पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने रस्सी से खींचकर लाश को नाले से निकाला। लाश की पहचान कर परिजनों को सूचना किया है। परतापुर थाना क्षेत्र के पंचवटी कालोनी के पास नाले में एक युवक का शव उतरा रहा था। राहगीरों ने नाले में शव देखा, फौरन थाना पुलिस को बताया।

# दुनिया रंग-बिरंगी

## शादी के बाद सीधे काम पर लौटेंगे रकुल प्रीत सिंह, जैकी भगनानी

मुंबई, 14 फरवरी (एजेंसियां)। अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी 21 फरवरी को शादी करने वाले हैं, बताया जा रहा है कि शादी के बंधन में बंधने के तुरंत बाद वह फिर से काम शुरू करेंगे। शादी कहां होगी, इसमें कौन शामिल होगा, इसको लेकर अभी कयास लगाए जा रहे हैं। अपनी शादी को लेकर उत्साह के बावजूद रकुल और जैकी ने अपने हनीमून की योजना में देरी करने का फैसला किया है, इसके बजाय उन्होंने सीधे काम पर जाने का विकल्प चुना है। रकुल को शादी का उत्सव शुरू होने से लगभग तीन दिन पहले काम करना है, और जैकी अपनी आगामी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' के प्री-प्रोडक्शन में जुटे हैं। रकुल ने शादी समारोह के एक सप्ताह के भीतर काम फिर से शुरू करने की योजना बनाई है, जबकि जैकी अपना समय अपनी फिल्म के लिए समर्पित कर रहे हैं।

# चिकनगुनिया के कारण हृदय और गुर्दे की बीमारी से मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है




**लंदन,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। द लैंसेट इंफेक्शियस डिजीज में प्रकाशित नए शोध में खुलासा हुआ है कि चिकनगुनिया वायरस (सीएचआईकेवी) से संक्रमित लोगों में संक्रमण के तीन महीने बाद तक हृदय और किडनी की जटिलताओं से मौत का खतरा बढ़ जाता है। चिकनगुनिया एक वायरल बीमारी है, जो मच्छरों से इंसानों में फैलती है। आमतौर पर, यह वायरस एडीज एजिप्टी और एडीज एल्बोपिक्टस मच्छरों से फैलता है, जिन्हें आमतौर पर येलो फीवर और टाइगर मच्छर के रूप में जाना जाता है।

लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन (एलएसएचटीएम) के शोधकर्ताओं सहित अध्ययन टीम ने 100 मिलियन ब्राजीलियाई समूह के डेटा का उपयोग करके लगभग 1 लाख 50 हजार दर्ज चिकनगुनिया संक्रमणों का विश्लेषण किया। निष्कर्षों से पता चलता है कि वायरस से संक्रमित लोगों में संक्रमण की अवधि समाप्त होने के बाद भी जटिलताओं का खतरा रहता है, जो आमतौर पर लक्षण शुरू होने के बाद 14 दिनों तक रहता है।

पहले सप्ताह में, संक्रमित व्यक्तियों के संपर्क में न आने वाले व्यक्तियों की तुलना में मौत की संभावना आठ गुना अधिक थी। संक्रमण के तीन महीने बाद जटिलताओं से मौत की संभावना अभी भी दोगुनी थी। टीम ने पाया कि इस्केमिक हृदय रोग और गुर्दे की बीमारियों जैसी हृदय संबंधी स्थितियों के कारण मरीजों में मृत्यु का खतरा बढ़ गया। जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण और मानव गतिशीलता में वृद्धि के कारण एडीज जनित बीमारियों की फ्रीक्वेंसी और स्थान में वृद्धि होने का अनुमान है। ऐसे में, चिकनगुनिया रोग को अब सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए बढ़ते खतरे के रूप में देखा जा रहा है। एलएसएचटीएम में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. एनी दा पैक्साओ क्रूज ने कहा, 'चिकनगुनिया संक्रमण बढ़ने की आशंका के साथ, यह महत्वपूर्ण है कि स्वास्थ्य सेवाएं उन जोखिमों पर विचार करें जो संक्रमण का तीव्र चरण समाप्त होने के बाद भी बने रहते हैं।' चिकनगुनिया नाम किमाकोंडे भाषा के एक शब्द से लिया गया है। इसके संक्रमण की चपेट में आए मरीज में गंभीर जोड़ों के दर्द और बुखार होता है। इस बीमारी से अधिकांश मरीज पूरी तरह ठीक हो जाते हैं। हालांकि, चिकनगुनिया रोग घातक साबित भी हो सकता है।

संक्रमण के बड़े पैमाने पर रिपोर्ट न होने के बावजूद 2023 में दुनिया भर में लगभग 5 लाख मामले और 400 से अधिक मौतें दर्ज की गईं थीं। वर्तमान में चिकनगुनिया को रोकने के लिए कोई दवाई या संक्रमण के बाद के विशिष्ट उपचार उपलब्ध नहीं हैं। हालांकि, दुनिया की पहली वैक्सीन को नवंबर 2023 में अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा मंजूर किया गया था। क्रूज़ ने कहा, 'चिकनगुनिया वायरस फैलाने वाले मच्छरों के प्रसार को नियंत्रित करने के उपायों को सुदृढ़ करना भी बीमारी से जुड़ी अतिरिक्त मृत्यु दर को कम करने के लिए आवश्यक है।'

# अमेरिका में हर नौ में से एक वयस्क हो चुका है लॉन्ग कोविड का शिकार: सीडीसी



**लॉस एंजिल्स,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के नए आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका में लगभग हर नौ वयस्कों में से एक, जिन्हें कोविड-19 हुआ था, उन्हें लक्षणों की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ लॉन्ग कोविड का सामना करना पड़ा है। लॉन्ग कोविड अनुसंधान प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए, अमेरिका के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआईएच) ने मंगलवार घोषणा की कि वह 'रिसर्चिंग कोविड टू एनहांस रिकवरी (रिकवर) इनिशिएटिव' में अगले चार साल में अतिरिक्त 51.5 करोड़ डॉलर का निवेश कर रहा है, जो लॉन्ग कोविड को पूरी तरह से समझने, निदान करने और इलाज करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अनुसंधान कार्यक्रम है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने एनआईएच का हवाला देते हुए बताया कि देश भर में 300 से ज्यादा क्लीनिकल रिसर्च साइटों के जरिए लगभग 90 हजार वयस्क और बच्चे रिकवर ऑब्जरवेशन स्टडी में भाग ले रहे हैं। एनआईएच ने कहा, प्रमुख लक्षण समूहों की पहचान सहित पुनर्प्राप्ति निष्कर्ष, क्लीनिकल रिसर्चर्स को अपने मरीजों में लॉन्ग कोविड की पहचान को व्यापक बनाने में मदद कर रहे हैं और अंततः लॉन्ग कोविड से पीड़ित सभी लोगों के लिए निदान, उपचार और देखभाल को सूचित करने में मदद कर रहे हैं।

# मीथेन ईंधन में समस्या के कारण नासा समर्थित कंपनी के चंद्रमा लैंडर की लॉन्चिंग टाली



**नई दिल्ली,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। नासा समर्थित निजी अमेरिकी कंपनी इंटुएटिव मशीन्स के मून लैंडर का लॉन्च मीथेन ईंधन की समस्या के कारण टल गया है। ह्यूस्टन स्थित इंट्यूएटिव आईएम-1 चंद्र लैंडर का प्रक्षेपण फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से फाल्कन 9 रॉकेट के साथ भारतीय समयानुसार 14 फरवरी सुबह 11.27 बजे निर्धारित था। नासा ने एक बयान में कहा, 'मीथेन लोड में जाने से पहले मीथेन के तापमान में गड़बड़ के कारण प्रक्षेपण स्थगित कर दिया गया है।' एजेंसी ने कहा, 'स्पेसएक्स और इंटुएटिव मशीन्स अब गुरुवार 15 फरवरी को सुबह सुबह 11.35 बजे (भारतीय समय के अनुसार) को लक्षित कर रही हैं।' लैंडर का लक्ष्य इंटुएटिव मशीन्स के रोबोटिक नोवा-सी लैंडर 'ओडीसियस' को पृथ्वी के चाँद पर भेजना है। ओडीसियस की सफलता इसे 22 फरवरी को चंद्रमा की सतह पर उतरने वाला पहला निजी अंतरिक्ष यान बना देगी। स्पेसएक्स ने एक्सडॉटकॉम पर एक अपडेट में लिखा, 'मिथेन लोड में कदम रखने से पहले मीथेन के तापमान में गड़बड़ी के कारण आज रात का प्रयास टालना पड़ रहा है।' आईएम-1 मिशन नासा की वाणिज्यिक चंद्र पेलोड सर्विसेज ('सीएलपीएस') पहल के हिस्से के रूप में चंद्रमा पर लैंडिंग का कंपनी का पहला प्रयास होगा, जो नासा के आर्टेमिस चंद्र अन्वेषण प्रयासों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। सीएलपीएस के हिस्से के रूप में चंद्रमा की सतह पर भेजे गए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पेलोड का उद्देश्य मानव मिशन और चंद्र सतह पर एक स्थायी मानव उपस्थिति की नींव रखना है। अमेरिका 50 साल बाद चंद्रमा पर कोई मिशन भेजने का प्रयास कर रहा है। दिसंबर 1972 में अपोलो 17 के बाद से अमेरिका ने चंद्रमा पर उतरने का प्रयास नहीं किया है। जनवरी में, नासा समर्थित एक अन्य कंपनी, एस्ट्रोबायोटिक टेक्नोलॉजी के चंद्र लैंडर को 'गंभीर' ईंधन हानि का सामना करना पड़ा और वह चंद्रमा तक नहीं पहुंच सका।

# इंडियन सरफेस फिनिशिंग प्रदर्शनी की इंडिया एक्सपोमार्ट में हुई शुरुआत

**ग्रेटर नोएडा,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। मैटल फिनिशर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने सरफेस फिनिशिंग पर तीन दिवसीय सम्मेलन एवं प्रदर्शनी का आयोजन इंडिया एक्सपोमार्ट में किया गया है। बुधवार को कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक और इंजीनियर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रोफेसर संगमू मून और विक्टोरा इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष एस.एस. बंगा ने किया। लगभग 150 प्रतिष्ठित कोम्पनियों ने अपने उत्पादों, सेवाओं और नई प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया। तकनीकी सम्मेलन में दुनिया भर के वक्ताओं द्वारा प्रस्तुत लगभग 43 शोध पत्र पर प्रकाश डाला गया है। सम्मेलन में प्रतिष्ठित संस्थानों, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और प्रतिष्ठित शैक्षणिक संगठनों के सभी शोधकर्ता और शिक्षाविद एकत्र हुए। सभी ने मिलकर सरफेस परिष्करण के विभिन्न क्षेत्रों में अपने अभूतपूर्व अनुसंधान का प्रदर्शन किया। सरफेस फिनिशिंग उद्योग में सबसे प्रतिष्ठित और प्रभावशाली कार्यक्रम के रूप में, यह तीन दिवसीय सम्मेलन सरफेस फिनिशिंग उद्योग के स्थापित मापदंडों को नए- नए विकल्प और प्रोत्साहन देगा, जिससे नवाचार और उन्नति के एक नए युग की शुरुआत होगी। एमएफएआई के अध्यक्ष सुनील गोयल के मुताबिक यह प्रदर्शनी सरफेस फिनिशिंगकम्युनिटी, अकादमिक एवं अनुसंधान समुदाय को कई अवसर प्रदान करेगी। माधव सिंह, मैनेजिंग ट्रस्टी, एमएफएआई के मुताबिक दुनिया भर में सरफेस फिनिशिंग का मार्केट साइज साल 2024 में 12.89 बिलियन डॉलर का है, एक अनुमान के मुताबिक यह 2024-30 के बीच 7.97 फीसदी दर से बढ़कर 2030 तक 22.05 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा।



# वेलेंटाइन डे पर अदा शर्मा ने एनिमल हॉस्पिटल से मिलाया हाथ



**मुंबई,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। एक्ट्रेस अदा शर्मा, जो एक एनिमल लवर हैं, अपने प्यारे दोस्तों के साथ वेलेंटाइन डे मनाएंगी, उन्होंने एक एनिमल हॉस्पिटल के साथ हाथ मिलाया है। अदा एनिमल हॉस्पिटल टीओएलएफए (ट्री ऑफ लाइफ फॉर एनिमल्स) के साथ मिलकर काम करेंगी। इस बारे में बात करते हुए अदा ने कहा, 'मैं इस प्रोजेक्ट को लेकर बहुत उत्साहित हूं। मुझे बहुत कुछ दिया गया है और मैं वापस देना चाहती हूं। मैं जानवरों के लिए बहुत कुछ करना चाहती हूं। 'यह हॉस्पिटल छोड़े गए बछड़ों, आवारा कुत्तों और बिल्लियों और घायल जानवरों की देखभाल करता है। मैं चाहता हूं कि लोगों को भारतीय कुत्तों को अपनाने, आवारा जानवरों को घर देने के बारे में शिक्षित किया जाए।' वर्कफ्रंट की बात करें तो, अदा, जिन्होंने 'द केरल स्टोरी' में अपने परफॉर्मेंस से सुर्खियां बटोरीं, अगली बार 'बस्तर: द नक्सल स्टोरी' में दिखाई देंगी, जहां वह एक बार फिर निर्माता विपुल अमृतलाल शाह और निर्देशक सुदीप्तो सेन के साथ जुड़ गई हैं। 'बस्तर: द नक्सल स्टोरी' 15 मार्च को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# जान्हवी ने इंस्टाग्राम पर बहन खुशी से लड़ाई के लिए माफी मांगी



**मुंबई,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। अभिनेत्री जान्हवी और खुशी कपूर ने अपने झगड़े को इंस्टाग्राम पर सुलझा लिया है। दोनों की सुलह इंस्टाग्राम के कमेंट बॉक्स में हुई जब खुशी ने मेकअप चेयर पर बैठे हुए अपनी कई तस्वीरें पोस्ट कीं। जान्हवी ने कमेंट सेक्शन में जाकर अपनी छोटी बहन से लड़ाई के लिए माफी मांगी। उन्?होंने लिखा, 'मुझे तुम्हारी याद आती है, मुझे खेद है कि मैंने तुमसे लड़ाई की, मैं तुमसे प्यार करती हूं।' इस पर खुशी ने जवाब दिया, 'मिस यू लव यू, आई एम सॉरी।'

जान्हवी वर्तमान में जूनियर एनटीआर और सैफ अली खान अभिनीत अपनी पहली तेलुगु फिल्म कोराटाला शिवा की 'देवरा' में व्यस्त हैं। उनके पास राजकुमार राव के साथ 'मिस्टर एंड मिसेज माही' भी हैं। खुशी ने अभिनय की दुनिया में 'द आर्चीज' से कदम रखा। वह अगली बार इब्राहिम अली खान के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगी।

# प्रोद्योगिकी केन्द्रों से औद्योगिक विकास को मिलेगी नई गति: नरायण राणे

## केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने प्रौद्योगिकी केंद्र का किया उद्घाटन, कार्यक्रम में यूपी के मंत्री राकेश सचान रहे शामिल

**ग्रेटर नोएडा,**14 फरवरी (देशबन्धु)। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री नारायण राणे ने बुधवार को ग्रेटर नोएडा में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर एमएसएमई, खादी, ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा और कपड़ा मंत्री राकेश सचान भी उपस्थित रहेंगे। ग्रेटर नोएडा से ही आनलाइन के जरिये कानपुर, हिमाचल के बद्दी और मणिपुर के इम्फाल में नवनिर्मित प्रौद्योगिक केंद्र, करीम नगर (तेलंगाना) व भवानीपटना (ओडिशा) में एक्सटेंशन सेंटर और देहरादून व लद्दाख में विकास एवं सुविधा कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री नारायण राणे ने कहा कि उत्तर प्रदेश निवेशकों के लिए पहली पसंद बन गया है, लोग यहां पर निवेश करना चाहते हैं। इस दौरान एक एक्सिस बैंक से साथ समझौता किया गया जो वेब पोर्टल व एप्प बनाकर सारी सुविधाएँ उपलब्ध करायी जाएंगी। एमएसएमई सेक्टर सर्वोत्तम प्रभाव को अपनाने के लिए सरकार ने विश्व बैंक की सहायता से प्रोग्राम शुरु किया है। हमारी सरकार केवल घोषणाएं ही नहीं करती अमल भी करती है। सरकार ने बीस नए प्रोद्योगिकी केन्द्र की मंजूरी दी है। आज की यह शुरुआत औद्योगिक विकास को एक नयी गति देगी। हर साल कानपुर व ग्रेटर नोएडा दोनों केद्रों पर ग्यारह हजार को प्रोफेशनल ट्रेनिंग दी जाएगी। मंत्री राकेश सचान ने कहा कि ओडीओपी योजना बहुत महत्वाकांक्षी योजना उत्तर प्रदेश सरकार की है, हजारों लोगों को रोजगार मिला, छोटे-छोटे उत्पात की पूरे प्रदेश ही देश में पहचान मिली है। प्रधानमंत्री के लिए उसके लिए बधाई देता हूं। विश्वकर्मा सम्मान योजना पचहत्तर हजार परंपरागत कारीगर को प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा गया। ग्रेटर नोएडा में शुरू होने वाले ईएसडीएम सेंटर प्रदेश का पहला सेंटर है जहां पावर इलेक्ट्रानिक्स, सोलर पीवी, इलेक्ट्रानिक्स उद्योग और इलेक्ट्रानिक्स उपकरण आदि में कुशल कर्मचारियों को प्रशक्षित करेंगे। एक ही छत के नीचे अत्याधुनिक इनक्यूबेशन और कैलिब्रेशन सुविधाओं में प्रिंटेड सर्किट बोर्ड (पीसीबी) निर्माण-प्री फार्मिंग मशीन, वेव सोल्डरिंग मशीन, एसएमटी पिक एंड प्लेस मशीन, 3डी सोल्डर पेस्ट इंस्पेक्शन मशीन, रीफ्लो मशीन, 3डी प्रिंटिंग जैसी अत्याधुनिक मशीन प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगी। ग्रेटर नोएडा सेंटर में इलेक्ट्रानिक्स क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा कुशल कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। यहां पीजी डिप्लोमा से लेकर शार्ट टर्म कोर्स कराए जाएंगे। 10वीं कक्षा से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुके छात्र आवेदन कर सकेंगे।



# 12 मई को पूरे विधि विधान के साथ खोले जाएंगे बदरीनाथ धाम के कपाट




**देहरादून,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। बसंत पंचमी के दिन बुधवार को भू बैकुंठ में विराजमान भगवान विष्णु के धाम बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय हो गई है। बसंत पंचमी के दिन नरेंद्र नगर स्थित राज दरबार मे करोड़ों हिंदुओं की आस्था और श्रद्धा के प्रतीक भगवान बद्रीनाथ धाम के कपाट 12 मई को सुबह 6 बजे ब्रह्म मुहूर्त में खोले जाएंगे। राजपुरोहितों ने टिहरी नरेश महाराजा मनुज्येंद्र शाह की कुंडली देखकर धाम के कपाट खुलने की तिथि घोषित की। सदियों से चली आ रही परंपरा के अनुसार, राजमहल में पंचांग गणना के बाद बराज पुरोहितों ने कपाट खुलने का मुहूर्त निकाला। मुहूर्त पूर्व टिहरी नरेश महाराजा मनुज्येंद्र शाह की कुंडली के आधार पर तय होता है। नरेंद्रनगर राजमहल में आचार्य कृष्ण प्रसाद उनियाल ने वैदिक मंत्रोच्चारण और विधि-विधान के साथ गणेश पूजन, पंचांग पूजन और चैकी पूजन के बाद महाराजा का वर्षफल और ग्रह नक्षत्रों की दशा देखकर भगवान कपाट खोलने की तिथि घोषित की। इसके साथ ही भगवान बद्रीनाथ के अभिषेक में इस्तेमाल होने वाले तिल के तेल को पिरोने की गाढुघड़ा रस्म 25 अप्रैल को राजमहल में होगी। मुहूर्त निकले जाने के अवसर पर राज परिवार के सदस्यों के साथ ही बदरीकेदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अक्षय और टाइगर ने वेलेंटाइन डे पर 'रोमांस की जगह ब्रोमांस' को चुना



**मुंबई,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने बुधवार को वेलेंटाइन डे पर 'रोमांस की जगह ब्रोमांस' को चुना। अक्षय ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की। एक तस्वीर में दोनों ने हाथ पकड़ा हुआ है। दूसरी तस्वीर में अक्षय और टाइगर स्टंट करते नजर आ रहे हैं। तस्वीर के कैप्शन में अक्षय ने लिखा, 'इस वेलेंटाइन डे पर रोमांस की जगह ब्रोमांस।' टाइगर और अक्षय अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित एक्शन-थ्रिलर 'बड़े मियां छोटे मियां' में स्क्रीन स्पेस शेयर करते नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण पूजा एंटरटेनमेंट और एएजेड फिल्म्स के बैनर तले जफर, जैकी भगनानी, वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख और हिमांशु किशन मेहरा द्वारा किया गया है। फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन, सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर, अलाया एफ. और रोनित बोस रॉय हैं। फिल्म की शूटिंग मुंबई, स्कॉटलैंड, लंदन, ल्यूटन, अबू धाबी और जॉर्डन जैसे स्थानों में की गई है। कहा जा रहा है कि यह ईद पर रिलीज होगी।

## वेलेंटाइन डे पर अभिनेत्री जीनत अमान ने डेटिंग करने वाले युवाओं को दी सलाह



*मुंबई। 'इंस्टाग्राम की रानी' के नाम से मशहूर बॉलीवुड स्टार जीनत अमान ने वेलेंटाइन डे पर डेटिंग करने वाले युवाओं के लिए कुछ टिप्स शेयर किए हैं। एक्ट्रेस ने अपना रिलेशनशिप स्टेटस भी शेयर किया और बताया कि वह खुद को डेट कर रही हैं। 'डॉन' अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर की। साथ ही कैप्शन में एक लंबा नोट लिखा। जीनत ने लिखा, 'मेरे जैसा एक अकेला पक्षी प्यार के बारे में क्या जान सकता है, सच कहा जाए तो मैं यह तय नहीं कर पा रही हूं कि आपने मुझसे यह कैप्शन लिखने के लिए कहा, यह शानदार है या यह सिर्फ मूर्खतापूर्ण है। मैं इसे एक साधारण विचार से तर्कसंगत बनाऊंगी कि विफलता सफलता से कहीं बेहतर शिक्षक है। इसलिए मैं शायद एक या दो सलाह शेयर करने के लिए अच्छी स्थिति में हूं।' अभिनेत्री ने साझा किया कि रिश्ते के पहले कुछ महीने हमेशा तनावपूर्ण होते हैं। जीनत ने आगे कहा, यह आमतौर पर मोह और वासना की चाल है, इसे प्यार समझने की भूल न करें। यदि आपका परिवार जाति, वर्ग, धर्म, लिंग या ऐसे किसी अन्य विभाजनकारी मुद्दे के कारण आपके रिश्ते का विरोध करता है, तो उन्हें चुनौती दें। लेकिन अगर वे गहरे कारणों से आपके साथी को नापसंद करते हैं तो उनकी बात सुनें।*

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एसबीआई | 4.24 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.36 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 2.32 प्रतिशत |
| मारूति | 2.18 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.86 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टेल महेंद्रा | 2.75 प्रतिशत |
| सनफार्म | 1.29 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.16 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.10 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.72 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में घटबढ़ के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



## भारत के 16वें वित्त आयोग की हुई पहली बैठक, व्यापक परामर्श की जरूरत को किया स्वीकार

**नई दिल्ली,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि 16वें वित्त आयोग ने अपने संदर्भ की शर्तों और अन्य मामलों पर चर्चा करने के लिए बुधवार को अपनी पहली बैठक की।

बयान में कहा गया है कि आयोग ने राज्य सरकारों, स्थानीय निकायों, केंद्रीय मंत्रालयों और विशेषज्ञों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श की जरूरत को स्वीकार किया।

बयान में कहा गया है कि यह माना गया है कि यह विस्तृत विश ?लेषणात्मक कार्य करेगा और इसमें प्रमुख अनुसंधान संगठनों, थिंक टैंक और राजकोषीय संघीय संबंधों के क्षेत्र में काम करने वाले अन्य संगठनों सहित सभी विशेषज्ञता को शामिल करने की जरूरत होगी।

केंद्र और राज ?य सरकारों के बीच वित्तीय संबंधों और कर बंटवारे के फार्मूले को परिभाषित करने के लिए राष्ट्रपति द्वारा गठित आयोग केंद्र से राज्यों को करों के हस्तांतरण की मात्रा पर निर्णय लेगा। आयोग नई दिल्ली में जनपथ पर जवाहर व्यापार भवन में अपना कार्यालय स्थापित करेगा।

यह 31 अक्टूबर 2025 तक अपनी सिफारिशें उपलब्ध कराएगा, जिसमें 1 अप्रैल 2026 से शुरू होने वाली पांच साल की पुरस्कार अवधि शामिल होगी।




अर्थशास्त्री अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता वाले वित्त आयोग को 2026-27 से शुरू होने वाले पांच वर्षों के लिए राज्यों को केंद्र के कर राजस्व के वितरण के लिए फॉर्मूला तैयार करने का काम सौंपा गया है। यह सुनिश्चित करने की भी अपेक्षा की जाती है कि राज्यों के पास राज्य वित्त आयोगों की सलाह के अनुसार स्थानीय निकायों के वित्तपोषण के लिए कुशल प्रणालियाँ और उपाय हों।

पूर्व व्यय सचिव और 15वें वित्त आयोग के सदस्य ए.एन. झा, व्यय विभाग के पूर्व विशेष सचिव एनी जॉर्ज मैथ्यू और अर्थ ग्लोबल के कार्यकारी निदेशक निरंजन राजाध्यक्ष को वित्त आयोग के पूर्णकालिक सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है, जबकि एसबीआई के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष अंशकालिक सदस्य हैं।

## जनवरी में थोक महंगाई घटकर 0.27 प्रतिशत हुई


**नई दिल्ली,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित देश की मुद्रास्फीति (थोक महँगाई दर) जनवरी में घटकर 0.27 प्रतिशत रह गई, जो दिसंबर में 0.73 प्रतिशत थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, विनिर्मित वस्तुओं के साथ-साथ ईंधन और बिजली की कीमतों में एक साल पहले की तुलना में गिरावट आई, जिसके परिणामस्वरूप मुद्रास्फीति दर धीमी हो गई। हालाँकि, जनवरी में खाद्य कीमतों में वृद्धि देखी गई जिसके कारण थोक मूल्य सूचकांक सकारात्मक क्षेत्र में रहा।

जनवरी 2024 में विनिर्माण समूह का सूचकांक (-0.21 प्रतिशत) गिरकर 139.8 रह गया। यह दिसंबर 2023 में 140.1 पर था।

विनिर्मित उत्पादों के लिए 22 एनआईसी दो-अंकीय समूहों में से नौ में कीमतों में वृद्धि देखी गई, 12 समूहों में गिरावट रही जबकि एक समूह स्थिर रहा। कुछ महत्वपूर्ण समूह जिनकी कीमतों में माह-दर-माह वृद्धि देखी गई, वे हैं - मशीनरी और उपकरण; कपड़ा; पेय पदार्थ; मोटर वाहन, ट्रेलर और अर्ध-ट्रेलर; रबर और प्लास्टिक उत्पाद, आदि।

दिसंबर 2023 की तुलना में जनवरी 2024 में जिन समूहों की कीमतों में कमी देखी गई उनमें से कुछ हैं - खाद्य उत्पाद; मूल धातुएँ; अन्य विनिर्माण; रसायन और रासायनिक उत्पाद; अन्य गैर-धातु खनिज उत्पाद आदि।




आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2024 में खाद्य सामग्री की महंगाई दर 6.85 प्रतिशत रही जो दिसंबर 2023 में 9.38 प्रतिशत थी। इनमें सब्जियों की महंगाई दर 19.71 प्रतिशत रही, जो दिसंबर 2023 में 26.3 प्रतिशत रही थी। आलू की महंगाई नकारात्मक दायरे में रही। फल, अंडे, दूध, मछली और दूध की कीमतों में गिरावट आई है ईंधन और बिजली क्षेत्र में जनवरी में मुद्रास्फीति शून्य से नीचे 0.51 प्रतिशत रही, जबकि दिसंबर 2023 में यह शून्य से नीचे 2.41 प्रतिशत थी। विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति शून्य से नीचे 1.13 प्रतिशत थी, जबकि दिसंबर 2023 में यह शून्य से नीचे 0.71 प्रतिशत थी।

## सीएससी और ओएनडीसी ने मिलाया हाथ

**नई दिल्ली,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के तहत कॉमन सर्विस सेंटर्स (सीएससी) ने पूरे भारत में ग्रामीण नागरिकों तक ई-कॉमर्स एक्सेस को सक्षम करने के लिए ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) के साथ हाथ मिलाया है। यह पहल एक खरीदार एप्लिकेशन के रूप में ओएनडीसी नेटवर्क पर सीएससी के ई-ग्रामीण ऐप के एकीकरण को सक्षम करेगी, जिससे ग्रामीण भारत के नागरिकों को इसके व्यापक ई-कॉमर्स नेटवर्क का एक्सेस मिलेगा। सीएससी सेवाएं दो चरणों में ओएनडीसी नेटवर्क का हिस्सा बन जाएंगी। पहले चरण में, इसे खरीदार-पक्ष के प्लेटफॉर्म के रूप में शामिल किया जाएगा, जिससे सीएससी पर आने वाले नागरिकों को ई-ग्रामीण ऐप के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं के ऑर्डर करने की सहूलियत मिलेगी। पूरे भारत में 4 लाख से अधिक सीएससी पॉइंट्स के साथ, यह लाखों नए उपयोगकर्ताओं को उनके विश्वसनीय नज़दीकी सीएससी से ई-कॉमर्स को एक्सेस करने में सक्षम बनाएगा।

## एमएसएमई को 45 दिन के अंदर भुगतान पर वित्त मंत्री को कैट ने सौंपा ज्ञापन

**नई दिल्ली,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। आयकर क़ानून 43(बी)एच को लेकर दिल्ली सहित देश भर के व्यापारियों में उपजी चिंताओं को लेकर कनफ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ( कैट) ने आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन से आज मुलाक़ात की । कैट के महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने यहां जारी बयान में कहा कि नार्थ ब्लॉक स्थित वित्त मंत्रालय में यह मुलाकात हुयी और इस दौरान वित्त मंत्री को एक ज्ञापन भी सौंपा गया जिसमें कहा गया है कि देश का व्यापारी वर्ग सरकार के इस कदम का स्वागत करता है जो व्यापारियों के हित में है किंतु अभी देश भर में व्यापारियों को इसकी जानकारी न होने से इस क़ानून की पालना में परेशानियाँ आ रही है, इस दृष्टि से उन्होंने आग्रह किया कि इस क़ानून को एक वर्ष के लिए स्थगित किया जाये। श्रीमती सीतारमन ने इस पर व्यापारियों की चिंताओं को सुनते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बेहद संवेदनशील है और इस मामले पर पूर्ण रूप से विचार किया जाएगा। कैट ने अपने ज्ञापन में कहा है कि सरकार का यह निर्णय स्वागतयोग्य है क्योंकि आयकर क़ानून में इस धारा के जुड़ने से अब एमएसएमई सेक्टर को अपने द्वारा दिये गये माल का पेमेंट भुगतान अधिकतम 45 दिनों में मिल जाएगा जिससे व्यापारियों का पूँजी प्रवाह रुकेगा नहीं, किंतु अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यह क़ानून व्यापारियों पर लागू होगा अथवा नहीं वहीं जैसी क़ानून से जुड़े अन्य अनेक विषय हैं, जिनका स्पष्टीकरण आवश्यक है, ताकि क़ानून की पालना की जा सके। कैट ने आग्रह किया है कि जब तक इस क़ानून से संबंधित विषयों पर स्पष्टीकरण न आ जाए तथा देश भर में व्यापारियों को जैसी क़ानून के बारे में पर्याप्त जानकारी न मिल जाये, तब तक इस क़ानून को स्थगित रखा जाये। कैट ने सरकार से आग्रह किया है कि इस क़ानून को 1 अप्रैल, 2024 की बजाय 1 अप्रैल, 2025 से लागू किया जाये अर्थात् फ़िलहाल इस क़ानून को 1 वर्ष के लिए स्थगित किया जाये। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया ने कहा कि एमएसएमई सेक्टर के व्यापार में वित्तीय समस्याओं को देखते हुए केंद्र सरकार ने वर्ष 2023 के बजट में आय कर की धारा 43(बी) में संशोधन करते हुए धारा एच को जोड़ा था जिसका उद्देश्य एमएसएमई को समय पर अपने दिये हुए माल का भुगतान सुनिश्चित करना था जो की सरकार का एक बड़ा कदम है और लोगों को पेमेंट के मामले में काफ़ी सुविधा होगी। लेकिन एक लंबे समय तक इस क़ानून के विषय में लोगों को जानकारी न होने के कारण तथा कुछ स्तिथि स्पष्ट न होने की वजह से एक भ्रम की स्तिथि बनी हुई है।



### सार संक्षेप

## इंस्टाकार्ट 250 कर्मचारियों की करेगा छंटनी

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका स्थित ग्रॉसरी डिलीवरी कंपनी इंस्टाकार्ट ने पुनर्गठन योजना के तहत अपने वैश्विक कार्यबल के लगभग 7 प्रतिशत यानी 250 कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की घोषणा की है। यह घोषणा तब हुई जब कंपनी ने चौथी तिमाही की आय दर्ज की, जो लगभग अपेक्षाओं के अनुरूप थी। इंस्टाकार्ट ने यूएस सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) को एक फाइलिंग में कहा, %%पुनर्गठन योजना में लगभग 250 कर्मचारियों की कटौती शामिल है, जो 31 जनवरी, 2024 तक कंपनी के वैश्विक कार्यबल का लगभग 7 प्रतिशत है, इनमें से अधिकांश कटौती 31 मार्च, 2024 तक होने की उम्मीद है। कंपनी का अनुमान है कि पुनर्गठन योजना के संबंध में गैर-आवर्ती शुल्कों में लगभग 19 से 24 मिलियन डॉलर खर्च होंगे, जो मुख्य रूप से कर्मचारी ट्रांजीशन और सेवरेन्स पेमेंट्स और कर्मचारी लाभों के लिए कैश एक्सपेंडिचर से संबंधित हैं। इंस्टाकार्ट के अनुसार, छंटनी का उद्देश्य प्रबंधन और एक संगठनात्मक संरचना बनाना है, साथ ही रोकू, गूगल ऐड्स और अन्य पर विज्ञापन प्रयासों जैसे प्रमुख प्रोजेक्ट्स पर टीमों को केंद्रित करना है। मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) आशा शर्मा ने भी कंपनी को 1 मार्च, 2024 से अपने पद से इस्तीफा देने की सूचना दी। कंपनी की इस समय नए सीओओ को नियुक्त करने की कोई योजना नहीं है। इसकी वेबसाइट के अनुसार, इंस्टाकार्ट के खरीदार और ड्राइवर 85,000 से ज्यादा सुपरमार्केट और अन्य रिटेलर्स से 5,500 से ज्यादा शहरों में किराने का सामान पहुंचाते हैं। कोविड-19 के प्रकोप के दौरान बिजनेस में वृद्धि हुई, क्योंकि लोग सार्वजनिक स्थानों पर जाने से बचे।

## शराब बिक्री में नोएडा पूरे प्रदेश में नंबर वन, 10 महीने में बिकी 1,600 करोड़ की शराब

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश में नोएडा ने शराब बिक्री के मामले में सभी जिलों को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान प्राप्त किया है। 10 महीने के अंदर ही पूरे गौतम बुद्ध नगर में 1,600 करोड़ की शराब बिक्री हुई है। इसके लिए आबकारी आयुक्त ने आबकारी विभाग को प्रशस्ति पत्र भी दिया है। इस वित्तीय वर्ष में प्रदेश में राजस्व बढ़ाने में गौतम बुद्ध नगर पहले स्थान पर रहा। जिले में करीब 1,600 करोड़ रुपए की शराब बेची गई है। पिछले साल के मुकाबले इस साल 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस आंकड़े की वृद्धि से आबकारी आयुक्त ने गौतम बुद्ध नगर के आबकारी अधिकारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। गौतम बुद्ध नगर के जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि इस साल 2023-24 में 2,324 करोड़ रुपए का टारगेट दिया गया था। अभी 10 महीने में हमने करीब 1,600 करोड़ रुपए के राजस्व को प्राप्त कर लिया है। अगर पिछले साल के मुकाबले हम बात करें तो इस समय तक हम 25 प्रतिशत की वृद्धि कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि मार्च के अंत तक हम दिए गए टारगेट तक पहुंच जाएंगे। जिले में पिछले 10 माह में 1 करोड़ 78 लाख 16 हजार 53 लीटर देसी शराब बेची गई है, जिससे करीब 500 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। पिछले 10 माह में 1 करोड़ 5 लाख 82 हजार बोतल अंग्रेजी शराब बेची गई है।


## शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला जारी

**मुंबई** 14 फरवरी (एजेंसियां)। विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर तेल एवं गैस, ऊर्जा, यूटिलिटीज, धातु और पावर समेत सत्रह समूहों के 3.61 प्रतिशत तक चढ़ने से आज शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला जारी रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 267.64 अंक की छलांग लगाकर 71,822.83 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 96.80 अंक की तेजी के साथ 21,840.05 अंक हो गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.26 प्रतिशत उछलकर 39,255.92 अंक और स्मॉलकैप 1.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ 44,796.59 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3938 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2426 में तेजी जबकि 1425 में गिरावट रही वहीं 87 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 35 कंपनियों में लिवाली जबकि 15 में बिकवाली हुई।

बीएसई के 17 समूहों में लिवाली का जोर रहा। इससे तेल एवं गैस 3.61, ऊर्जा 3.02, कमोडिटीज 0.79, सीडी 1.03, एफएमसीजी 0.92, वित्तीय सेवाएं 0.79, इंडस्ट्रियल्स 1.20, दूरसंचार 1.59, यूटिलिटीज 1.63, ऑटो 1.34, बैंकिंग 1.18, कैपिटल गुड्स 1.06, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.49, धातु 1.97, पावर 1.81, रियल्टी 1.38 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.69 प्रतिशत मजबूत रहे।




अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.67, जर्मनी का डैक्स 0.07, हांगकांग का हैंगसेंग 0.84 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 1.28 प्रतिशत उछल गया जबकि जापान के निक्केई में 0.69 प्रतिशत की गिरावट रही।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 520 अंक की गिरावट लेकर 71,035.25 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 70,809.84 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं लिवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 71,938.59 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 71,555.19 अंक के मुकाबले 0.37 प्रतिशत मजबूत होकर 71,822.83 अंक हो गया।

इसी तरह निफ्टी 165 अंक लुढ़ककर 21,578.15 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,530.20 अंक के निचले जबकि 21,870.85 अंक के उच्चतम स्तर पर रह। अंत में पिछले सत्र के 21,743.25 अंक की तुलना में 0.45 प्रतिशत उछलकर 21,840.05 अंक पर रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में एसबीआई, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, नेस्ले इंडिया, एलटी, आईटीसी, टाइटन, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मा और भारती एयरटेल जबकि नुकसान उठाने वाली कंपनियों में एचसीएल टेक, अल्ट्रासिमको और टेक महिंद्रा शामिल रही।

## आदित्य बिरला फैशन एंड रिटेल लि. और डिजाइनर तरुण तहिलियानी के तस्वा ने एक्सक्लूसिव ब्राण्ड आउटलेट खोला

नोएडा 14 फरवरी (एजेंसियां)। आदित्य बिरला फैशन एण्ड रिटेल लिमिटेड और मशहूर डिजाइनर तरुण ताहिलियानी के भारतीय मेन्सवेयर ब्राण्ड तस्वा ने नोएडा के सेक्टर 18 में अपना नया स्टोर लॉन्च करने की घोषणा की है। नया स्टोर रणनीतिक तरीके से सेक्टर 18, नोएडा में स्थित है। यह शहर और आस-पास के इलाके में रहने वाले समझदार ग्राहकों को आकर्षित करेगा। यहाँ कंपनी के नये नजरिये वाले और सावधानी से तैयार किये गये वेडिंग एवं ओकेज़न वियर की एक बड़ी रेंज होगी। नोएडा में तस्वा का पहला स्टोर इस ब्राण्ड के सफर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह तरक्की पर जोर देता है और फैशन तथा लाइफस्टाइल के बेजोड़ उत्पाद देने के लिये प्रतिबद्ध है। ब्राण्ड का नया स्टोर सेक्टर 18 में स्थित है और 3702 वर्गफीट में फैला है। यहाँ कुर्ता, बंडी, शेरवानी, बंदगला, अचकन, चूड़ीदार, अलीगढ़ी की एक शानदार रेंज है। यहाँ साफा, ब्रोच, पॉकेट स्क्वायर, शॉल, स्टोल्स, मोजड़ी, आदि जैसी एसेसरीज भी हैं। स्टोर का भव्य वातावरण इस बेजोड़ कलेक्शन पर खूब फबता है। नये स्टोर की पेशकश पर अपने विचार रखते हुए, तस्वा के चीफ डिजाइन ऑफिसर तरुण तहिलियानी ने कहा, ''तस्वा लंबे वक्त से मेरा सपना था, जोकि आदित्य बिरला फैशन एण्ड रिटेल के जरिये संभव हुआ है। यह नाम ही किसी के सबसे बेहतरीन स्वरूप को व्यक्त करता है और हमने अपने ब्राण्ड को ऐसा बनाने में कड़ी मेहनत की है। काफी लंबे समय से मैं सुन रहा हूँ कि एथनिक वियर आरामदायक नहीं होता है और तस्वा इसी सोच को बदलने की कोशिश है। हमने ऐसे परिधानों को डिजाइन किया है, जो हमारे उपभोक्ता यानि भारतीय पुरुष को शानदार और अंतर्राष्ट्रीय स्तर देते हैं।''




## मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल महंगा

**नई दिल्ली,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल महंगा हो गया जबकि सरसों तेल के भाव गिर गए वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में फरवरी का पाम ऑयल वायदा 50 रिंगिट उबलकर 3980 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, फरवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.07 सेंट की गिरावट लेकर 47.23 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान सरसों तेल 72 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया जबकि मूंगफली तेल 183 रुपये, सोया रिफाइंड 146 रुपये और वनस्पति तेल 67 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, सूरजमुखी तेल और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।



**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में टिकाव रहा।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7250-7350, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 10200-10300, अरहर दाल 12500-12600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

## जमा में कमी के कारण घटा भारतीय बैंकों का विकास व लाभ अनुपात

**नई दिल्ली,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय बैंकों को ऊँची ब्याज दरों के बावजूद जमा में कमी के कारण विकास और लाभ अनुपात में मंदी का सामना करना पड़ रहा है।

पिछले साल अक्टूबर-से-दिसंबर तिमाही में अधिकांश प्रमुख बैंकों ने आय में वृद्धि दर्ज की, लेकिन सख्त तरलता और बढ़ती फंडिंग लागत के कारण शुद्ध ब्याज अनुपात (एनआईएम) में गिरावट आई। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, बड़े बैंकों में वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही में केवल पंजाब नेशनल बैंक का एनआईएम बढ़ा।

संपत्ति के हिसाब से देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने वेतन बिल में वृद्धि से संबंधित 71 अरब रुपये के खर्च को शामिल करने के बाद कम शुद्ध आय दर्ज की।




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को ऋणदाताओं की ग्राहक संपत्ति रखने वाले एआईएफ में निवेश करने से रोक दिया है। इस कदम का उद्देश्य ऋण वसूली को रोकना है। ऋणदाताओं को एक महीने के भीतर एआईएफ होल्डिंग्स का विनिवेश करना होगा या प्रावधानों को अलग रखना होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि उद्योग समूहों का अनुमान है कि यह निर्देश अरबों के बैंक निवेश को प्रभावित करेगा और संभावित रूप से विकास में बाधा डालेगा।

भारतीय बैंक जमा वृद्धि ऋण वृद्धि के मुकाबले कमजोर बनी हुई है। दिसंबर 2023 में जारी आरबीआई डेटा के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022-23 में ऋण उठाव 15 प्रतिशत बढ़ा जबकि जमा वृद्धि 11 फीसदी ही रही।

नोमुरा की 8 फरवरी की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बढ़ते अंतर ने ऋण और जमा के अनुपात को 10 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचा दिया है। इसके लिए आरबीआई द्वारा नीति को कड़ा करने के उपायों को आंशिक रूप से जिम्मेदार ठहराया गया है।

आरबीआई कर्मचारियों के 18 जनवरी के शोध पत्र के अनुसार, भारतीय खुदरा ऋण में वृद्धि जारी रहने की संभावना है। असुरक्षित ऋणों में तेजी से वृद्धि के बारे में केंद्रीय बैंक की चिंताओं के बावजूद बैंकों ने खुदरा ऋण में वृद्धि देखी है। ये 2023 में बैंक पोर्टफोलियो के 35 प्रतिशत तक पहुंच गए, जो 2007 में 25 प्रतिशत थे। प्रतिक्रिया स्वरूप, केंद्रीय बैंक ने नवंबर 2023 में असुरक्षित व्यक्तिगत ऋण पर जोखिम भार बढ़ा दिया।

# खेल जगत

## ओसाका ने मार्टिक को हराया, सुरेन्को ने जाबौर को अपसेट किया

**दोहा,** 14 फरवरी (एजेंसियां) नाओमी ओसाका ने क्रोएशिया की पेट्रा मार्टिक पर दूसरे दौर में 6-3, 7-6(9) से जीत दर्ज की और 23 महीनों में पहली बार डब्ल्यूटीए टूर इवेंट में लगातार जीत हासिल की। ओसाका ने आखिरी बार 2022 मियामी ओपन में डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट में दो मैच जीते थे, जहां वह अंततः इगा स्वीयाटेक से हारकर उपविजेता रही थी। लेकिन इस सप्ताह पहले राउंड में नंबर 15 सीड कैरोलिन गार्सिया को हराने के बाद पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 ने वर्ल्ड नंबर 67 मार्टिक को 1 घंटे 45 मिनट में हराकर एक और कदम आगे बढ़ाया। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन लगभग पूरे मैच के दौरान मार्टिक पर हावी रहीं- जिसके साथ वह आखिरी बार 10 साल पहले खेली थी। डब्ल्यूटीए की रिपोर्ट के अनुसार, लेकिन वह 6-3, 5-4 से जीत हासिल करने में विफल रही और आखिरकार, दूसरे सेट के टाईब्रेक में चार सेट प्वाइंट बचाकर सीधे सेटों में जीत हासिल की।



# भारत की निगाहें अब इंग्लैंड से तीसरा, टेस्ट भी जीत सीरीज में बढ़त लेने पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 14 फरवरी (देशबन्धु)। रोहित शर्मा की अगुआई में उतरने वाली भारतीय क्रिकेट टीम की निगाहें विशाखापट्टनम में इंग्लैंड से दूसरा टेस्ट जीत एक एक की बराबरी पाने के बाद अब राजकोट में बृहस्पतिवार से शुरू हो रहा तीसरा टेस्ट भी जीत सीरीज में 2-1 की बढ़त लेने पर लगी है। भारत को राजकोट टेस्ट में जीत के लिए सबसे बड़ी माथापच्ची बढ़िया एकादश चुनने की होगी। केएल राहुल के पूरी तरह फिट नहीं होने के चलते बाहर होने, श्रेयस अय्यर के चोट और विराट कोहली के निजी कारणों से पांच टेस्ट की सीरीज के बाकी आखिर के तीनों टेस्ट से भी बाहर होने से खासतौर पर अपने बल्लेबाजी संयोजन को लेकर जूझना पड़ेगा। भारत के लिए मौजूदा टेस्ट सीरीज में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (कुल 321 रन) एक दोहरे शतक और एक अर्द्धशतक सहित रन बनाने में सबसे आगे चल रहे हैं जबकि दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी में शतक जड़ने वाले शुभमन गिल (कुल 161 रन) दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। भारत को जीत के सिलसिले को आगे बढ़ाना है उसके यशस्वी व शुभमन जैसे युवा तुर्कों को बढ़िया बल्लेबाजी जारी रखनी होगी। भारत के बड़ा सवाल रहेगा कि वह कुलदीप यादव या अक्षर पटेल में से किसे एकादश में शामिल करे। भारत की चिंता अपने कप्तान रोहित शर्मा (कुल 90 रन) का दो टेस्ट की चार पारियों में एक अर्द्धशतक न जड़ पाना चिंता का सबब है। राजकोट की पिच के बल्लेबाज के लिए मुफीद और अच्छी होने की उम्मीद है। इस पिच पर मैच बढ़ने के साथ स्पिनरों को मदद मिल सकती है। चोट के चलते बाहर केएल राहुल और श्रेयस की जगह चौथे नंबर पर बाएं हाथ के देवदत्त पड्डीकल और सरफराज खान और में किसी एक को भारत के लिए अपने टेस्ट करियर करने का आगाज करने का मौका मिल सकता है। यह करीब करीब तय है कि भारत विशाखापट्टनम में दूसरे टेस्ट से अपने टेस्ट करियर का आगाज करने वाले रजत पाटीदार को राजकोट में तीसरे टेस्ट में भी मौका देगा ही।

■ भारत को बढ़िया एकादश को चुनने के लिए माथापच्ची करनी होगी
■ वुड इंग्लैंड के लिए तीसरे टेस्ट में बशीर की जगह एकादश में
■ केएल राहुल के पूरी तरह फिट नहीं होने के चलते बाहर
■ विराट कोहली पहले ही सीरीज से हो चुके हैं बाहर



इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट के लिए अपनी एकादश की घोषणा कर दी और ऑफ स्पिनर बशीर अहमद की तेज गेंदबाज मार्क वुड और अनुभवी जिमी एंडरसन को शामिल किया है। अब इंग्लैंड की टीम में बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टले, लेग स्पिनर रेहान अहमद के साथ बुजुर्ग ऑफ स्पिनर जो रूट है। राजकोट में दो टेस्ट मैच खेले गए हैं और 2016 में भारत और इंग्लैंड के बीच पहला बड़ा स्कोर वाला टेस्ट ड्रॉ रहा जबकि 2019 में भारत ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ खेले टेस्ट मैच में अपनी पहली पारी नौ विकेट पर 649 रन बनाकर घोषित की और पारी से जीत दर्ज की और तब कुलदीप यादव ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरी पारी में पांच विकेट चटका कर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। भारत के लिए हौसला बढ़ाने वाली बाल यह है कि उसके तुरुप के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (कुल 15 विकेट) पूरे रंग में हैं और अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने मौजूदा सीरीज में कुल नौ और बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा ने एक टेस्ट और अक्षर पटेल ने दो टेस्ट में पांच पाच विकेट और बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव ने चार विकेट चटकाए हैं। बेशक बाएं हाथ के टॉम हार्टले (कुल14 विकेट) और लेग स्पिनर रेहान अहमद (कुल आठ विकेट) इंग्लैंड के लिए विकेट लेने में पहले और दूसरे स्थान पर हैं जबकि एक टेस्ट खेलने वाले जिमी एंडरसन और दो टेस्ट खेलने वाले जो रूट ने पांच विकेट चटकाए हैं। बावजूद इसके भारत के बल्लेबाजों को इंग्लैंड के इतिहास के सबसे कामयाब तेज गेंदबाज जिमी एंडरसन और रफ्तार के सौदागर मार्क वुड से चौकस रहना होगा।

वहीं इंग्लैंड के लिए मौजूदा टेस्ट सबसे दोहरा शतक जड़ने वाले ऑली पॉप(कुल 243 रन), दो अर्द्धशतक जड़ने वाले सलामी बल्लेबाज जाक क्राली (200 रन) और एक अर्द्धशतक जड़ने वाले कप्तान बेन स्टोक्स (कुल 134 रन) रन बनाने में क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर चल रहे हैं जबकि सबसे अनुभवी बल्लेबाज जो रूट (कुल 52) का अर्द्धशतक तक के लिए जूझना चिंता का सबब है। रवींद्र जडेजा ने जिस तरह राजकोट पर नेटस पर बल्लेबाजी और गेंदबाजी की उससे उनका पहले टेस्ट के आखिर में जांघ में आई चोट के चलते बाहर होने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में लौटना लगभग तय है। जडेजा फिट हुए तो वह बहुत मुमकिन है तीसरे टेस्ट में राजकोट में पांचवें या छठे नंबर पर खेलते दिखें। दरअसल कप्तान रोहित शर्मा को छोड़ दे तो भारत यशस्वी, शुभमन , रजत पाटीदार, ध्रुव जुरैल के रूप में भारत का बल्लेबाज क्रम एकदम युवा है। भारत के भी इंग्लैंड के खिलाफ तीन स्पिनरों और दो तेज गेंदबाजों के साथ ही उतरने की उम्मीद है। ऐसे अपनी एकादश में चोट से बाहर से बाहर हुए श्रेयस अय्यर की जगह बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए बाएं हाथ के देवदत्त पड्डीकल को मौका देने की भी सोच सकता है।

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के विशाखापट्टनम में सीरीज के दूसरे टेस्ट की पहली पारी में जड़े दोहरे शतक, शुभमन गिल के दूसरी पारी में शतक और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह द्वारा दोनों पारियों में मिला कर चटकाए नौ विकेट जैसे वैयक्तिक प्रदर्शनों की बदौलत भारत ने इंग्लैंड की शुरू से ही दे दना दे दना की 'बेजबॉल' रणनीति को नाकाम कर विशाखापट्टनम मे दूसरा टेस्ट जीता था। चीफ कोच राहुल द्रविड़ ने भी इसी बात से सहमति जताते हुए ठीक ही कहा कि मेहमान इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की यह रोमांचक सीरीज जीतने के लिए भारतीय टीम को एक इकाई के रूप में राजकोट सहित बाकी तीनों टेस्ट में बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा।

इंग्लैंड की बल्लेबाजी में शुरू से ही दे दना दे दना करने की बेजबॉल शैली का भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपनी रिवर्स स्विंग और यॉर्कर से तथा बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव ने अपनी गुगली से बढ़िया जवाब दिया है। यदि बाएं हाथ के सदाबहार लेफ्ट आर्म स्पिर ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा फिट होते तो फिर बड़ा मुश्किल सवाल अक्षर पटेल और बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव में से किसी को चुनना होगा। अक्षर अपनी बेहतर बल्लेबाजी के कारण टीम को ज्यादा विकल्प देने के कारण और राजकोट के मैदान से बेहतर ढंग से वाकिफ होने के कारण एकादश में स्थान पाने के मजबूत दावेदार दिखाई देते हैं।जडेजा और अक्षर पटेल बराबर सीधे स्टंप को निशाना बना कर गेंदबाजी करते हैं और इसकी काट की इंग्लैंड के पहले टेस्ट की दूसरी पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले रन बनाने में सबसे आगे चल रहे ऑली पॉप (कुल 243 रन), दो अर्द्धशतक जड़ने वाले जैक क्राली(कुल 200 रन) और एक अर्द्धशतक जड़ने वाले कप्तान बेन स्टोक्स (कुल 134 रन), बेन डकेट (कुल 131 रन) ने स्वीप और रिवर्स स्वीप कर गेंद को बाउंड्री पार पहुंचा की रणनीति बना तलाशी। जैसे जैसे टेस्ट आगे बढ़ेगा इस पर गेंदबाजों और खासतौर पर स्पिनरों की भूमिका और अहम होती जाएगी और ऐसे में टॉस जीतना बेहद अहम होगा क्योंकि टॉस जीतने वाली टीम पहली बल्लेबाजी करना चाहेगी।

## अच्छी दिखवाई दे रही है राजकोट की पिच : स्टोक्स

अपना सौवां टेस्ट मैच खेलने जा रहे इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा, मैं जानता हूं हमें राजकोट में खेले अब बहुत वक्त हो गया लेकिन राजकोट की पिच मुझे अच्छी दिखाई देती है। मंगलवार को इंग्लिश पिच की तरह दिखाई दे रही थी और बुधवार को यह अलग दिखी। मुझे मंगलवार को यह लगा कि हमें इस पिच पर दो तेज गेंदबाजाजें के साथ उतरना चाहिए। टेस्ट मैच के आगे बढ़ने के साथ पिच पर उछाल कुछ असमान होने की संभावना है। इस गेंद के कुछ रिवर्स स्विंग होने की उम्मीद है और ऐसे में वुड के साथ एंडरसन की भूमिका खासी अहम हो सकती है।

## क्रिकेट के लिए अच्छा है बैज़बॉल : कुलदीप

**राजकोट,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव ने बुधवार को कहा कि बैज़बॉल क्रिकेट के लिए अच्छा है क्योंकि यह स्पिनरों के लिए चुनौती पेश करने के साथ ही उन्हें विकेट लेने में भी मदद करता है।

इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच की पूर्व संध्या पर कुलदीप ने कहा आम तौर पर जब आप टेस्ट खेलते हैं, तो आप इस बात की चिंता नहीं करते हैं कि बल्लेबाज आप पर हावी हो रहे हैं, आपका ध्यान केवल इस पर होता है कि आप उन्हें कैसे आउट करना चाहते हैं। लेकिन बैजबाल क्रिकेट को लेकर यहां नजरिया अलग है, वे आक्रामक मोड में होते हैं इसलिए आपको भी योजना बनानी होगी उन्हें कैसे काबू किया जाए।

उन्होंने कहा, जब वे शॉट खेलते हैं, तो आपके पास विकेट लेने के कई मौके होते हैं। यह दिलचस्प है। पिछला गेम बैज़बॉल के खिलाफ मेरा पहला अनुभव था, मैंने इसका भरपूर आनंद लिया, यह क्रिकेट के लिए अच्छा है। मैंने जो भी टेस्ट खेले हैं, मैंने अच्छा प्रदर्शन किया है।



■ बैजबाल के खिलाऊ खेलना का भरपूर आनंद ले रही है भारतीय टीम

कुलदीप ने कहा, मैं अपनी स्थिति को लेकर निश्चित नहीं हूं। अगर मुझे मौका मिलता है तो मैं बहुत खुश होऊंगा। मैं इस बारे में ज्यादा नहीं सोचता कि मैं खेल रहा हूं या नहीं। मैं बस अपने दिन का आनंद लेता हूं और कड़ी मेहनत करता रहता हूं। संयोजन एक ऐसी चीज है जो टीम गेम में मायने रखती है।

कुलदीप ने यह भी संकेत दिया कि पिच कैसी होने वाली है, यह बल्लेबाजी के लिए विकेट होगा। इसका मतलब यह नहीं है कि 700-800 रन बनेंगे। यह एक अच्छा विकेट होगा। यह रैंक टर्नर नहीं होगा, यह एक जीवंत विकेट होगा जो क्रिकेट के लिए अच्छा होगा।

उन्होंने कहा मुझे नहीं पता कि मुझे मौका मिलेगा या नहीं, लेकिन चाहे वह सपाट विकेट हो या रैंक टर्नर, मैं इसका आनंद लेता हूं। मुझे लगता है कि सिर्फ स्पिन गेंदबाजी ही नहीं बल्कि बल्लेबाजी भी महत्वपूर्ण है। तेज गेंदबाजी भी खेल में आती है। यह क्रिकेट के लिए अच्छा है। ऐसा नहीं है कि आप केवल रैंक टर्नर देखेंगे, लेकिन उम्मीद है कि आप इसे देखेंगे।

## भारत की पुरुष हॉकी टीम की कोशिश एफआईएच प्रो लीग में जीत का सिलसिला जारी रखने की

**नई दिल्ली,** 14 फरवरी (देशबन्धु)। ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम की कोशिश अब एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2023-24 के भुवनेश्वर चरण में तीसरे ऑस्ट्रेलिया को भी हरा अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने की है। भारत ने अपने पहले मैच में 4-1 को हराने के बाद दुनिया की नंबर एक पुरुष हॉकी टीम मौजूदा चैंपियन नीदरलैंड को निर्धारित समय में दो-दो की बराबरी के बाद शूटआउट में 4-2 से हराया था। वहीं ऑस्ट्रेलिया की टीम ने अब तक भुवनेश्वर में स्पेन को 4-3 से हराने के बाद आयरलैंड पर दूसरे मैच में 5-0 से एकतरफा जीत दर्ज की। इससे पहले जब दोनों टीम एफआईएच प्रो लीग में आखिरी बार राउरकेला में भिड़ीं थी तो भारत ने 5-3 ऑस्ट्रेलिया पर 5-4 से जीत दर्ज करने के बाद निर्धारित समय में 2-2 की बराबरी के बाद शूटआउट में उसके खिलाफ 4-3 से जीत दर्ज की थी।



■ चीफ कोच फुल्टन बोले, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच की चुनौती के लिए तैयार

भारत के चीफ हॉकी कोच क्रेग फुल्टन ने अपनी टीम के अब तक के प्रदर्शन की बाबत कहा, अब तक हमारी टीम का प्रदर्शन बढिया रहा है लेकिन अभी भी बहुत सुधार की गुंजाइश है। हम प्रो लीग के अपने मैचों का उपयोग अपनी इन्हीं खामियों को सुधारने के लिए कर रहे हैं। दुनिया की शीर्ष टीमों के खिलाफ लगातार खेलना हमेशा ही मुश्किल होता है पर हमें कुछ ब्रेक मिला और अब हमारा फोकस भुवनेश्वर चरण के अपने बाकी दो मैचों पर है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बृहस्पतिवार को हमारा मैच बेशक खासा संघर्षपूर्ण रहना वाला है। ऑस्ट्रेलिया की टीम भी अपने दोनों लगातार मैच जीतने के बाद बृहस्पतिवार को जब हमारे खिलाफ खेलने उतरेगी तो हमारा फोकस अपना प्रदर्शन बेहतर करने पर रहेगा। हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच की चुनौती और जीत की लय बनाए रखने को तैयार हैं।

## पटना पाइरेट्स ने तेलुगू टाइटंस को हराकर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया

**कोलकाता,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। यहां के नेताजी इंडोर स्टेडियम में मंगलवार को पटना पाइरेट्स ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के सीजन 10 के प्लेऑफ चरण के लिए क्वालीफाई करने वाली पांचवीं टीम बनने के लिए शानदार वापसी करते हुए तेलुगू टाइटंस पर 38-36 से जीत हासिल की। मंजीत ने आठ अंकों के साथ पटना पाइरेट्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया, जबकि तेलुगू टाइटंस के कप्तान पवन सहरावत का 16 अंकों का शानदार प्रदर्शन व्यर्थ चला गया। पटना पाइरेट्स सात मैचों की अजेय लय के साथ खेल में आने वाली इन-फॉर्म टीम थी, लेकिन तेलुगू टाइटंस ने उन्हें करारा झटका दिया। पवन ने आक्रमण शुरू कर दिया, उन्होंने लगातार दो मल्टी-प्वाइंट रेड लगाए और पटना पाइरेट्स के कुछ खराब बचाव के कारण तेलुगू टाइटंस ने चार मिनट के भीतर ऑल-आउट कर दिया। तेलुगू टाइटंस के पास 10-3 की अप्रत्याशित बढ़त थी, जो और बढ़ गई, क्योंकि पटना पाइरेट्स का डिफेंस क्लिक करने में विफल रहा। पवन ने हरे रंग की पोशाक में खिलाड़ियों के चारों ओर चक्कर लगाया और 15वें मिनट में अपना सुपर 10 पूरा किया, जिस समय स्कोरकार्ड तेलुगू टाइटंस के पक्ष में 20-12 था। हाफ के अंतिम पांच मिनट में पटना पाइरेट्स ने अपनी बढ़त बढ़ा ली, क्योंकि संदीप कुमार ने कुछ महत्वपूर्ण रेड की और पवन पर कृष्ण ढुल के मजबूत टैकल से तेलुगू टाइटंस सिर्फ 2 खिलाड़ियों पर सिमट गई। इसके बाद पटना पाइरेट्स के कप्तान सचिन ने मिलाद जब्बारी और परवेश भैंसवाल की रक्षात्मक जोड़ी को आसानी से हराकर ऑल आउट हासिल कर लिया और अपनी टीम के घाटे को 22-20 पर केवल 2 अंक तक कम कर दिया। 23वें मिनट में खेल में पहली बार पटना पाइरेट्स ने बढ़त ले ली और सचिन ने जल्द ही प्रतिद्वंद्वी को सिर्फ एक डिफेंडर तक सीमित कर दिया, लेकिन ओंकार पाटिल ने बेंच से उतरकर शानदार सुपर रेड छीनी और तेलुगू टाइटंस को ऑल के चंगुल से बचा लिया।


## भारत ने चीन को 3-2 से दी शिकस्त

**शाह आलम,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय महिला टीम ने बुधवार को ग्रुप चरण के मुकाबले में प्रबल दावेदार चीन को 3-2 से अपसेट कर छह साल बाद बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दो ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु, मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन अनमोल खरब और महिला युगल जोड़ी ट्रीसा-गायत्री ने टीम इंडिया को यह उल्लेखनीय जीत दर्ज करने में मदद की।

सिंधु को पहली बार प्रतिस्पर्धी बैडमिंटन में वापसी करते हुए देखा गया क्योंकि पिछले अक्टूबर में फ्रेंच ओपन में घुटने की चोट के कारण उन्हें बाहर होना पड़ा था।

सिंधु ने मुकाबले के पहले मैच में यू हान को 40 मिनट के भीतर सीधे गेम में 21-17,21-15 से हराकर जीत हासिल की। हालाँकि, चीनी टीम ने तेजी से स्कोर 1-1 से बराबर कर लिया क्योंकि युगल जोड़ी अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रैस्टो सीधे गेम में 19-21, 16-21 के स्कोर से हार गईं।

तीसरे मुकाबले में अश्मिता चालिहा को ज़ी यी वांग से 13-21, 15-21 के स्कोर के साथ सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। इससे चीन मुकाबले में जीत सुनिश्चित करने के लिए अनुकूल स्थिति में आ गया।




■ पीवी सिंधू ने शुरूआती मुकाबला जीतकर भारत को दिलाई थी बढ़त
■ चीन ने लगातार दो मुकाबले जीत कर अपनी स्थिति को बनाया था मजबूत
■ अंतिम दो मुकाबले जीतकर भारत ने जीता मुकाबला

हालाँकि, गायत्री गोपीचंद और जॉली ट्रीसा की गतिशील जोड़ी ने प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ पासा पलट दिया, उन्होंने यी जिंग ली और जू मिन लुओ के खिलाफ तीन गेमों में 10-21, 21-18, 21-17 से जीत हासिल की, जिससे मुकाबला 2-2 से बराबर हो गया।

फिर, जिम्मेदारी 16 वर्षीय अनमोल खरब पर थी, जो वू लुओ यू के खिलाफ तीन गेम की रोमांचक स्पर्धा में 22-20, 14-21, 21-18 के स्कोर के साथ विजयी हुई । यह कड़ा मुकाबला एक घंटे और 18 मिनट तक चला और अंततः भारत को सनसनीखेज जीत हासिल हुई।

बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप 2024 मूल्यवान रेस टू पेरिस 2024 रैंकिंग अंक प्रदान करेगी, जो आगामी ओलंपिक खेलों में प्रतिस्पर्धा करने के इच्छुक शटलरों के लिए महत्वपूर्ण होगी।

द्विवार्षिक महाद्वीपीय टीम चैंपियनशिप का 2024 संस्करण अप्रैल-मई में चीन के चेंगदू में होने वाले 2024 थॉमस और उबेर कप के लिए एशियाई क्वालीफायर के रूप में भी काम करेगा।

## वंदना, दीपिका व सलीमा के एक-एक गोल से भारत ने अमेरिका को 3-1 से हराया

**बेंगलुरु,** 14 फरवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बेथ मूनी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे सीजन से पहले गुजरात जाइंट्स की कप्तान के रूप में लौट आई हैं और भारतीय ऑलराउंडर स्नेह राणा उनकी डिप्टी होंगी। अडानी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी ने बुधवार को यह घोषणा की।

यह जोड़ी मुख्य कोच माइकल क्लिंगर, संरक्षक और सलाहकार मिताली राज और सहायक कोच नूशिन अल खादीर के साथ नेतृत्व समूह का हिस्सा होगी। मूनी को डब्ल्यूपीएल के उद्घाटन सत्र में गुजरात जायंट्स का कप्तान नियुक्त किया गया था। हालाँकि, चोट के कारण उन्हें पहले गेम के बाद टूर्नामेंट छोड़ना पड़ा।

मूनी ने कहा, मैं गुजरात जाइंट्स के साथ वापस आकर खुश हूं और मुझ पर टीम के भरोसे के लिए आभारी हूं। हमारे पास एक शानदार टीम है और मुझे विश्वास है कि हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे। यह अच्छा है कि डब्ल्यूपीएल बेंगलुरु और नई दिल्ली में खेला जाएगा, जो टूर्नामेंट में नए हैं। मूनी अंतरराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं। 2014, 2018, 2020 और 2023 में टी20 विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा होने के अलावा, वह 2022 वनडे विश्व कप और बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम में भी थीं।




2014 टी20 विश्व कप विजेता टीम में होने के बावजूद, उन्होंने जनवरी 2016 तक ऑस्ट्रेलिया के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण नहीं किया। दिसंबर 2017 में, उन्होंने आईसीसी टी20 प्लेयर ऑफ द ईयर और इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर दोनों पुरस्कार जीते।

उन्हें 2021 और 2022 में विजडन की विश्व की अग्रणी महिला क्रिकेटर नामित किया गया था। उनके 24 अर्धशतक टी20 क्रिकेट में किसी बल्लेबाज द्वारा दूसरे सर्वाधिक अर्धशतक हैं; वह खेल के सबसे छोटे प्रारूप में सबसे तेज 2,000 रन तक पहुंचने वाली महिला क्रिकेटर भी हैं।

ऑफ-ब्रेक गेंदबाज और दाएं हाथ की बल्लेबाज राणा भारत की शीर्ष क्रिकेटरों में से एक हैं। उन्होंने 2014 में श्रीलंका के खिलाफ और 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में अपना वनडे और टी20 डेब्यू किया। डब्ल्यूपीएल के सीज़न 1 में, मूनी की चोट के बाद उन्हें गुजरात जायंट्स का कप्तान बनाया गया, और 7 पारियों में 6 विकेट हासिल किए। राणा 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के लिए रजत पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा थीं।

संजय अडेसरा, सीबीओ, अडानी स्पोर्ट्सलाइन ने कहा, मूनी और राणा दिग्गज हैं, और अडानी स्पोर्ट्सलाइन में हम उन्हें टीम का नेतृत्व करते हुए देखकर खुश हैं। डब्ल्यूपीएल क्रिकेट इतिहास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, और हमें इसके साथ जुड़े होने पर गर्व है। हमारे पास खेल में कुछ बेहतरीन दिमाग हैं गौरव के एक सामान्य लक्ष्य की दिशा में काम कर रहे हैं, और मुझे यकीन है कि यह मैदान पर दिखाई देगा। गुजरात जायंट्स 25 फरवरी को मुंबई इंडियंस के खिलाफ बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

## सार संक्षेप

### 2024 आईपीएल भारत में मार्च के अंत से शुरू होगा : धूमल

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के चेयरमैन अरुण सिंह धूमल ने बुधवार को स्पष्ट कर दिया कि लीग का 2024 संस्करण भारत में मार्च के अंत से शुरू होगा और आम चुनावों की तारीखों की पुष्टि होने के बाद ही इसके कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। अरुण धूमल ने आईएएनएस को बताया, हम यह सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार, एजेंसियों के साथ काम करेंगे कि लीग भारत में हो। हम आम चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की प्रतीक्षा कर रहे हैं और फिर हम उसके अनुसार योजना बनाएंगे...जैसे कि कौन सा राज्य किस मैच की मेजबानी करेगा। चुनाव के समय इस तरह की योजना बनाई जाएगी। यह पूछे जाने पर कि क्या आईपीएल के लिए कोई संभावित तारीख साझा की जा सकती है, उन्होंने कहा, यह (आईपीएल) संभवतः मार्च के अंत से शुरू होगा और आम चुनाव अप्रैल में हैं, इसलिए हम सरकार की मदद से इस पर काम करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए दस टीमें प्रतिस्पर्धा कर रही हैं, उम्मीद है कि कुल 74 मैच खेले जाएंगे, जो संभवतः इसी अवधि के दौरान होने वाले भारत के आम चुनावों के कारण दो चरणों में होंगे। इससे पहले, कुछ रिपोर्टों में दावा किया गया था कि लोकसभा चुनाव के कारण आईपीएल 2024 भारत के बाहर होने की संभावना है।

### मोहम्मद नबी बने अव्वल वनडे ऑलराउंडर

**दुबई।** अफ़ग़ानिस्तान के ऑलराउंडर मोहम्मद नबी बुधवार को आईसीसी वनडे रैंकिंग में अव्वल ऑलराउंडर बन गए। उन्होंने शाकिब अल हसन को पछाड़ते हुए आईसीसी वनडे ऑलराउंडर रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त कर लिया। शाकिब पिछले पांच वर्षों से भी अधिक समय से इस स्थान पर काबिज़ थे। शाकिब ने पिछले साल एकदिवसीय विश्व कप के बाद से ही कोई वनडे मैच नहीं खेला है और वह आंख में समस्या के चलते श्रीलंका के ख़िलाफ़ आगामी वनडे श्रृंखला से भी बाहर हो गए हैं। हालांकि शाकिब बीपीएल में खेलते नज़र आए हैं। नबी ने श्रीलंका के ख़िलाफ़ वनडे सीरीज़ के पहले मैच में 136 रन की पारी खेलने के बाद पहला स्थान हासिल किया है। नबी ने उस मैच में विकेट भी लिया था, जिसके बाद वह वनडे में आईसीसी की गेंदबाज़ी रैंकिंग में एक स्थान की छलांग लगाकर सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। वनडे में दक्षिण अफ़्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज बतौर गेंदबाज़ पहले स्थान पर हैं। बल्लेबाज़ी में चरिथ असलंका ने पांच स्थान की छलांग लगाई है और वह अब 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। असलंका ने दूसरे वनडे में अफ़ग़ानिस्तान के ख़िलाफ़ 97 रन की पारी खेली थी जबकि पथुम निसंका भी 10 स्थान की छलांग लगाकर अब 18वें स्थान पर पहुंच गए हैं। निसंका ने पहले वनडे में अफ़ग़ानिस्तान के ख़िलाफ़ 210 रन की नाबाद पारी खेली थी।